

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 127 | शुक्रवार, 19 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्थ विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

संक्षिप्त समाचार

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कार्गो सेवा भी शुरू

नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बुधवार को कार्गो उड़ान सेवा भी शुरू हो गई। चेन्नई से आए पहले विमान को हवाई अड्डे पर सुबह वाटर कैनन से स्वागत किया गया। इसके लिए एफकॉम कंपनी के साथ समझौता किया गया है। यह मालवाहक (कार्गो) एयरलाइन है। यह विशेष माल परिवहन एवं आपूर्ति श्रृंखला सेवाएं प्रदान करने के लिए बोइंग 737-800 मालवाहक विमानों का उपयोग करती है। यह कंपनी ही हवाई अड्डे से कार्गो उड़ानों का संचालन करेगी।

माओवादी नेता 'पुष्पा' ने किया आत्मसमर्पण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम जिला स्थित बेलपहाड़ी में माओवादी आंदोलन से लंबे समय से जुड़ी नेता पुष्पा उर्फ शकुंतला उर्फ वर्षा ने बुधवार को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। वर्ष 2001 से माओवादी गतिविधियों से जुड़ी रहीं पुष्पा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में उन्हें नहीं लगता कि आंदोलन आगे अधिक दूर तक बढ़ पाएगा।

हेल्पलाइन नंबर 1930 को और मजबूत करेगी सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहाकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 की समीक्षा करते हुए इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हेल्पलाइन पर आने वाली किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए और हर पीड़ित को समय पर सहायता मिले।

मॉनसून की सुस्त चाल ने बढ़ाया बारिश का इंतजार

मुंबई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की तरफ से गुरुवार को जारी किए गए रिपोर्ट में बताया गया है कि बड़े पैमाने पर अनुकूल मौसमीय परिस्थितियों की कमी के कारण पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून का आगे बढ़ना रुका हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 8 जून को दक्षिण कोंकण और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र के आसपास के इलाकों में आगे बढ़ा था। हालांकि, इसके आगे बढ़ने में देरी हुई है। मौसम विभाग ने कहा कि मौजूदा मॉनसून प्रवाह में अरब सागर से आने वाली तेज हवाओं (सर्ज) की कमी है, जो आमतौर पर नमी लाने और व्यापक बारिश के लिए जिम्मेदार होती हैं, जिससे मॉनसून को आगे बढ़ने में मदद मिलती है। विभाग ने बताया कि मॉनसून के प्रवाह से जुड़ी निचले स्तर की दक्षिण-पश्चिमी हवाएं अरब सागर के ऊपर कमजोर पड़ गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप महाराष्ट्र के तटवर्ती और अंदरूनी इलाकों की ओर नमी का प्रवाह कम हो गया है।

मॉस्को पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन हमला

तेल रिफाइनरी में लगी आग

» यूक्रेन ने मॉस्को पर वर्षों का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया

» मॉस्को ऑयल रिफाइनरी और उपनगरों में आग लगने की घटनाएं सामने आईं

» शेरमेत्येवो हवाई अड्डे पर यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

हवाई अड्डा खाली कराया गया, पुतिन की आसियान शिखर बैठक से पहले बढ़ा तनाव



■ मॉस्को/नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच गुरुवार को यूक्रेन ने रूसी राजधानी मॉस्को पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक को अंजाम दिया। इस हमले के कारण राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर आग लग गई, जबकि रूस के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे शेरमेत्येवो को खाली कराना पड़ा। हमले ने उस समय रूस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी जब राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आसियान (अरएअठ) देशों के नेताओं के साथ महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले थे। हमले के बाद मॉस्को के शेरमेत्येवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा कारणों से यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। हवाई अड्डा प्रशासन ने कई उड़ानों पर अस्थायी प्रतिबंध भी लगाया। रूस के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर इस तरह की कार्रवाई ने हमले की गंभीरता को स्पष्ट कर दिया। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव के अनुसार, झूकोव्स्की जिले में एक ड्रोन आवासीय इमारत से टकरा गया।

वहीं ड्रोन के मलबे से राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। राहत और बचाव दलों को तुरंत घटनास्थलों पर भेजा गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि देशभर में रातभर के दौरान 500 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन को इंटरसेप्ट किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार यह मॉस्को पर कम से कम पिछले दो वर्षों का सबसे बड़ा ड्रोन हमला है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूक्रेन ने हाल के महीनों में रूस के भीतर रणनीतिक ठिकानों पर हमलों की संख्या बढ़ा दी है। विशेष रूप से तेल रिफाइनरियों और ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है, ताकि रूस की युद्ध क्षमता और आर्थिक संसाधनों को कमजोर किया जा सके। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मध्य रूस के कजान शहर में आसियान देशों के नेताओं की मेजबानी कर रहे हैं। थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, लाओस, मलेशिया और सिंगापुर के प्रधानमंत्रियों सहित कई शीर्ष नेता सम्मेलन में शामिल हुए हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यूक्रेन का यह हमला केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर रूस की स्थिरता और सुरक्षा व्यवस्था को प्रदर्शित करने की पुतिन की कोशिशों के बीच यह हमला मॉस्को की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। चार वर्ष से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कूटनीतिक कोशिशें अब तक सफल नहीं हो सकी हैं। हाल ही में फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता करने की अपील की थी। हालांकि पुतिन लगातार यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ प्रत्यक्ष वार्ता से इनकार करते रहे हैं। रूस का कहना है कि वह पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल करने के अपने सैन्य अभियान को जारी रखेगा।

180 ड्रोन मार गिराने का दावा

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने टेलीग्राम पर जानकारी देते हुए कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियां बड़े पैमाने पर हुए हमले को लगातार विफल करने में जुटी रहीं। उन्होंने दावा किया कि मॉस्को की ओर बढ़ रहे 180 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया। हालांकि कुछ ड्रोन राजधानी तक पहुंचने में सफल रहे और मॉस्को ऑयल रिफाइनरी (एमएनपीजेड) को निशाना बनाया।

यूरोप का सबसे घातक संघर्ष

फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप का सबसे घातक संघर्ष बन चुका है। इस युद्ध में अब तक लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और दोनों पक्षों के हजारों सैनिकों तथा नागरिकों की जान जा चुकी है। पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन के बड़े हिस्से लगातार लड़ाई और हवाई हमलों की चपेट में हैं। मॉस्को पर ताजा ड्रोन हमला इस बात का संकेत है कि संघर्ष अभी और लंबा तथा अधिक खतरनाक हो सकता है।

ईडी ने कांग्रेस नेता और कारोबारियों के ठिकानों पर मारा था छापा

डीएमएफ घोटाला, 1 करोड़ से ज्यादा मिला नकद

■ रायपुर

राज्य के बहुचर्चित जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) घोटाला में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने जांच के दौरान एक करोड़ से ज्यादा कैश जब्त किया है। यह कार्रवाई करीब 575 करोड़ के कथित डीएमएफ घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में हुई है।

मालूम हो कि मंगलवार को ईडी ने पांच जिलों में छापेमारी की थी। ईडी की टीम ने रायपुर, धमतरी, दुर्ग, कोरबा और अंबिकापुर जिले के नौ ठिकानों पर दबिश दी थी। इनमें चार आवासीय परिसर और पांच कारोबारियों के व्यापारिक ठिकाने शामिल थे। छापेमारी के दौरान सबसे ज्यादा पैसा कोरबा और धमतरी के ठिकानों से मिलने की चर्चा है। जांच के बाद ईडी के अधिकारी इसका ऑफिशियल खुलासा करेंगे। मंगलवार को हुई कार्रवाई को लेकर ईडी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

यहां हुई जांच

बताया जा रहा है कि ईडी ने कारोबारी प्रकाश सालुंके, किशोर एग्रो से जुड़े कारोबारी शाश्वत लुणावत, मानसून एग्रो के प्रमोटर और कांग्रेस नेता राकेश गुप्ता, कारोबारी दीपेश गांधी समेत कई लोगों से जुड़े परिसरों की जांच की थी। राकेश गुप्ता कृषि विभाग के बड़े सप्लायर हैं। वे सरगुजा से कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भी रहे हैं। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में राकेश गुप्ता के फर्म से की गई सप्लाई की भी जांच हुई। इस दौरान सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान भी तैनात रहे।

सौम्या-रानू पर हो चुकी कार्रवाई

ईडी और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने पूर्व कोरबा कलेक्टर रानू साहू, पूर्व उप सचिव सौम्या चौरसिया और कथित बिचौलिया सूर्यकांत तिवारी समेत कई लोगों के नाम जांच में शामिल किए हैं। मालूम हो कि साल 2024 और 2025 में भी ईडी ने प्रदेश में कई स्थानों पर कार्रवाई की थी। इन कार्रवाइयों में करोड़ों की संपत्तियां अटैच की गई थीं।

बैंक लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड मिले

बताया जा रहा है कि इस जांच के दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्य मिलने की जानकारी सामने आई है। एजेंसी अब इन दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की फॉरेंसिक जांच कर रही है। जांच अधिकारियों का उद्देश्य कथित घोटाले की रकम के पूरे नेटवर्क और उसके लाभार्थियों का पता लगाना है। बताया जा रहा है कि ईडी को डीएमएफ फंड में गड़बड़ी कर खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए जारी राशि को कथित तौर पर ठेकेदारों, सप्लायरों और बिचौलियों के माध्यम से डायवर्ट किया गया। जांच में सरकारी ठेकों और परियोजनाओं की मंजूरी के बदले 25 से 40 प्रतिशत तक कमीशन के आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है। जांच एजेंसी का कहना है कि सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है। संदिग्धों से पूछताछ और गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है।

इंयूटी पर रील बनाने वालों को सीएम योगी की चेतावनी

'इंयूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता': योगी

■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों को इंयूटी के दौरान सोशल मीडिया रील बनाने से सख्त परहेज करने की नसीहत दी है। उन्होंने इसे गंभीर अनुशासनहीनता करार देते हुए कहा कि वर्दीधारी कर्मियों का पहला दायित्व कानून-व्यवस्था बनाए रखना और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ऐसे में इंयूटी के समय सोशल मीडिया गतिविधियों में लिप्त होना पुलिस की गरिमा और जिम्मेदारी दोनों के विपरीत है।

बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 930 नवचयनित पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने नव नियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा को पुलिस सेवा का मूल मंत्र बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि कुछ पुलिसकर्मी इंयूटी के दौरान रील या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल सेवा नियमों के विरुद्ध है बल्कि पुलिस की पेशेवर छवि को भी प्रभावित करती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाले वाहक हैं। इसके लिए आत्मानुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। हर कार्य में गंभीरता और सतर्कता होनी चाहिए। इंयूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता है। किसी भी कर्मचारी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे वह उपहास का विषय बने। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना चाहिए और जनता के बीच एक आदर्श छवि प्रस्तुत करनी चाहिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने राज्य में फॉरेंसिक जांच सुविधाओं के विस्तार का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल चार फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं थीं, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 12 हो चुकी है।



तकनीक के बेहतर उपयोग पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने नवचयनित पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटरों से कहा कि वे आधुनिक तकनीक की अपनी समझ का उपयोग पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में करें। उन्होंने विश्वास जताया कि नई पीढ़ी के ये कर्मचारी साइबर सुरक्षा, डिजिटल जांच और तकनीकी सेवाओं के क्षेत्र में पुलिस विभाग को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

योगी ने कहा कि टीम भावना, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया गया कार्य हमेशा सकारात्मक परिणाम देता है। उन्होंने कर्मचारियों से ईमानदारी और सेवा भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।

शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसदों ने पार्टी छोड़ी, लोस अध्यक्ष से मिले

■ मुंबई

शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसदों ने बुधवार को पार्टी छोड़कर अलग गुट बना लिया है। यह सभी बागी सांसद 19 जून को शिवसेना के शिंदे समूह में शामिल होने वाले हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कार्यालय ने इन सभी छह बागी सांसदों को अलग गुट की मान्यता दे दी है। शिंदे समूह की राष्ट्रीय प्रवक्ता साईना एनसी ने बुधवार को बताया कि उनकी पार्टी का ऑपरेशन 'प्रगति' सफल हो गया है। बहुत जल्द यह सभी छह सांसद उनकी पार्टी में शामिल होंगे। शिवसेना यूबीटी के नौ सांसद वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में जीते थे। इनमें से धाराशिव से ओमराजे निंबालकर, परभणी से संजय जाधव, मुंबई उत्तर-पूर्व से संजय दीना पाटिल, हिंगोली से नागेश पाटिल अष्टिकर, शिरडी से भाऊसाहेब वाकचौरे और यवतमाल-वाशिम से संजय देशमुख ने पार्टी से बगावत कर अलग गुट बनाया है। हालांकि, शिवसेना यूबीटी के अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे अब भी शिवसेना यूबीटी के साथ हैं। उधर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कानूनी टीम दिल्ली पहुंच गई है और इन सभी सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने से जुड़ी संवैधानिक औपचारिकताओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है।

भारत आएंगे चीन के विदेश मंत्री वांग यी, ब्रिक्स सुरक्षा बैठक में लेंगे हिस्सा

22-23 जून को नई दिल्ली में होगी अहम बैठक, सीमा और द्विपक्षीय संबंधों पर भी रह सकती है नजर

» नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में करेंगे भागीदारी

» भारत-चीन संबंधों में स्थिरता और संवाद बढ़ाने की दिशा में माना जा रहा है महत्वपूर्ण कदम



■ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में जारी कूटनीतिक प्रयासों के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी अगले सप्ताह भारत दौरे पर आने वाले हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि वांग यी 22 और 23 जून को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और उच्च प्रतिनिधियों की 16वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि बैठक के दौरान भारत और चीन के प्रतिनिधियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और सीमा क्षेत्रों की स्थिति पर भी अनौपचारिक चर्चा हो सकती है। ऐसे संकेत हैं कि दोनों देश मतभेदों को नियंत्रित रखते हुए सहयोग के नए क्षेत्रों की तलाश में हैं। वांग यी इससे पहले अगस्त 2025 में भारत आए थे, जब उन्होंने नई दिल्ली में विशेष प्रतिनिधियों (स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव) की 24वीं बैठक के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की थी। उस बैठक के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर संतोष व्यक्त किया था।

अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत दौरा

चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार वांग यी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। ब्रिक्स देशों की यह बैठक वैश्विक सुरक्षा, आतंकवाद, क्षेत्रीय स्थिरता और बहुपक्षीय सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर केंद्रित रहेगी। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों देशों के बीच सीमा विवाद समेत विभिन्न मुद्दों पर संवाद का सिलसिला लगातार जारी है। बीते कुछ वर्षों में कई उच्चस्तरीय बैठकों और कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से दोनों देशों ने आपसी संबंधों में स्थिरता लाने की कोशिश की है।

महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा-

भारत को रोकने के लिए गढ़े जा रहे झूठ

■ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि लोगों को गुमराह करने के लिए गलत रिपोर्टें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती ताकत और उत्थान को कमजोर करने के लिए देश के भीतर और बाहर, दोनों जगहों से झूठे नैरेटिव गढ़े जा रहे हैं।

डॉ. भागवत बुधवार को उदयपुर के गांधी मैदान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती तथा हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'राष्ट्र चेतना संकल्प सभा' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि झूठा नैरेटिव गढ़ने वालों के पास जनसंख्या, सत्ता, पैसा और संगठनात्मक क्षमता जैसी बड़ी ताकतें हैं। इसके बावजूद, हमें अपने मूल्यों के आधार पर मजबूती से खड़े रहना होगा। उन्होंने भारत का आगे बढ़ना सिर्फ उसके अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के कल्याण के लिए जरूरी है।




यूपी में मॉनसून की गति धीमी, 22-23 जून तक करना होगा इंतजार

» सोनभद्र से हो सकती है मानसून की एंट्री, प्रयागराज में भीषण गर्मी का यलो अलर्ट जारी

» 22 या 23 जून को सोनभद्र के रास्ते यूपी में मानसून प्रवेश की संभावना।

» प्रयागराज सहित कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का खतरा।

» आगरा, झांसी, कानपुर और बुंदेलखंड में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है।



■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मानसून का इंतजार अभी और लंबा हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून के 22 या 23 जून तक प्रवेश करने की संभावना है। अनुमान है कि मानसून सोनभद्र जिले के रास्ते उत्तर प्रदेश में दस्तक देगा। हालांकि मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण फिलहाल लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के अधिकांश जिलों में आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने से तापमान लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने प्रयागराज समेत कई जिलों में भीषण गर्मी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार मथुरा, आगरा, हाथरस, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, कन्नौज, इटावा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, मिजार्पुर और सोनभद्र सहित कई जिलों में भीषण गर्मी का असर बना रहेगा। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

45 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान

मौसम विभाग ने आगरा, झांसी, कानपुर, प्रयागराज और बुंदेलखंड क्षेत्र में तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जुड़े नोएडा और गाजियाबाद में तेज धूप के साथ उमस लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है।

फ्लड प्लेन पर चला प्रशासन का चाबुक: 20 जून से नोएडा में अवैध निमार्णों पर बड़ा बुलडोजर अभियान

» 20 जून से यमुना और हिंडन के डूब क्षेत्र में अवैध निमार्णों पर कार्रवाई शुरू होगी।

» फार्म हाउस, स्विमिंग पूल, रिसॉर्ट और अवैध कॉलोनियां प्रशासन के रडार पर।

» समय पर कार्रवाई न होने पर संबंधित अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज।

■ नोएडा

मानसून से पहले नोएडा में अवैध निमार्णों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की तैयारी पूरी हो गई है। नोएडा प्राधिकरण ने यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र (फ्लड प्लेन) में बने अवैध निमार्णों को हटाने के लिए 20 जून की अंतिम समय सीमा तय कर दी है। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय के बाद ऐसे सभी निमार्णों पर बुलडोजर चलाया जाएगा।



भू-माफियाओं पर भी शिकंजा

नोएडा प्राधिकरण ने संकेत दिए हैं कि अवैध निर्माण कराने वाले भू-माफियाओं और जमीन कारोबारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति या संस्था की भूमिका नियमों के उल्लंघन में पाई जाती है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

इस अभियान के तहत करोड़ों रुपये की लागत से बने फार्म हाउस, अवैध कॉलोनियां, रिसॉर्ट, स्विमिंग पूल और अन्य पक्के निर्माण प्रशासन के निशाने पर हैं। प्राधिकरण का कहना है कि नदी के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र में किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा तैयार सूची में कई प्रकार के अवैध निर्माण शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से अवैध कॉलोनियां, पक्के मकान, लग्जरी फार्म हाउस, निजी स्विमिंग पूल, कमर्शियल रिसॉर्ट और होटल जैसी संरचनाएं शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि कुछ स्थानों पर भू-माफियाओं ने लोगों को सस्ते प्लॉट और निवेश के नाम पर जमीन बेचकर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण करा दिए। अब ऐसे सभी मामलों की जांच के साथ-साथ ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रशासन का मानना है कि फ्लड प्लेन क्षेत्रों में बने अवैध निर्माण हर वर्ष मानसून के दौरान गंभीर समस्या बन जाते हैं। नदी का जलस्तर बढ़ने पर ये इलाके जलमग्न हो जाते हैं, जिससे लोगों की जान-माल को खतरा पैदा हो जाता है। ऐसी स्थिति में प्रशासन को राहत और बचाव कार्यों पर भारी खर्च करना पड़ता है। कई बार एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों को भी तैनात करना पड़ता है। इसलिए इस बार बारिश शुरू होने से पहले ही समस्या की जड़ पर प्रहार करने की रणनीति अपनाई गई है। अधिकारियों का कहना है कि फ्लड प्लेन क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील होते हैं। यहां निर्माण होने से न केवल बाढ़ का खतरा बढ़ता है बल्कि नदी के प्राकृतिक प्रवाह और पारिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

सीईओ की दो टूक: नहीं बचेगा कोई अवैध निर्माण

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करुणेशन ने स्पष्ट कहा है कि 20 जून तक यदि अवैध निर्माण नहीं हटाए गए तो बड़े स्तर पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि संबंधित अधिकारी समय पर कार्रवाई करने में विफल रहते हैं तो उनके खिलाफ भी जवाबदेही तय की जाएगी। प्राधिकरण के अनुसार कई बार नोटिस और चेतावनी देने के बावजूद फ्लड प्लेन क्षेत्र में निर्माण कार्य जारी रहे, जिसके कारण अब कठोर कदम उठाने की आवश्यकता महसूस हुई है।

कैंट में अवैध आर्मी यूनिफॉर्म का भंडाफोड़, दुकानदार अरबाज गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। कैंट थाना पुलिस ने सेना की कॉम्बैट यूनिफॉर्म को अवैध रूप से रखने और बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम अरबाज बताया गया है। पुलिस ने उसकी दुकान से आर्मी पैटर्न की कई कॉम्बैट ड्रेस, कैप, रैंक बैज के साथ-साथ करीब 2100 मीटर कॉम्बैट पैटर्न का कपड़ा बरामद किया है।



एसपी सिटी मानुष पारीक ने मामले का खुलासा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति सेना की यूनिफॉर्म या उससे जुड़ा कपड़ा रखना और बेचना गंभीर अपराध है, जिसका दुरुपयोग असामाजिक या आतंकी तत्व कर सकते हैं। कैंट थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सदर बाजार क्षेत्र में एक दुकान पर अवैध रूप से सेना की कॉम्बैट यूनिफॉर्म बेची जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापा मारा। जांच के दौरान दुकानदार अरबाज कोई वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में वर्दी और कपड़ा जब्त कर लिया।

दुकान से 2100 मीटर कॉम्बैट कपड़ा, वर्दी, कैप और बैज किए जब्त
राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं: मानुष पारीक

एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में कपड़ा कहां से आया और किन-किन लोगों को इसकी आपूर्ति की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सेना की वर्दी का गलत इस्तेमाल देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। इसी वजह से रक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन के तहत आर्मी पैटर्न की यूनिफॉर्म और कपड़े की बिक्री पर सख्त नियम लागू हैं। घटना के बाद कैंट पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस अलर्ट हो गई है। पूरे कैंट एरिया में दुकानों की सघन जांच की जा रही है। एसपी सिटी ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से आर्मी यूनिफॉर्म या कॉम्बैट कपड़ा बिकता दिखे तो तुरंत पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दें।

सार संक्षेप



अवैध मेडिकल स्टोर पर छापा: बिना लाइसेंस दवा बिक्री का भंडाफोड़

बरेली। प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर जिलाधिकारी बरेली एवं सहायक आयुक्त औषधि, बरेली मंडल के निर्देश पर औषधि विभाग ने तहसील आंवला क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार एवं श्रीमती अनामिका अंकुर जैन की संयुक्त टीम ने मोहल्ला खेड़ा नई बस्ती, नितिन साइकिल स्टोर के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि सचिन पाल पुत्र श्री राम किशन पाल द्वारा संचालित यह मेडिकल स्टोर बिना वैध लाइसेंस के चलाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान स्टोर में अवैध रूप से भंडारित एलोपैथिक दवाएं पाई गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। इन दवाओं को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत नियमानुसार फॉर्म-16 पर सीज कर दिया गया। इसके साथ ही टीम द्वारा दो संदिग्ध दवा नमूनों को जांच एवं विश्लेषण के लिए विधिवत रूप से संग्रहित किया गया है, जिन्हें राजकीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तथा विवेचना पूरी होने के बाद संबंधित मामले में माननीय न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा। औषधि विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

फेसबुक फ्रेंडशिप से ठगी तक, विधवा से 14 लाख ठगे

बरेली। सुभाष नगर थाना क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में रहने वाली एक विधवा महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। फेसबुक पर खुद को ऑस्ट्रेलिया का निवासी बताने वाले ठग ने पहले दोस्ती की, फिर प्यार और शादी का झांसा देकर महिला से करीब 14 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने महिला की भावनाओं और भरोसे दोनों का फायदा उठाया। पीड़िता के पति का कुछ समय पहले निधन हो चुका था। उनके निधन के बाद महिला के बैंक खाते में करीब 13 लाख रुपये जमा थे। जांच में सामने आया है कि साइबर ठग की नजर इसी रकम पर थी। फेसबुक पर लगातार बातचीत कर उसने धीरे-धीरे महिला का भरोसा जीत लिया। आरोपी ने महिला को विश्वास दिलाया कि वह 31 मई को बरेली आएगा और उससे शादी करेगा। इन बातों से महिला ने नई जिंदगी के सपने देखना शुरू कर दिया और ठग की हर बात पर भरोसा करती चली गई। निर्धारित तारीख के आसपास आरोपी ने फोन कर बताया कि वह भारत पहुंच चुका है, लेकिन एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने उसे रोक लिया है। छुड़ाने के नाम पर उसने अलग-अलग बहाने बनाकर महिला से कई बार रकम ट्रांसफर कराई और कुल मिलाकर लगभग 14 लाख रुपये हड़प लिए। रकम मिलने के बाद आरोपी के सुर बदल गए। उसने महिला के कॉल उठाने बंद कर दिए और मैसेज का जवाब देना भी छोड़ दिया। इसके बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ। पीड़िता ने सुभाष नगर थाने पहुंचकर पूरे मामले की तहरीर दी। पुलिस ने साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल आरोपी की फेसबुक आईडी, मोबाइल नंबर और बैंक खातों की जानकारी खंगाल रही है। मामले को लेकर मानुष पारीक ने बताया कि साइबर ठगी के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को ट्रेस करने के लिए साइबर सेल और थाना पुलिस की संयुक्त टीम लगाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

क्योलड़िया पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बिजली तार चोरी गैंग के 6 बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल, भारी मात्रा में चोरी का सामान व अवैध असलहा बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। थाना क्योलड़िया पुलिस टीम ने बिजली के तार चोरी करने वाले शातिर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस मुठभेड़ के बाद छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।



पुलिस के अनुसार 17 जून 2026 को शांति व्यवस्था के मद्देनज़र गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लाल रंग की कार में सवार एक गिरोह बिजली के खंभों से तार काटने की योजना बनाकर अंटगा चांदपुर मजार के पास भट्टे के आसपास घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम धनौर जागीर की पुलिया के आगे पहुंची, जहां ट्यूबवेल के पास संदिग्ध वाहन दिखाई दिया। घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश ने अपना नाम आसिफ पुत्र नन्हे (22 वर्ष) निवासी अर्शिया भोज, थाना बहेड़ी बताया। मौके से उसके चार अन्य साथी—मो. हसीन, इस्तिकार, मुजम्मिल और मोहम्मद रेहान—को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर नवाबगंज–बरखेड़ा मार्ग पर दूसरी गाड़ी में इंतजार कर रहे छठे आरोपी आसिफ पुत्र बसीर अहमद को भी दबोच लिया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस, महिंद्रा व बोलेरो, बड़ी मात्रा में एल्युमिनियम व तांबे के बिजली तार, 33 केवी विद्युत तार, ट्रांसफार्मर तेल, तार काटने के उपकरण, पांच मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है।

पूछताछ में आरोपियों ने थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में पूर्व की गई दो घटनाओं सहित अन्य वारदातें स्वीकार की हैं। इस मामले में थाना क्योलड़िया पर एफआईआर संख्या 219/26 के तहत बीएनएस व आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आईजीआरएस शिकायतों में फर्जी निस्तारण पर दो लेखपाल निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मुख्यमंत्री संदर्भ और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और धोखाधड़ी के मामलों को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। बरेली में आईजीआरएस शिकायतों का फर्जी और गुणवत्ताविहीन निस्तारण किए जाने के आरोप में दो लेखपालों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही दोनों के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू कर कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। पहले प्रकरण में लेखपाल मनोज सक्सेना पर गंभीर आरोप सिद्ध पाए गए हैं।

आरोप है कि उन्होंने भूमि के अंश संशोधन से जुड़े एक संवेदनशील मामले में एसडीएम न्यायालय को गुमराह करते हुए गलत व फर्जी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त, आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज जनशिकायतों का भी उन्होंने मौके पर निष्पक्ष निस्तारण नहीं किया और कागजी कार्रवाई दिखाकर मामलों को निपटा दिया। उच्चाधिकारियों ने इसे घोर लापरवाही मानते हुए तत्काल निलंबन की कार्रवाई, दूसरे मामले में लेखपाल जसवीर पर आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों का फर्जी निस्तारण दिखाने के आरोप सही पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने समय-समय पर जारी शासकीय आदेशों की अवहेलना की और अनुशासनहीनता बरती। इन तथ्यों के आधार पर उन्हें भी निलंबित कर दिया गया है।

जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा, गलत रिपोर्टिंग या टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का स्थल पर जाकर निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सभी संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। भविष्य में भी लापरवाही पाए जाने पर इसी तरह की सख्त दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

शाहबाद में बाइक सवार युवकों को ऑटो ने मारी टक्कर, एक की मौत

शाहबाद। गुरुवार देर शाम शाहबाद बिलारी स्टेट हाइवे स्थित शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के सामने ऑटो की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बिलारी थाना क्षेत्र के मुंडिया खेड़ा गांव निवासी लल्लू सिंह 22 वर्षीय पुत्र गौरव अपने साथी सोमवीर के साथ बाइक पर सवार होकर शाहबाद- बिलारी रोड पर जा रहा था, रास्ते में शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के सामने ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गौरव (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर मौजूद उसका दूसरा साथी सोमवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां जख्मी युवक को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। खबर लिखे जाने तक पंचनामे की कार्रवाई की जा रही थी।

नगर निगम बरेली में रिश्वतखोरी के आरोप, जोन-4 के राजस्व निरीक्षक पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बरेली नगर निगम एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर चर्चा में है। इस बार जोन-4 में तैनात राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद पर एक महिला ने हाउस टैक्स के नाम पर रिश्वत लेने, दोबारा रकम मांगने, धमकी देने और अभद्रता करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला उस समय और तूल पकड़ गया, जब पीड़िता इंसाफ की गुहार लेकर भाजपा नेता एवं नगर निगम के पूर्व उपसभापति अतुल कपूर के साथ अधिकारी के कार्यालय पहुंची और कथित अभद्रता का वीडियो सामने आ गया।

शाहदाना कॉलोनी निवासी सीमा रानी का आरोप है कि उनके मकान का हाउस टैक्स गलत तरीके से बढ़ाकर करीब 61 हजार रुपये बकाया दिखाया गया। समाधान के लिए नगर निगम पहुंचने पर राजस्व निरीक्षक ने कथित तौर पर 20 हजार रुपये की मांग की। महिला का कहना है कि करीब डेढ़ साल पहले उसने रकम दे दी, लेकिन न तो रसीद मिली और न ही समस्या का समाधान हुआ। आरोप है कि बाद में अलग-अलग नंबरों से फोन कर फिर 20 हजार रुपये मांगे गए और पैसे न देने पर कुर्की की धमकी दी गई। इस प्रकरण ने नगर निगम की कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मोहर्रम को लेकर बरेली कप्तान की पुलिस अलर्ट

966 जुलूस, ड्रोन व डिजिटल निगरानी से होगी कड़ी सुरक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बरेली पुलिस ने जिलेभर में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। पूरे जनपद में कुल 966 मोहर्रम जुलूस निकाले जाएंगे, जिनमें 25 और 26 तारीख को सबसे अधिक जुलूस प्रस्तावित हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए पुलिस ड्रोन, 360 डिग्री कैमरों और डिजिटल वालंटियर्स की मदद से निगरानी करेगी।

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य ने बताया कि सभी संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिले में फ्लैग मार्च निकाला गया है और हर थाने को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। डिजिटल वालंटियर्स 24 घंटे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रखे हुए हैं। मोहर्रम के दौरान कुल 1,033 ताजियेदार जुलूसों में शामिल होंगे, जिनका समापन जिले के 135 कर्बला स्थलों पर होगा। इसके अलावा 95 अंजुमनें, 22 मजलिसें और 58 मेले आयोजित किए जाएंगे। सुरक्षा कारणों से ताजियेदारों को 12 फीट से अधिक ऊंचा ताजिया न बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

पीस कमेटी की बैठकें सभी स्तरों पर पूरी कर ली गई हैं। क्यूआरटी टीमों, पीएसी की तीन कंपनियों और 360 डिग्री कैमरों से लैस पीआरवी की तैनाती की गई है। पुलिस ने आमजन से शांति और सौहार्द बनाए रखने, नई परंपरा न शुरू करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 या नजदीकी थाने को देने की अपील की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

गुमराह सीसीटीवी जांच में आरोपों की नहीं हुई पुष्टि, आपसी विवाद में फैलाई गई भ्रामक सूचना

बरेली में वायरल पोस्ट का सच आया सामने, छात्रा को खींचने का दावा निकला गलत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक मामले को लेकर बरेली पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बड़ा खुलासा किया है। वायरल पोस्ट में सुभाषनगर थाना क्षेत्र की कक्षा 5 की छात्रा को एक 40 वर्षीय व्यक्ति द्वारा गलत नीयत से खींचकर ले जाने का दावा किया जा रहा था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहनता से जांच की।

जांच में सामने आया कि जिस व्यक्ति पर आरोप लगाए जा रहे थे, वह कथित समय पर अपने घर के बाहर सामान्य रूप से टहलता हुआ दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार उपलब्ध साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर छात्रा को गलत नीयत से खींचने के आरोप सही नहीं पाए गए। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि शिकायतकर्ता पक्ष और आरोपी पक्ष के बीच पहले से विवाद और मुकदमेबाजी चल रही है। जांच में संकेत मिले हैं कि पुराने विवाद के चलते यह मामला सोशल मीडिया पर गलत तरीके से उछाला गया, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई। पुलिस ने साफ किया कि तथ्यों के बिना फैलाए गए ऐसे दावे समाज में अनावश्यक भय और तनाव पैदा करते हैं। बरेली पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली हर सूचना पर आंख मूंदकर विश्वास न करें। किसी भी खबर को साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचें और अफवाह फैलाने से बचें।



युवक का अधजला शव मिला, पहचान मिटाने को आरोपियों ने जला दिया पूरा चेहरा

बरेली। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव धनौरा गौरी में गुरुवार सुबह खेत में अज्ञात युवक का अधजला शव पड़ा मिला। शव की हालत इतनी खराब थी कि उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में हत्या के बाद शव को जलाकर पहचान मिटाने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने खेत में अधजला शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद सीओ मीरगंज अजय कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके से साक्ष्य जुटाकर नमूने जुटाए हैं। शव बुरी तरह झुलसा हुआ था, जिससे मृतक की पहचान नहीं हो सकी। आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका गया और पहचान छिपाने के उद्देश्य से आग लगा दी गई। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर-

7906815587, 9758444242

शाहबाद के युवक की पंजाब में मौत

पोस्टमार्टम के बाद परिजन युवक का शव शाहबाद के मंगोली लेकर पहुंचे, हत्या की जताई आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। शहर के मंगोली निवासी युवक की पंजाब में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पंजाब के थाने पर तहरीर दी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन युवक का शव शाहबाद के मंगोली लेकर पहुंचे। गुरुवार दोपहर में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के मंगोली निवासी प्रेम सिंह का 25 वर्षीय पुत्र विशाल पंजाब में अपनी पत्नी के साथ रहकर मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। दो दिन पूर्व काम से वापस घर न लौटने पर विशाल की पत्नी ने अपने ससुर प्रेम सिंह को फोन पर सूचना दी, विशाल के पिता प्रेम सिंह पंजाब के थाने पर बेटे विशाल की गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे, उधर पुलिस को एक दिन पूर्व एक अज्ञात शव मिला था, पुलिस ने शिनाख्त कराई। शव की शिनाख्त विशाल पुत्र प्रेम सिंह निवासी मंगोली शाहबाद के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन युवक के शव को लेकर शाहबाद के मंगोली पहुंचे, जहां गुरुवार सुबह उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। विशाल तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी करीब एक साल पहले ही हुई थी। उसकी मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम छा गया।



फाइल फोटो मृतक विशाल।



सड़क हादसे में घायल जुल्फिकार।

शाहबाद के बिलारी रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, तीन जख्मी

भमोरा-बिलारी- शाहबाद स्टेट हाईवे पर एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार छह वर्षीय मासूम बच्चे समेत तीन लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया ।जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।शहर के मोहल्ला फर्राशान निवासी जुल्फिकार राजमिस्त्री का काम करते है, गुरुवार सुबह वह दीपक और उसके छह वर्षीय बेटे पार्थव के साथ बाइक पर सवार होकर टाइल्स- पत्थर लेने जा रहे थे, रास्ते में ईदगाह गेट के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

एक नजर

दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

शाहबाद। थाना क्षेत्र के जगेसर गांव निवासी लोंगवती पुत्री सोहनलाल ने थाने में तहरीर देकर अपने पति व ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज में चार पहिया वाहन व दो लाख रुपये की मांग करने तथा मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसका विवाह ग्राम पचौनी, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली निवासी वहरून उर्फ अरुण पुत्र नरेशपाल से हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। पीड़िता के अनुसार जब वह कहती थी कि उसके माता-पिता के पास उनकी ओर अधिक दहेज देने के पैसे नहीं है, तो उसके पति वहरून उर्फ अरुण, ससुर नरेशपाल, जेठ सुनील कुमार, देवर दुर्गेश, ननद छाया व रामवेवी तथा सरिता पत्नी धर्मेन्द्र निवासी फिरोजपुर, थाना भमौरा जनपद बरेली उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट करते थे। जिसके बाद उसे पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

रजा लाइब्रेरी में होंगे तीन दिन तक कार्यक्रम

रामपुर। रज़ा पुस्तकालय द्वारा योगोत्सव की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। डायरेक्टर डॉ पुष्कर मिश्र ने बताया कि 19 से 21 जून 2026 तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। योगोत्सव 2026 का मुख्य विषय स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग रखा गया है ।योगोत्सव का शुभारंभ 19 जून को प्रात: 10 :30 बजे पुस्तकालय के रंग महल सभागार में आयोजित संगोष्ठी योग : एक वैश्विक आन्दोलन से होगा।

नीट की तैयारियां पूर्ण, 2704 अभ्यर्थी होंगे शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले के विभिन्न विद्यालयों में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 2704 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है ।नियुक्त मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का सत्यापन करेंगे तथा परीक्षा दिवस पर केंद्रों पर उपस्थित रहकर समस्त गतिविधियों की निगरानी करेंगे ।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचकर परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं।

परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ।जिलाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचकर सहयोग प्रदान करें।

युवक की हत्या करने में दो आरोपी गिरफ्तार

- पटवाई पुलिस ने किया खुलासा,गए जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। नाले में उतराते मिले शव की शिनाख्त के साथ ही पुलिस ने उसकी हत्या करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चले गए। मीट बेचने को लेकर मृतक और दोनों आरोपियों के बीच मारपीट हो गई थी।

15 जून को थाना पटवाई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेहटगंज नवनिर्मित पुलिया के पास राधा कृष्ण पाल गौशाला के सामने नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का बोरे में शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरु कर दी थी। विवेचना के क्रम में मृतक के शव की शिनाख्त के लिये पम्पलेट रोडवेज , रेलवे स्टेशन, रामपुर व भीड़ भाड़ वाले स्थान पर चस्पा कराए। सूचना पर विवेचना के क्रम मे शेरु वाल्मिकी की मीट की दुकान पर जाकर पूछताछ की गयी तो मृतक पहाडी पुत्र नामालूम निवासी ग्राम नामालूम निकट खटीमा उत्तराखंड का बताया । 12 जून को शेरू व वाजिद का पहाड़ी से ग्राहक को मीट पहुचाने के कारण झगड़ा हो गया था । उसी के चलते पुलिस ने शेरू, वाजिद को घटना में प्रयुक्त रिनॉल्ट क्वीड रंग सफेद गाड़ी के साथ शेर के फार्म ग्राम फैजगंज थाना सिविल लाइंस से आने वाली कच्ची रोड पर, जो रामपुर पटवाई को जाती है वहां से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दुकान पर काम करने वाले पहाड़ी से 12 जून को ग्राहक को मीट पहुचाने के कारण हमारी गाली गलौच व मार पीट हो गयी थी । जिस का बदला लेने के लिये हम दोनो ने पहाडी को शराब पीलाकर उसके साथ मार पीट की थी, जिससे उसकी मौत हो गयी । घटना व साक्ष्य को छुपाने के लिये हमने पहाड़ी के शव को एक बोरे मे भर कर अपनी गाड़ी रिनाल्ट क्वीड कार की डिग्गी मे डालकर रामपुर पटवाई रास्ते पर रहटगंज गांव के पास गन्दे नाले मे फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। वहां से जेल चले गए।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराने को किया प्रदर्शन

- कलक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। ग्राम समाज, मंदिर की भूमि पर हुए कब्जे को लेकर विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया।

इसके बाद एक ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें ग्राम जयतौली, तहसील शाहबाद गांव बसने के समय से देवी स्थान है। इस स्थान पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है।

ग्रामीणों ने कई बार देवी मंदिर को ध्वस्त करने अथवा हटाने का प्रयास किया गया ।गुरुवार को विभाग मंत्री अमृत गौड़ के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने अवैध रूप से किए हुए कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए प्रदर्शन किया। यहां पर कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए जोरदार नारेबाजी भी की। इसके बाद एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।



कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी।

ईओ ने वार्ड नंबर 34 की धंसी हुई सड़क को कराया सही

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 34 की धंसी हुई सड़क को ईओ ने सही करा दिया है। मोहल्लेवासियों ने पालिका के अधिकारियों ने प्रशंसा करते हुए धन्यवाद बोला है। मालूम हो कि पिछले दिनों से सड़क का निर्माण कराया था। लेकिन कुछ ही दिन बाद सड़क धंस गई थी। जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

लेकिन मोहल्लेवासियों का आरोप का है कि सड़क का निर्माण वार्ड सभासद ने कराया था। लेकिन कुछ ही दिन बाद सड़क जर्जर हो गई। इस बात की शिकायत जब मोहल्लेवासियों ने सभासद की। सभासद ने साफ तौर पर दुबारा निर्माण कराए जाने को मना कर दिया था। इसके बाद मोहल्लेवासियों ने सड़क को सही कराए जाने के लिए ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी से बताया गया। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को भेजकर सड़क को सही करा दिया है।



वार्ड नंबर 34 की सड़क को सही कराने के बाद पड़े हुए कट्टे।

शाहबाद सीएचसी पर भर्ती अज्ञात वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

शाहबाद। शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात से भर्ती अज्ञात वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। स्वास्थ विभाग के द्वारा वृद्ध की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की तैयारी में लगी थी। बताते चले कि शाहबाद के सैफनी क्षेत्र में बेहोशी की हालत में एक वृद्ध पड़े हुए थे, जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद भेजा गया। बेहोश वृद्ध बीती रात से सीएचसी पर भर्ती थे, जिन्होंने गुरुवार देर शाम दम तोड़ दिया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया पुलिस वृद्ध की शिनाख्त में जुटी है।

11 घंटे की वो ' खतरनाक' चुप्पी! सीएचसी वार्ड ब्वॉय की लापरवाही पर थमाया कारण बताओ नोटिस

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने वार्ड ब्वॉय को उनके काम में लापरवाही बरतने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामला बुधवार देर रात साढ़े 11 बजे का है जब एक वृद्ध को बेहोशी हालत में सीएचसी लाया गया था, बेहोशी की हालत में आए वृद्ध की सूचना डॉक्टर और पुलिस को 11 घंटे तक नहीं देने पर सीएचसी के वार्ड ब्वॉय खुर्शीद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने बताया कि हम रामपुर मीटिंग में गए हुए है। वृद्ध को रात में उपचार दिया गया था, अगर वार्ड ब्वॉय के साथ किसी ने लापरवाही की है तो कार्रवाई की जाएगी।

सार संक्षेप

आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित

रामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पारम्परिक कारीगरों को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं आधुनिक टूलकिट उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना के तहत बढ़ई, नाई, लोहार, राजमिस्त्री सहित विभिन्न पारम्परिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं आधुनिक तकनीक आधारित उन्नत टूलकिट वितरित किए जाएंगे। उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र कारीगर एवं हस्तशिल्पी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन के बाद अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक अभिलेख जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि योजना के लिए आवेदक के पास आधार कार्ड,आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं पासपोर्ट आकार का फोटो होना आवश्यक है। आवेदक जनपद का निवासी तथा न्यूनतम 18 वर्ष आयु का होना चाहिए। आयु की गणना आवेदन की तिथि के आधार पर की जाएगी। आवेदक को बढ़ई, नाई, लोहार, धोबी, राजमिस्त्री, हलवाई, दर्जी आदि ट्रेडों अथवा दस्तकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। परिवार का केवल एक सदस्य ही योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होगा। योजना में पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगी। पारम्परिक कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, नगर पंचायत अध्यक्ष अथवा नगर पालिका/नगर निगम के संबंधित वार्ड सदस्य द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही आवेदक को यह शपथ-पत्र भी देना होगा कि उसने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत टूलकिट एवं मानदेय का लाभ प्राप्त नहीं किया है ।अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान,किया सम्मानित

रामपुर। वीर खालसा सेवा समिति की ओर से श्री गुरु अर्जन देव महाराज के शहीदी पर्व को समर्पित हर साल की तरह इस बार भी रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में किया गया। जिसमें अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह ने की। इसके बाद रक्तदान शिविर आरंभ हुआ। शिविर में 51 लोगों ने ब्लड दान किया। बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष इस कैंप में शामिल होकर रक्तदान किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने पहुंच कर रक्तदाताओं को सम्मानित किया ।रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया उन्होंने कहा रक्तदान महादान है इससे किसी की भी जान बचाई जा सकती है। रक्तदान में लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति द्वारा हर साल श्री गुरु अर्जन देव महाराजके शहीदी पर पर रक्तदान शिविर लगाया जाता है। जल्दी एक रक्तदान शिविर और आयोजित होगा। जिले में खून की कमी नहीं होने देंगे ।इस मौके पर निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह, सुरजीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, सनी कपूर, सेवा सिंह, नारायण सिंह, मनदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह, कमलजीत सिंह, खुशवंत बाजवा, मनिंदर सिंह, मनजीत सिंह, जगरूप सिंह, गगनदीप सिंह मौजूद रहे।



रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

अग्रणी भूमिका निभाने पर किया सम्मानित

मिलक। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने नगर मिलक निवासी गायिका वंशिका बैरागी और उनके गुरु राजू बैरागी को संगीत के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किए जाने पर, आज अपने कार्यालय पर बुलाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया है। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि हमारे नगर मिलक की बेटी गायिका वंशिका बैरागी और राजू बैरागी द्वारा संगीत के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई जा रही है। अभी कुछ दिनों पूर्व, भजन सम्राट कन्हैया मित्तल द्वारा खाटू श्याम के पवित्र धाम में एक कीर्तन दरबार के दौरान वंशिका को मंच पर आमंत्रित करके भजन गाते समय स्वयं ही कन्हैया मित्तल ने पुष्प वर्षा करके बेटी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। जिससे समस्त मिलक निवासियों का सम्मान बढ़ा है। हमारे नगर मिलक में संगीत के क्षेत्र में अनेकों ऐसे कलाकार हैं जिनके द्वारा कि अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन वंशिका बैरागी ने राजू बैरागी के सहयोग से जो कि बहुत ही कम समय में संगीत के क्षेत्र में जो अपना स्थान बनाया है वह प्रशंसनीय और सराहनीय है। वंशिका का एक भजन सोशल मीडिया पर आया है बांसुरिया राधे राधे बोल सभी सनातनी इस भजन को अधिक से अधिक सुनें और लोगों को सुनने के लिए प्रेरित भी करें जिससे कि मिलक की बेटी को और अधिक सम्मान मिल सके।



सम्मानित करते जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार।

मस्जिद निर्माण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मिलक। तहसील मिलक के ग्राम अशोकपुर में मस्जिद निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। गांव निवासी मनोज गोस्वामी ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मिलक को प्रार्थना पत्र देकर कथित अवैध निर्माण की शिकायत की है और मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में मनोज गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि गांव में पहले से मौजूद एक छोटी मस्जिद को तोड़कर उसका दो मंजिला निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य निर्धारित सीमा से बाहर अतिरिक्त भूमि पर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मस्जिद के निकट स्थित एक प्राचीन कुआं, जहां पूर्व में हिंदू समुदाय द्वारा पूजा-अर्चना की जाती थी, वर्तमान में उपेक्षा का शिकार है और उसमें कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कुएं को मस्जिद परिसर में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा प्रार्थना पत्र में यह आरोप भी लगाया गया है कि गांव में कुछ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि एवं तालाब क्षेत्र पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण कर लिया है। मनोज गोस्वामी ने प्रशासन से मांग की है कि मस्जिद निर्माण तथा अन्य आरोपों की जांच कराई जाए और यदि कोई अनियमितता पाई जाए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए, जिससे गांव में शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना रहे ।इस संबंध में उपजिलाधिकारी मिलक अनुराग सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

खाद के लिए किसान दर-दर भटक रहा: हनीफ

रामपुर। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने कई सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन से पहले प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में प्रदर्शन भी किया। हनीफ वारसी ने कहा कि रूद्र बिलास सहकारी चीनी मिल बिलासपुर कई वर्षों से जर्जर हालत में है 70 प्रतिशत गन्ने का रकबा खराब चीनी मिल के कारण घट गया है। इसलिए चीनी मिल का नवीनीकरण कराया जाए। दूसरी और यूरिया खाद को लेकर किसान भटक रहा है किसान बहुत परेशान है। प्रदर्शन करने वालों में शकील अहमद, मुबारक हसन, इसरार अली, प्रमोद कुमार एडवोकेट, रविंद्र एडवोकेट, सुरेंद्र एडवोकेट, हड़ताल सिंह यादव, श्याम मोहन पांडेय, रितेश पांडे, मुस्तफा अहमद, जमुना प्रसाद, महेंद्र सागर, देवी चंद, कैलाश एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



कलक्ट्रेट परिसर में डीएम को ज्ञापन देने जाते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अन्य।

250 केवी का ट्रांसफॉर्मर फुंकने से भीषण गर्मी में लोग परेशान

टांडा। नगर के मोहल्ला टन्डोली में 250 केवी का ट्रांसफार्मर फुकने के कारण दो दिन से मोहल्लेवासियों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला टन्डोली में बुधवार सुबह 250 केवी का ट्रांसफॉर्मर फुंक गया। गुरुवार शाम तक नया ट्रांसफॉर्मर नहीं रख गया है। समस्या का समाधान न होने पर ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफॉर्मर फुंकने की सूचना कई बार विभागीय अधिकारियों को दी गई। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मोहल्ले में बिजली न होने से पंखे, कूलर और अन्य बिजली उपकरण बंद पड़े हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। पानी की मोटर न चलने से हैंडपंपों पर भी दबाव बढ़ गया है।

कार्यक्रम किसानों को डिजिटल माध्यमों के उपयोग के लिए प्रेरित किया

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जुटे अधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, संस्कार एवं सम्मान के साथ 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला धिकारी अजय कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सिंह सैनी की उपस्थिति में विकास भवन परिसर में प्राकृतिक एवं प्रगतिशील खेती कार्यशाला तथा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठी-2026 का आयोजन किया गया।

पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने किसानों से उन्नत एवं प्राकृतिक खेती पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की सहायता तथा सिंचाई के लिए अनुदानित दरों पर सोलर पंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया ।उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने कृषि विभाग द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जीवामृत के निर्माण का लाइव प्रदर्शन किया तथा किसानों को इसके प्रयोग की विधि से अवगत कराया।

रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग और प्राकृतिक खेती अपनाने के लाभों पर प्रकाश डाला ।जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने उर्वरकों की बुकिंग की नई व्यवस्था तथा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल ऐप के माध्यम से उर्वरक बुकिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी। किसानों को डिजिटल माध्यमों के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र सिंह ने प्राकृतिक खेती के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से जानकारी देते हुए जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, आच्छादन एवं वाफसा आधारित तकनीकों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत घटती है, मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है। कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।



लाभार्थी को प्रशस्ति-पत्र देते डीएम एवं मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

विकास भवन में कार्यशाला का किया जाएगा आयोजन

जिलाधिकारी ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की लागत कम करने का माध्यम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा टिकाऊ कृषि व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने किसानों से अधिकाधिक संख्या में प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी कि 19 जून 2026 को भी विकास भवन परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com



डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में कलेक्ट्रेट में गरजे शिक्षक, जताया आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले जनपद के सैकड़ों शिक्षक जिला कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। उसके बाद पुराने शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन किया। डीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भेजा। ज्ञापन में हवाला दिया है कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी अधिसूचना एवं केंद्र सरकार द्वारा आर टी ई एक्ट के सेक्शन 23(2) में 9 अगस्त 2017 को किए गए संशोधन तथा सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की 27 जुलाई 2011 से पहले से नियुक्त शिक्षकों को विधायी एवं नीतिगत संरक्षण प्रदान किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी की मांग की है । जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने बताया उत्तर प्रदेश के लाखों शिक्षकों में वर्तमान समय में गहरी चिंता, पीड़ा एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। 23 अगस्त 2010 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी अधिसूचना एवं केंद्र सरकार द्वारा आरटीई एक्ट के सेक्शन 23(2) में 9 अगस्त 2017 को किए संशोधन तथा उसके संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 एवं पुनर्विचार याचिका में 29 मई 2026 को दिए निर्णय से उत्पन्न परिस्थितियां हैं, जिनके कारण वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की दिनांक 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा हितों एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है ।भारतीय विधिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का यह स्थापित सिद्धांत है कि कोई भी नियम, अधिसूचना अथवा नीति सामान्यतः उसके प्रवर्तन की तिथि से प्रभावी होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने 29 मई 2026 को पुनर्विचार याचिकाओं का निस्तारण करते हुए पूर्व निर्णय को यथावत रखा है। संगठन का मानना है कि देश के विभिन्न राज्यों में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की दिनांक 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्तियाँ उस समय प्रभावी नियमों एवं पात्रताओं के अनुरूप पूर्णतः वैध थीं।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरकार से आह्वान करता है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवम् उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के संबंध में विशेष प्रावधान करते हुए उनके सेवा-अधिकारों, वरिष्ठता, पदोन्नति तथा अन्य वैधानिक लाभों की रक्षा के लिए आवश्यक विधायी, नीतिगत अथवा प्रशासनिक कदम शीघ्र उठाए जाएं।



टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

प्रदर्शन करने वालों में यह शिक्षक रहे मौजूद

जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार, विनीत कुमार प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता,जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह यूटा के महामंत्री रामचंद्र गौतम, प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री चरण सिंह,अनुपम पटेल, दिगपाल सिंह, जगदीश पटेल, गौरव गंगवार,अफाक हुसैन, संजीव चंदेल, दिलशाद वारसी, सुधीश शर्मा, एमपी सिंह, पृथ्वी सिंह, कमल गुप्ता, शोभित पटेल, भानु प्रताप, वसीम अहमद, चिरंजीव गुड्डू, संदीप कुमार, त्रिभुवन शर्मा, तारिक परवेज, मोहम्मद काशिफ, संगम शुक्ला, दीपक पुंडीर, हरीश कुमार, उमेश गंगवार, निर्मल चंद्र राय, रिसालत अली, पंकज पडालिया, विमल शर्मा, विनीत श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, नरेश कुमार, अतुल कुमार, हंसराज पटेल, सूर्य प्रकाश, महिपाल सिंह, अमित अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, तनुजा सिंघल, सादिया,फिजा जुबैर सामना आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप



पार्क में योगा करते संस्था के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

21 जून को मनाया जाएगा योगा दिवस

रामपुर। विगत वर्षों की भांति चेतना योग संस्था की ओर से रोशनबाग पार्क में 21 जून रविवार को प्रात :5 बजे से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। सभी से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। संस्था के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2015 से लगातार इस स्थान पर अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है ।वैसे तो लगातार 365 दिन यहां पर योग कार्यक्रम चलता है लेकिन इस दिन सामूहिक रुप से इसको सबके साथ मिलकर किया जाता है। इस दिन लगभग 300 सदस्य शामिल होते हैं। कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकोल के अनुसार ही किया जाता है। वर्तमान में निर्धारित मानक के अनुसार संस्था के महामन्त्री सतीश चन्द्र भाटिया द्वारा सदस्यों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरुवार को संरक्षक लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रमेश अग्रवाल, प्रकाश चन्द्रा, आर के जैन, पवन उप्पल, अशोक कुमार अग्रवाल, नरेन्द्र कुमार , कौशल्यानन्दन रस्तोगी, मीरागुप्ता, मंजू वर्मा, लक्ष्मी रस्तोगी, मीना वर्मा, अशोक कश्यप, राजेश एडवोकेट, स्नेह पाल यादव, चन्द्र केश यादव, श्रवण श्री वास्तव, सीमा अग्रवाल, अमर नाथ खनेजा, हरीश भाटिया,पुष्पा अग्रवाल, शोभा अग्रवाल,ब्रजेश गुप्ता,अशोक अग्रवाल जे एम डी इत्यादि उपस्थित रहे।

शबाना बनीं राशन डीलर

शाहबाद। तहसील क्षेत्र के मदारपुर गांव में गुरुवार को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन को लेकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सीओ देवकीनंदन की मौजूदगी में ब्लॉक कर्मचारियों की देखरेख में सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच इस प्रक्रिया को पूरा किया गया दुकान के आवंटन के लिए गांव में मतदान कराया गया, जिसमें नवाबनगर निवासी मुबारक अली की पत्नी शबाना बी को विजेता घोषित करते हुए दुकान उनके नाम आवंटित की गई। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक मुस्तैदी के चलते पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।



शाहबाद के मदारपुर गांव में राशन की दुकान के आवंटन की प्रक्रिया के दौरान मौजूद सीओ देवकीनंदन।

किशोर-किशोरियों का आज होगा एचपीवी टीकाकरण

रामपुर। जनपद के समस्त स्वास्थ्य विभाग के उपकेंद्रों पर 14 से 15 वर्ष तक किशोरियों के एचआरपी का टीकाकरण होगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रों पर यह टीकाकरण निशुल्क लगाया जाएगा। नोडल अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि एचपीवी महंगी वैक्सीन है। बाजार में इसकी कीमत करीब चार हजार रुपये हैं। अधिक से अधिक टीकाकरण कराए जाने के लिए शिविर लगाए जा रहे है जिससे कि किशोर-किशोरियों का टीकाकरण हो सके। इसलिए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में एचपीवी टीकाकरण होगा। प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को समस्त उपकेंद्रों पर एचपीवी का टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनपद में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के उपकेंद्रों पर 14-15 वर्ष तक किशोर-किशोरियों को टीकाकरण होगा।

शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए 22 जून तक करें आवेदन

रामपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के तहत जनपद में 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत जनपद को प्राप्त 15 प्रशिक्षणार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में माटीकला कार्य से जुड़े व्यक्तियों कुम्हार,परम्परागत कारीगरों से 22 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं ।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में आर्थिक रूप से कमजोर प्रजापति समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग तथा बीपीएल परिवारों के सदस्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी ।उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो, अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बी-06 मुरारी लाल का बाग, रामपुर में जमा कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 0595-2350926 पर संपर्क किया जा सकता है।

वित्त एवं लेखाधिकारी से की मुलाकात

रामपुर। गुरुवार को रणजीत सिंह वरिष्ठ जिला कोषाधिकारी को वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) का प्रभार मिलने पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने अपने द्वारा लिखित पुस्तक प्लांट फिजियोलॉजी एवं बुके भेंट कर बधाई दी। साथ ही शिक्षक समस्याओं जिसमें वर्ष 2008 में पदोन्नति पाए एससी,एसटी शिक्षकों के चयन वेतन मान, वेतन प्रत्येक माह की एक तारीख को जारी करने सहित सभी पेंडेंसी अवशेष बिल, जीपी एफ निष्कासन आवेदनों आदि पर सार्थक वार्ता हुई। इस मौके पर डॉ. राजवीर सिंह, विनोद कुमार, नफासत अली,वरिष्ठ शिक्षक नेता राकेश बाबू वर्मा,सर्वेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



वित्त एवं लेखाधिकारी को पुस्तक भेंट करते डा. राजवीर सिंह।

जिला अस्पताल में 21 को होगी सेमल पेड़ की कटाई

रामपुर। जिला अस्पताल के जनरेटर रूम के पास लगे सेमल के पेड़ की कटाई 21 जून को होगी। कटाई के लिए बिजली आपूर्ति का शटडाउन लिया जाएगा। शटडाउन के लिए अस्पताल प्रशासन ने चिट्ठी बनाकर बिजली निगम के अधिकारियों को भेज दी है। मालूम हो कि अस्पताल में जनरेटर रूम के पास सेमल का पेड़ है जोकि काफी जर्जर की हालत में हैं। इसके गिरने से कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए 27 मई को सेमल के पेड़ की नीलामी हुई थी। जिसमें आठ लोगों ने प्रतिभाग किया था। पेड़ की नीलामी 13, 600 रूपये की लगी थी। पेड़ की कटाई को लेकर अस्पताल प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। गुरूवार को अस्पताल प्रशासन ने पेड़ की कटाई के लिए चिट्ठी बनाकर बिजली निगम के अधिकारियों को दी। आपूर्ति सुबह 8 बजे से बाधित रहेगी। सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि पेड़ की कटाई रविवार को होगी।

हक कभी भी बातिल के सामने झुकता नहीं: जफर बेग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। पहली मोहर्रम उल हराम अशरा ए मजालिस की पहली मजलिस इमाम बरगाह मिर्ज़ा जफर बेग लाल कबर पर खानवादा ए मरहूम सैयद मोहम्मद मुजतबा आबादी की ओर से मुनाकीद हुई। नोगवा सदाता से तशरीफ लाए मोलाना जेगम अली ने फरमाया कि नवासा ए रसूल इमाम ए हुसैन ने 28 सफर को अपना वतन मदीना छोड़ दिया था। नाना के दीन को बचाने के लिए कर्बला के सफर पर रवाना हुए थे। मोहर्रम की दूसरी तारीख को कर्बला की जमीन पर कदम रखते हुए कहा था कि वक्त के खलीफा यज़ीद ने जो दीन ए इस्लाम की जो तस्वीर बिगाड़ी है मैं उसके खिलाफ कर्बला में अपने बच्चों औरतों और बेटो के साथ यज़ीद की बेयत का इंकार करने आया हूं। अपने खानवादे की कुर्बानियां देना मुझे गवारा है मगर मुझ जैसा तुझ जैसे यज़ीद की बेयत नहीं कर सकता।



इमाम हुसैन के इंकार ने दुनिया को दिखा दिया कि हक कभी भी बातिल के सामने झुकता नहीं है भले ही 1400 साल पहले का दौर हो या आज का क्योंकि हर दौर कर्बला है और जब भी कोई यज़ीद इस्लाम पर हमला करेगा तो हुसैन का इंकार ढाल बन कर उसकी हिफाजत करेगा। सच्चाई की राह में अपनी कुर्बानियां देता रहेगा। मजलिस के बाद नौजवान नोहा ख्वान कामिल नकवी ने दर्द भरा नोहा पेश किया। इस अवसर पर मौलाना मिर्ज़ा इमरान, मौलाना मूसा, मौलाना जमा, कयाम मेहंदी, शादाब, कमल रिजवी, मुर्तज़ा जाफरी, शाहजेब खां, रज़ा आबदी आदि मौजूद रहे।

सरकारी अस्पताल की बदहाली पर भड़के व्यापारी

- परिसर में गंदगी को लेकर जताया रोष, 15 दिन में सुधार न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार। सरकारी अस्पताल स्वार की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और परिसर में फैली गंदगी को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नाराजगी जताई है। संगठन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि अस्पताल की बदहाली के कारण गरीब मरीज महंगे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं।एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में व्यापार मंडल के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने बताया कि सरकारी अस्पताल में स्वीकृत पदों के मुकाबले 50 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों के पद खाली पड़े हैं।

इस वजह से ओपीडी में आने वाले मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है।

सबसे बदतर स्थिति रात के समय होती है, जब इमरजेंसी में कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहता।व्यापारियों ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को उजागर करते हुए कहा कि अस्पताल में नई एक्स-रे मशीन आ चुकी है, लेकिन विभाग उसे चालू करने में नाकाम रहा है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी नहीं है। इसके अलावा, अस्पताल परिसर, पार्क और शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे मरीजों में संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है।

दवाओं की कमी और पीने के पानी की किल्लत से भी जनता परेशान है।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेंद्र राठौर, महासचिव मुशर्रफ अली उर्फ गुड्डू, महामंत्री गगन सचदेवा, इरफान अली, गुड्डू हाफिज अली,अली रेहान और फुरकान अली सहित संगठन के कई पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

हार्मोनल संतुलन और गर्भाशय की मजबूती के लिए महिलाएं रोज करें योग: डॉ. कुलदीप

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। सीआरपीएफ कैंप में गूंजा योग का मंत्र। महिलाओं को गर्भाशय और पेल्विक स्वास्थ्य के विशेष आसन सिखाए।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारियों के अंतर्गत जिला आयुर्वेद विभाग के राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा दो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ कैंप और परिवार कल्याण केंद्र में आयोजित दो अलग कार्यक्रमों में जवानों और महिलाओं को 'आयुष महिला प्रोटोकॉल योग' का विशेष अभ्यास कराया गया।

आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने महिलाओं के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक पोषण के लिए प्रतिदिन सामान्य प्रोटोकॉल योग को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने अपने वक्तव्य में विशेष रूप से कहा कि दैनिक योग अभ्यास के लिए आधा घन्टा सुनिश्चित कर लीजिए इस दौरान प्रमुख आसनों में ताड़ासन व वृक्षासन रीढ़ की हड्डी को सीधा और मजबूत रखते हैं। शरीर का संतुलन सुधारते हैं।अर्धचक्रासन,कमर दर्द से राहत दिलाता है। छाती और फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। भुजंगासन,गर्भाशय की मांसपेशियों को मजबूत करता है। मासिक धर्म की अनियमितता दूर करता है। बद्धकोणासन (तितली आसन),पेल्विक रीजन को लचीला बनाता है। गर्भावस्था में बेहद सुरक्षात्मक और लाभकारी है। शशांकासन व प्राणायाम,मानसिक तनाव, चिंता और चिड़चिड़ेपन को दूर कर मानसिक शांति देते हैं।मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना ने भी महिलाओं के विशिष्ट स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए पेल्विक रीजन और गर्भाशय स्वास्थ्य वाले आसनों को रोज करने की सलाह दी। इस दौरान कावा अध्यक्ष रेखा सिंह, एकता राजपूत, योग प्रशिक्षक रामू और उप कमांडेंट सौरभ राजपूत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



योगा के बारे में जानकारी देते डॉ. कुलदीप चौहान।

इंजन ऑयल व पार्टस के दाम बढ़े, महंगी हुई सर्विस

- इंजन ऑयल की कीमतों में 90 से 100 रुपये प्रति लीटर की हुई बढ़ोत्तरी



राम रहीम पुल स्थित दुकान पर बाइक की सर्विस करते मकैनिक।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान के साथ चल रहे इस्राइल और अमेरिका के युद्ध का असर अब आम लोगों की जेब पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने के चलते इंजन ऑयल के दाम बढ़ गए हैं, जिससे जिले में वाहनों की सर्विस महंगी हो गई है। बीते कुछ दिनों में इंजन ऑयल की कीमतों में 90 से 100 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है।

इसका सीधा असर बाइक, कार चालकों के अलावा ट्रांसपोर्टरों पर पड़ रहा है। बाइक में जहां एक लीटर इंजन ऑयल डाला जाता है, वहीं इसके दाम 30 से 40 रुपये तक बढ़ गए हैं। इसी तरह कारों में तीन से साढ़े तीन लीटर इंजन ऑयल लगता है, जिसके चलते सर्विस का खर्च 50 से 60 रुपये तक बढ़ गया है।कई जगहों पर ग्राहकों से कार इंजन ऑयल के लिए 100 रुपये तक अधिक वसूले जा रहे हैं। सर्विस कराने पहुंचे लोगों को यह कहकर डराया जा रहा है कि अभी तो मामूली बढ़ोतरी हुई है, आने वाले दिनों में इंजन ऑयल मिलना भी मुश्किल हो सकता है। इस तरह की बातों से घबरा कर ग्राहक दुकानदारों द्वारा बताए गए रेट पर ही भुगतान कर रहे हैं।

सर्विस लगने वाले पार्टस की सूची

सर्विस पार्ट्स	पहले कीमत	अब कीमत
इंजन ऑयल	350	450
बेयरिंग	100	120
स्पार्क प्लग	90	110
पिस्टन	600	690
ब्रक वायर	90	120
क्लच वायर	80	100
ब्रेकशू	210	290

आयोजन श्रीनाथ रसकथा महोत्सव की निमंत्रण यात्रा मक्का मिल एवं शिवापुरम में पहुंची

भक्तों को है श्रीनाथ जी रसकथा का इंतेजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। आगामी श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव के अंतर्गत निकाली जा रही निमंत्रण यात्रा का आयोजन गुरुवार को प्राचीन शिवमंदिर, मक्का मिल से प्रारम्भ हुआ। यात्रा के दौरान मक्का मिल एवं शिवा पुरम क्षेत्र श्रीनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठे। भक्तों के उत्साह और भक्ति से पूरा वातावरण सराबोर हो गया।

निमंत्रण यात्रा में श्रद्धालु मैं गिरधर की, गिरधर मेरे भजन पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा के मार्ग में लोगों ने श्रद्धापूर्वक श्रीनाथ जी का स्मरण किया तथा आगामी कथा महोत्सव में सम्मिलित होने का संकल्प लिया।उल्लेखनीय है कि श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव का आयोजन 18 से 21 जुलाई तक उत्सव पैलेस, कोसी मार्ग, रामपुर में किया जाएगा। इसी महोत्सव के निमंत्रण हेतु विगत एक माह से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य निमंत्रण यात्राएं निकाली जा रही हैं। इन यात्राओं को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है तथा श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

आयोजकों ने बताया कि जो भी श्रद्धालु श्रीनाथ का स्वागत कर उन्हें अपने हृदय और नेत्रों में बसाना चाहता है, उसके लिए यह कथा एक दिव्य अवसर है। रसकथा का अमृतमय वाचन गोवत्स श्री राधा कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से होगा, जो विशेष रूप से जोधपुर से पधार रहे हैं।आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीनाथ की कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया है।



प्रभात फेरी में भजनों पर झूमते भक्त। –जागरण मोर्चा

लाइन शिफ्टिंग के चलते चार घंटे बाधित रही बिजली

- बरेली गेट चौराहे का लोनिवि द्वारा कराया जा रहा है सड़क का चौड़ीकरण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। बिजली निगम की लाइन शिफ्टिंग के कारण गुरूवार को कई मोहल्लों की आपूर्ति चार घंटे तक बाधित रही। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया। काफी देर तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने बिजली निगम के अधिकारियों को फोन करना शुरू किए। दोपहर करीब 1 बजे लाइन शिफ्टिंग कार्य पूर्ण होने पर बाधित आपूर्ति को सुचारू कराया। बरेली गेट चौराहा का लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इसी कारण बिजली की लाइन को शिफ्ट कराया जाने का कार्य गुरूवार को कराया गया। इसलिए पहाड़ी गेट उपकेंद्र की 11 केवी के फीडर नादरबाग, पॉलिटेक्निक रोड ,गोविंद कॉलोनी, बाग हजारा, ताश्का का मझरा की आपूर्ति बाधित रही।



एसडीओ तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि बरेली गेट चौराहे का चौड़ीकरण के कारण बिजली की लाइन को शिफ्टिंग कार्य कराया गया। इसके दृष्टिगत चार घंटे तक आपूर्ति का शटडाउन लिया गया है।

दो दिवसीय रोजगार मेले में हुआ चार का चयन

चन्दौसी। नगर के बदायूं रोड राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सिक्योरिटी कंपनी ने चार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने के लिए दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रथम दिन गुरुवार को नोएडा की सिक्योरिटी कंपनी चेकमेट द्वारा सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइजर के लिए साक्षात्कार किया गया। जिसमें कंपनी के अधिकारियों द्वारा 15 में से चार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया अभ्यर्थियों के लिए इससे अच्छा अफसर नहीं मिलेगा।

अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- 20 बीघा भूमि पर की गई कार्रवाई, अवैध निर्माण ध्वस्त

जागरण मोर्चा, कार्यालय

सम्भल। जनपद में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम ने करीब 20 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी संख्या में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लाटिंग को चिन्हित कर जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के की जा रही किसी भी प्रकार की प्लाटिंग या निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।


अवैध प्लाटिंग पर चलता बुलडोजर। –जागरण मोर्चा

नायब तहसीलदार शुभम प्रताप सिंह ने बताया कि लगभग 20 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया गया। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध कब्जों और अनधिकृत प्लाटिंग के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा के बाद से प्रशासन द्वारा अवैध निर्माणों और अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह कार्रवाई भी की गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी भूमि की खरीद-फरोख्त से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रशासन की कार्रवाई, बिजली कनेक्शन काटकर मशीनें सील

2500 जींस कब्जे में, आबादी के बीच चल रहा था अवैध जींस वाशिंग प्लांट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

संभल। कोतवाली क्षेत्र के मंडी किशन दास सराय में आबादी के बीच अवैध रूप से संचालित एक जींस वाशिंग प्लांट पर प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उसका संचालन बंद करा दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बिजली कनेक्शन कटवाने के साथ ही वाशिंग मशीनों और जनरेटर को सील कर दिया तथा लगभग 2500 सूखी जींस को कब्जे में लेकर नगर पालिका परिषद सम्भल के गोदाम में सुरक्षित रखवा दिया।



अधिकारियों को मिली सूचना के आधार पर गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे मंडी किशन दास सराय स्थित जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान प्लांट आबादी के बीच संचालित पाया गया। मौके पर एक टमलर मशीन, पांच वाशिंग मशीनें, एक ढोल, तीन टांका मशीनें, एक काज मशीन, एक गैस सिलेंडर, बैटरी सहित एक जनरेटर, एक एयर कंप्रेसर, दो हीटर, एक कूलर, दो डमी मशीनें तथा करीब 2500 जींस मौजूद मिलीं। प्लांट पर मौजूद संचालक फखरे आलम पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम गोविंदपुर, थाना कोतवाली सम्भल से संचालन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके।

प्रथम दृष्टया प्लांट अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसका संचालन बंद करा दिया और विद्युत आपूर्ति कटवा दी। वाशिंग मशीनों एवं जनरेटर को सील कर दिया गया। अन्य मशीनें और उपकरण संचालक फखरे आलम की सुपुर्दगी में इस शर्त के साथ दिए गए कि सक्षम अधिकारी के आदेश तक न तो सामान को खुर्द-बुर्द किया जाएगा और न ही किसी परिस्थिति में प्लांट का संचालन किया जाएगा। वहीं लगभग 2500 सूखी जींस को नगर पालिका परिषद के गोदाम में सुरक्षित रखवा दिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित इकाइयों में हड़कंप मच गया है।

बहन की शादी तैयारियों में जुटे छोटे भाई की करंट लगने से मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मुड़िया खेड़ा में बहन की शादी की तैयारी में चले छोटे भाई की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से कोहराम मच गया और शादी की खुशियां गम में बदल गई। बहन का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया खेड़ा में 5-6 माह पहले राजेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद पत्नी एक पुत्र को लेकर चली गई। घर पर मात्र बड़ी बहन काजल व छोटा भाई प्रदीप रह गए। जिनकी देखभाल बच्चों के पिता नेकसे कर रहे हैं। गुरुवार की रात बहन काजल की बारात आनी थी। घर में खुशी का माहौल था और सभी को बारात आने को लेकर तैयारियों में जुटे हुए हैं। काजल का छोटा भाई प्रदीप 14 वर्ष भी बहन की शादी की तैयारियों में जुटा था। दोपहर 12 बजे घर की बिजली सही करते समय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर घर कोहराम मच गया और बहन अपने छोटे भाई के शव पर विलाप करने लगे। जिससे खुशियां का माहौल गम में तब्दील हो गया। बहन का रो-रोकर बुरा बना था।



बंदरों से बचने को छत से गिरा युवक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चंदौसी। कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई मार्ग पर छत पर कार्य कर रहे युवकों पर बंदरों ने हमलाकर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में युवक छत से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

असालतपुर जारई मार्ग स्थित दुर्गा धाम कालोनी में अनुज भटनागर पुत्र कोमल स्वरूप गुरुवार की सुबह 10.30 बजे छत पर कपड़े डालने गया था। तभी बंदरों का एक झुंड आ गया और अनुज पर हमलाकर दिया। जिससे युवक बंदरों से बचने के प्रयास में


घायल का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

छत से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को निजी वाहन से उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सीएचसी में उपचार को मोबाइल से बनेंगे ऑनलाइन पर्चे

- आभा एप डाउनडोल करने के बाद केवल आधार नंबर व मोबाइल नंबर डालना पड़ेगा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। सीएचसी में अब मरीज को पर्चा बनवाने के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब मरीज व उसके तीमारदार द्वारा मोबाइल पर आभा एप डाउनलोड करके पर्चा बना सकता है और सीधे चिकित्सक को दिखाकर उपचार करा सकता है।

अब सीएचसी में उपचार कराने वाले मरीजों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। अब मरीज को उपचार करान के लिए सीएचसी में लंबी-लंबी लाइनों में लगकर पर्चा बनवाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्योंकि अब सीएचसी में बारर कोड के माध्यम से मरीज व उसके तीमारदार द्वारा आभा एप डाउनलोड करने की आवश्यकता है। आभा एप डाउनलोड करने के बाद पूछी गई जानकारी देनी । इसके बाद मरीज का एक डेटा बेस ऑनलाइन तैयार हो जाएगा। इसके बाद काउंटर पर पहुंच कर्मी को टोकन नंबर बताना है, कर्मचारी द्वारा आपको ऑनलाइन पर्चा दे दिया जाएगा। जिसे दिखाकर मरीज चिकित्सक से उपचार करा सकता है। आभा एप डाउनलोड करने के बाद केवल मरीज को अपना आधार नंबर व मोबाइल डालना है। इसके बाद आनलाइन पर्चा बन जाएगा। गुरुवार को सीएचसी में ऑनलाइन 48 पर्चे बनाए गए।


टोकन दिखाने के बाद ऑनलाइन पर्चा निकालते कर्मी।

> सीएचसी में ऑनलाइन पर्चा बनवाने की शुरुआत हो गई है। इस सेवा के आरंभ होने से मरीजों को पर्चा बनवाने को लंबी-लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। ऑनलाइन पर्चा बनने के बाद सीधे चिकित्सक से उपचार करा सकेंगे।
> –डा. हरवेंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

भाजपा पर नफरत की राजनीति का आरोप, जावेद अली खान के बयान का किया समर्थन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

बहजोई। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सात बार के विधायक इकबाल महमूद ने सपा सांसद जावेद अली खान के हालिया बयान का खुलकर समर्थन करते हुए कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जावेद अली खान का उद्देश्य समाज में भाईचारा, सौहार्द और आपसी विश्वास को मजबूत करना था, न कि किसी प्रकार का विवाद खड़ा करना।

इकबाल महमूद ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा समाज में नफरत फैलाने तथा हिंदू-मुस्लिमों के बीच दूरी बढ़ाने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि जावेद अली खान के बयान से केवल वही लोग असहज हैं जो समाज को बांटने वाली राजनीति में विश्वास रखते हैं। उनका मानना है कि सभी समुदायों के लोगों को आपसी रिश्तों और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना चाहिए, जिससे समाज में एकता और भाईचारा कायम रहे। वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर एआईएमआईएम की बढ़ती सक्रियता पर प्रतिक्रिया देते हुए इकबाल महमूद ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक राजनीतिक दल को चुनाव लड़ने और अपने उम्मीदवार उतारने का पूरा अधिकार है। किसी भी पार्टी का चुनावी मैदान में उतरना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

एआईएमआईएम को भविष्य में समाजवादी पार्टी के गठबंधन में शामिल किए जाने की संभावनाओं पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निर्णय किसी एक नेता द्वारा नहीं लिए जाते। समाजवादी पार्टी वर्तमान में 25 दलों के गठबंधन का हिस्सा है और गठबंधन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण फैसले सहयोगी दलों की सहमति एवं शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर लिए जाते हैं।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा उत्तर प्रदेश में 170 सीटों की मांग संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए इकबाल महमूद ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत राय हो सकती है। सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम निर्णय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के बीच होने वाली वार्ता के बाद ही तय होगा। वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को मुसलमानों का नेता मानने के सवाल पर इकबाल महमूद ने सीधा जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने इतना जरूर कहा कि ओवैसी एक पढ़े-लिखे व्यक्ति और बैरिस्टर हैं, जिनकी अपनी राजनीतिक पहचान है।

मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

चन्दौसी। कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

थाना वैष्णो विहार निवासी आवेदिका अजंना शर्मा पत्नी स्व. आदर्श शर्मा ने 9 मई को कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें लवकुश निवासी प्रेमनगर पर अपने पुत्र सत्यम शर्मा के साथ पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करना व पेट पर चाकू से वार कर व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी लवकुश को गिरफ्तार कर लिया और उस पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

शहीदी दिवस | नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगत ने उपस्थित होकर गुरु साहिब को श्रद्धासुमन किए अर्पित

शहीद श्री गुरु अर्जुन देव महाराज का शहीदी दिवस श्रद्धा, भक्ति से मनाया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु तेग बहादुर मार्ग में सिख पंथ के पांचवें गुरु एवं प्रथम शहीद श्री गुरु अर्जुन देव महाराज का शहीदी दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगत ने उपस्थित होकर गुरु साहिब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। धार्मिक दीवान के दौरान वक्ताओं ने श्री गुरु अर्जुन देव के महान जीवन, उनके आध्यात्मिक योगदान तथा अद्वितीय शहादत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब को शांति के पुंज और शहीदों के सरताज के रूप


श्री गुरु अरजन देव महाराज का शहीदी दिवस पर लस्सी का वितरण करते। –जागरण मोर्चा

में स्मरण किया जाता है। उनकी शहादत मानवता, धार्मिक स्वतंत्रता और सत्य के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदानों में से एक है। वक्ताओं ने बताया कि मुगल बादशाह जहांगीर की राजनीतिक एवं धार्मिक नीतियों के चलते वर्ष 1606 ईस्वी में लाहौर में गुरु साहिब को शहीद कर दिया गया था। यह घटना इतिहास में धार्मिक असहिष्णुता के विरुद्ध संघर्ष और सत्य की विजय का प्रतीक मानी जाती है। गुरु इतिहास का वर्णन करते हुए बताया गया कि सिख पंथ के बढ़ते प्रभाव से चिंतित जहांगीर ने गुरु साहिब पर अपने पुत्र खुसरो की सहायता करने का निराधार आरोप लगाया। इसके बाद उन्हें कई दिनों तक अमानवीय यातनाएं दी गईं। गुरु साहिब को तपते तवे पर बैठाया गया, उनके ऊपर गर्म रेत डाली गई तथा उबलते पानी से यातनाएं दी गईं। उनकी शहादत आज भी मानवता को सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब में आयोजित श्री अखंड पाठ साहिब की पूर्णाहुति तथा सुखमनी साहिब के पाठ संपन्न हुए। इस अवसर पर अमृतसर से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक भाई मजदूर सिंह ने संगत को गुरु इतिहास का भावपूर्ण श्रवण कराया।

वहीं, हजूरी रागी भाई सुखप्रीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को आध्यात्मिक रस से सराबोर कर दिया। उनके वैराग्यमयी एवं मधुर कीर्तन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। समापन अवसर पर संगत ने गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया तथा गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही दोपहर को लस्सी का वितरण किया। इसके साथ नगर के गोशाला रोड पर श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर सिख समाज के लोगों ने स्टाल लगाकर लस्सी का वितरण किया। जहां पर काफी संख्या में राहगीरों ने पहुंचकर लस्सी पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इसके साथ नगर के स्टेशन रोड , मुंसिफ रोड आदि जगहों पर भी लस्सी वितरण की गई।

इन का रहा सहयोग

इस दौरान गुरुबख्श सिंह, गोपाल सिंह, स्वर्ण सिंह, चरन सिंह, चरनजीत सिंह, जोगेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, हरजीत सिंह, अवतार सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, वेद अरोरा, हरचरन सिंह, जसवीर कौर, कमलजीत कौर, दलजीत कौर, हरविंद्र कौर, अमरदीप कौर, अमन,मीत, मैहर, जसवीर, ज्योति, ब्रजमोहन शर्मा, पुरुषोत्तम, विपिन आहूजा, मनोज वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

सार संक्षेप


प्रतियोगिता में मौजूद प्रतिभागी व निर्णायक मंडल के सदस्य। –जागरण मोर्चा

कविता प्रतियोगिता में प्रथम रहे शिवांश

चन्दौसी। एफआर इंटर कालेज में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं शासन के निर्देश पर विद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद स्तरीय कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी व प्रधानाध्यापक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यलाय बेरनी एसके सक्सेना की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता एसएम इंटर कालेज के शिवांश शर्मा ने प्रथम, श्री अक्रूरजी कन्या इंटर कालेज की आयुषी शर्मा ने द्वितीय व एफआर इंटर कालेज की सुबिया आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में भावना गुप्ता, लोकेश यादव व साक्षी उपाध्याय मौजूद रहीं। इस अवसर पर अब्दुल जाहिद, अल्फिशा खानम, निसार अहमद, फैसल खान, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने आभार व्यक्त किया।

मानस ने सीए की परीक्षा पास की, क्षेत्र में हर्ष का माहौल

चंदौसी। बिसौली गेट के चश्मा व्यवसायी कुलदीप वार्ष्णेय के पुत्र मानस वार्ष्णेय ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार व शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। मानस वार्ष्णेय के घर पर बधाई देने वालों व मिठाई खिलाने वालों का तांता लगा हुआ है। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने मां अंजली वार्ष्णेय व पिता कुलदीप वार्ष्णेय व गुरुजनों के साथ-सात अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने बताया कि निरंतर अभ्यास और एकाग्रता से किसी भी कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। नगर के गणमान्य नागरिकों व व्यापारियों ने मानस के उज्जवल भविष्य की कामना की है। व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि मानस वार्ष्णेय को सीए की प्रतिष्ठित परीक्षा प्राप्त करने पर बधाई। आपकी इस ऐतिहासिक सफलता ने न केवल आपके माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है। आपकी यह सफलता नई पीढ़ी के लिए महान प्रेरणा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप जीवन में इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करते रहे।



परीक्षा उत्तीर्ण करके जिले की पहली महिला नेशनल रेफरी बनी रेखा



चन्दौसी। ताइक्वांडो फेडरेशन आफ़ इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में नेशनल रेफरी कोर्स का आयोजन 12 से 14 जून को लखनऊ के बाबू सिंह केडी इंडोर स्टेडियम में किया गया। जिसमें भारतवर्ष से लगभग 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जिला सम्भल से महिला ताइक्वांडो कोच रेखा ने प्रतिभाग किया व नेशनल रेफरी परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसके साथ वह जिले की पहली महिला नेशनल रेफरी बन गई हैं। गुरुवार को सेंट थामस ताइक्वांडो एकेडमी प्रगति विहार में उनका जोरदार स्वागत किया गया। रेखा ने बताया उनका उद्देश्य जिले में ताइक्वांडो खेल को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाना है जिसके लिए वह पिछले 10 सालों से निरंतर बालक बालिकाओं को ट्रेनिंग दे रही हैं। सेमिनार में महाराष्ट्र से आए ग्रैंड मास्टर सुभाष पाटिल ब्लैक बेल्ट व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के महासचिव ग्रैंडमास्टर राजकुमार द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने पर रेखा शुभकामनाएं दी गईं।

नौकासन, ताड़ासन, पद आसान, सुखासन का कराया अभ्यास


शिविर में योग करते ग्रुप के सदस्य व अन्य।

चन्दौसी। किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के पांच दिवसीय योग शिविर में योगाचार्य सुशीला आर्य पतंजलि एवं हरिओम वैद जी द्वारा महिलाओं को शिविर में ध्यान नौकासन, ताड़ासन, पद आसान, सुखासन का अभ्यास कराया तथा उनके लाभ बताएं। उन्होंने यह नियम आसन ,धरण,ध्यान ,प्राणायाम प्रत्याहार, और समाधि योग की आठ अंग बधाई भेजना योग और प्राणायाम में सांस पर नियंत्रण और अतिरिक्त शुद्धि की शक्ति जाली तकनीकी जैसे कुंभक ,पूरक, और रोचक के बारे में बताया। इसके साथ रेचक सांस छोड़ने और भीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा 19 साल क्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक अत्यंत प्रभावशाली अभ्यास है इससे पेट और पाचन तंत्र की शुद्धि होती है तथा विशेष अभ्यास जैसे अनुलोम विलोम, कपालभाति,भंवरी, को अपने दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। इस दौरान डा. नीलम वार्ष्णेय, रूबी, मालती वार्ष्णेय , धर्मेश वाष्णेय, इदू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रेखा गुप्ता ,मीना वार्ष्णेय ,गुंजन वैष्णव ,पलक वाष्णेय ,भक्ति वार्ष्णेय आदि मौजदू रहे।


प्रतियोगिता में मौजूद बच्चे।

रंग भरो प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया उत्साह से भाग

चन्दौसी। सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी की ओर से रघुनाथ आश्रम में पिछले 13 दिन से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को समर कैंप में बच्चों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 76 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जूनियर बच्चों को लौकी व सीनियर बच्चों को ढोलक के चित्र में रंगों का चित्रण कराया। निर्णायक मंडल में पारुल वैष्णवी व प्रियंका दीप ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान का चयन किया। जिसमें जूनियर वर्ग में ऋषिका ने प्रथम, अर्जुन ने द्वितीय, मानया ने तृतीय व सीनियर वर्ग में वंश ने प्रथम, अनमोल ने द्वितीय व कृष्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त कियआ। संगठन के संरक्षक डा. राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि हम समर कैंप का समापन 20 जून को करेंगे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिन, मनु, सबरंग अन्नी, हीरा लाल, ज्ञान प्रकाश, चिंटू, प्रफुल्ल अग्रवाल, राजू, पारुल, वैष्णवी शर्मा, बीना गुप्ता, योगेंद्र कुमार, मनोज कुमार, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय, प्रियांशी आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने दो बिजली की मोटर के साथ दो आरोपी दबोचे

चन्दौसी। धनारी पुलिस ने बिजली की दो मोटरों के साथ दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी अनय प्रताप सिंह पुत्र रोहिताश कुमार ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें अपने दाना फैक्ट्री से दो बिजली की मोटर, एक इन्र्टर, दो बैट्रा, एक केबिल बंडल चोरी होने की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने हरीश उर्फ टुला, ठाकुर सिंह कुशवाह निवासीगण भिरावटी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को निशानदेही से दो बिजली की मोटर बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

सपा विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में राजेंद्र खड़गवंशी ने दिखाई ताकत

सम्मेलन में खडगवंशी समाज की भीड़ ने विपक्षी पार्टियों की उड़ाई नींद

- सम्मेलन में सपा पदाधिकारियों की गैर मौजूदगी रही चर्चा का विषय

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करती सपा नेत्री रूबी कौशल। –जागरण मोर्चा


एसडीएम को ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

हसनपुर। नगर के एक बैंकट हॉल में सपा विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर पैदल मार्च निकालकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा पदाधिकारियों की गैर मौजूदगी की चर्चा का विषय बनी रही। वही कार्यकर्ता सम्मेलन में खड़गवंशी समाज की भीड़ में विपक्षी पार्टियों के होश उड़ा दिए। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा गया।

गुरुवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित कमाल पैलेस के सभागार में हसनपुर विधानसभा का सपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी के द्वारा सम्मेलन में आए हुए सभी अतिथियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं द्वारा प्रदेश एवं केंद्र सरकार पर जमकर निशाना सदा गया और कहा कि भाजपा से झूठे वादे करती है, आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है और अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। सम्मेलन की समाप्ति के बाद सभी लोग पैदल मार्च निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सोपा। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष बाबू कुरैशी ने की तथा संचालन रूबी कौशल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख निर्वेश देवी, शमशेर, राजकुमार, चरन सिंह, अजय पाल यादव, भूरे सिंह खड़गवंशी, चंद्रपाल खड़गवंशी, नरेश खड़गवंशी, प्रकाश खड़गवंशी, नाथू सिंह, भोज राम सिंह, टिंकू गुर्जर, अंसार, इमरान, रमेश, मेहताब चौधरी, राजपाल सिंह चौहान, जाकिर, रईस अहमद, दुष्यंत कुमार, भूप सिंह, अमित कुमार यादव, पप्पू, रहीम सैफी, रिहान चौधरी, शारिक अंसारी, अजमान, अमित गुर्जर, इंशाल्लाह, इकबाल सैफी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रेमी की शादी से आहत युवती ने लगाई फांसी, हालत गंभीर, मेरठ रेफर



हसनपुर। आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, गांव के ही एक युवक से युवती का प्रेम प्रसंग चल रहा था। जून माह में ही प्रेमी युवक की बारात जानी थी, जिससे आहत होकर युवती ने अपने खेत पर जाकर दुपट्टे से फांसी का फंदा लगा लिया। पास के खेत में काम कर रहे किसानों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और फंदे से उतारकर डायल 112 पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने गंभीर हालत में युवती को रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। युवती की हालत जहां नाजुक हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत मेरठ रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है। क्षेत्र में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

सार संक्षेप

नियमित योगासनों से शरीर का लचीलापन बढ़ता

चन्दौसी। नगर के विनायक गार्डन में चल रहे जायंट्स ग्रुप ऑफ़ वीमेन पावर, वीमेन प्राइड एवं वीमेन एरा द्वारा योग शिविर गुरुवार को भी जारी रहा। शिविर के आठवें दिन भी महिलाओं का उत्साह कम नहीं हुआ तथा महिलाओं ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया।शिक्षिका अनुपम ने बताया कि नियमित योगासनों से शरीर का लचीलापन बढ़ता है, वजन नियंत्रित रहता है और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां दूर रहती हैं, इसके साथ-साथ मानसिक एकाग्रता भी बढ़ती है। तत्पश्चात कंधों के बल पूरे शरीर को ऊपर उठकर सर्वांगासन सिखाया। हल के आकार में पैरों को सर के पीछे ले जाकर हलासन सिखाया तथा शीर्षासन के बारे में भी बताया जो की आसनों का राजा माना जाता है।अंत में भाव विभोर करने वाला एक भजन भी सुनाया। इस दौरान डा.सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी,शुभा अग्रवाल, अलका मंगलम, नीतू अग्रवाल, प्रीति, अंजलि,अदिति, कल्पना, सानिया, मीनाली, शिल्पी, निधि ,शिप्रा, मीनाक्षी, रिशु ,तान्या, वंदना, सारिका, हिना, रानी,मधु, मनीषा, ज्योति, आदि का सहयोग रहा।


योग शिविर में योगा करतीं पदाधिकारी।



राहगीरों एवं मरीजों को पिलाया शरबत

हसनपुर। नगर में स्थित सीएचसी में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह के नेतृत्व में समाज सेवा के तहत सीएचसी के प्रवेश द्वार पर राहगीरों एवं मरीजों को शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी में इस पहल को लोगों ने सराहा। इस पुण्य अवसर पर कर्मचारी साथियों के सहयोग से शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शीतल पेय ग्रहण कर राहत प्राप्त की।कार्यक्रम में स्वास्थ्य स्टाफ ने अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य किया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें सीएचसी में आए हुए मरीजों एवं राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया जा रहा है। इस मौके पर सीएचसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

दो सगे भाइयों को थाना कुंदरकी पुलिस ने बीएनएसएस के तहत एसडीएम कोर्ट भेजा



कुंदरकी। थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने पर 02 नफर अभि0गण मौसिब पुत्र अशरफ उम्र करीब 22 वर्ष दूसरे .उवैश खान पुत्र अशरफ उम्र करीब 21 वर्ष नि0गण ग्राम चतुपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद बीएनएसएस में गिरफ्तार कर मा0न्यायालय एसडीएम बिलारी के समक्ष भेजा गया।

गुरु अर्जुन देव शहीदी दिवस पर दीवान सजा कर हुआ पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय


शहीदी दिवस पर सिख समाज ने किया शरबत वितरण। –जागरण मोर्चा

हसनपुर। नगर में स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को सिखों के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गुरु अर्जुन देव ने शहादत दी। वे हंसते-हंसते शहीद हो गए। लेकिन उन्होंने मुगलों के धर्म परिवर्तन की बात को स्वीकार नहीं किया।

श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के द्वारा सिखों के पांचवे गुरु श्री अर्जुन देव जी का शहीदी गुरु पर्व मनाते हुए उनको याद किया, इस दौरान श्री गुरुद्वारा सिंह सभा मैं प्रातः दीवान सजाया गया तथा बाहर से आए हुए रागी जत्थे ने कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद अरदास लगाई गई और श्री गुरु द्वारा साहिब में दूध के शरबत का वितरण किया गया, राहगीरों को रोक रोक कर शरबत पिलाया गया।

इस अवसर पर महेंद्र चावला, सरदार चरणजीत सिंह, मंजीत सिंह, हरजीत सिंह, बबलू, डिम्पी, सर्वेश, कविंदर सिंह, सरदार टीटू सिंह, सरदार नीटू सिंह, चौधरी धीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय


चोरी के बाद घर में बिखरा हुआ सामान।

हसनपुर। सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द निवासी ओमवीर सिंह पुत्र सरदारसिंह ग्रेटर नोएडा में नौकरी करता हैं। 26 मई को पत्नी अपने बच्चों के साथ अपने मायके भटोला शर्की गई हुई थी। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर का ताला तोड़ दिया।

चोर घर के भीतर अलमारी में रखे करीब एक लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, गैस सिलेंडर और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब हुई जब पड़ोसियों ने में गेट का ताला टूटा हुआ देखा तो परिजनों को फोन कर सूचना दी। बुधवार की शाम ओमबीर नोएडा से अपने घर पहुंचा और गुरुवार की सुबह थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी।थानाध्यक्ष संजय प्रताप ने बताया कि पीड़ित की ओर से चोरी की तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया है। तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही मामले का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

महात्मा गांधी स्टेडियम फिजिकल स्टेडिम में कराया योगा

रामपुर। योग क्रीड़ा भारती की ओर से जिला योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिदिन सुबह 5:30 से 6:30 तक महात्मा गांधी स्टेडियम फिजिकल कॉलेज के मैदान में नि:शुल्क योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें बड़ी ही संख्या में बूढ़े, बच्चे और महिलाएं प्रतिभाग कर रहे हैं। शिविर का चौथे दिन महिला पतंजलि योग संस्थान की महामंत्री अनीता शुक्ला, जिला योगासन खेल संघ कोऑर्डिनेटर अंतरा यादव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रोटोकॉल के बारे में समझाया। कुछ खड़े होकर ताड़ आसान, वृक्ष आसान, त्रिकोणासन ,पादहस्तासन, वज्रासन, गोमुखासन, सुखासन, मंडूकासन,और कुछ लेटकर किए जाने वाले आसन, भुजंग, आसन, शव, आसन, मकरासन सेतुबंध आसन कराए। उसके बाद सूक्ष्म क्रियाएं कराई।

पौधा वितरण कर मनाया नाना चूड़ास्मा का जन्म दिवस

जागरण मोर्चा, कार्यालय



नाना चूड़ास्मा का जन्म दिवस पर पौधा वितरण करते। –जागरण मोर्चा

चन्दौसी। जायंट्स के संस्थापक नाना चूड़ास्मा के जन्म दिवस के अवसर पर जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली ने मिल्क मंदिर के बाहर विशाल रूप में पौधों का वितरण किया।

सर्वप्रथम यूनिट निदेशक अंजू राजपूत, कोआर्डिनेटर सीमा वर्मा, फेडरेशन आफिसर रीता बुदियाल, एवं ग्रुप अध्यक्ष डा. मधु तोमर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पदाधिकारियों ने पर्यावरण व जल की कमी के कारणों को बताते हुए पौधारोपण के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पौधे जिसमें तुलसी, बेलपत्र ,नींबू ,आम, करी पत्ता, जामुन, विभिन्न प्रकार के फूलों व औषधीय पौधों का वितरण किया। सदस्यों ने लगभग 125 पौधे वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान लोगों में पौधे लेने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी लोगों ने पौधों की सुरक्षा एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ जिसने लोगों को हरियाली बढ़ाने और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डा.मधु तोमर, अंजू राजपूत, सीमा वर्मा, रीता बुदियाल, डा. मधुपमा वार्ष्णेय, नीरू गोयल, अनुराधा, रेनू वार्ष्णेय, चंचल गोयल ,उषा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

मार्गों पर अवैध पार्किंग और नियम तोड़ने वालों पर चला प्रशासन का डंडा


वाहनों पर कार्रवाई करतीं यातायात पुलिस।

संभल। जनपद में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए गुरुवार को प्रशासन और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाया। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में चन्दौसी चौराहे पर चलाए गए अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया और यातायात बाधित करने वाले 23 वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। अभियान में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अमिताभ चतुर्वेदी, यात्री/मालकर अधिकारी योगेन्द्र कुमार यादव तथा यातायात निरीक्षक सुरेश अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान बिना अनुमति संचालित पाए जाने पर एक बस और एक ऑटो रिक्शा को थाने में निरुद्ध कराया गया। इसके अलावा हेलमेट न लगाने के आरोप में 13 चालान, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने पर 4 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर 4 चालान तथा शराब पीकर वाहन चलाने के दो मामलों में चालान किए गए। अभियान के दौरान वाहन चालकों और आम नागरिकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के प्रति जागरूक भी किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने उमड़ी भीड़



गजरौला। श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन की कथा समापन के बाद गुरूवार को विशाल भण्डारा आयोजित किया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि नगर के बुध बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बुधवार की शाम को सात दिवसीय भागवत कथा का समापन हुआ था। जिसके बाद गुरूवार को हवन यज्ञ के बाद पूर्णाहुति हुयी और भगवान श्री कृष्ण को भोग लगाकर विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दीपक अग्रवाल, कामेंद्र सिंह, नवीन गर्ग, मुनेश नाथ, दिनेश शर्मा, अनिल शर्मा, विजय चौहान, श्वेता गर्ग, निरंकार गौड़ आदि मौजूद रहे।

जमीन घोटाले में आरोपियों को किया पुलिस ने गिरफ्तार

टांडा। थाना टाण्डा क्षेत्र अन्तर्गत धम्मन गांव के जमीन फर्जीवाड़े के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पृथ्वीराज चौहान कॉलेज के सामने ढाबे से गिरफ्तार कर लिया। ये सभी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद सभी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 2 नवंबर 2025 को नवनीत कौर पत्नी कुलवीर सिंह निवासी रामपुर धम्मन वर्तमान निवास काशीपुर, ऊधम सिंह नगर ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि हरवंश सिंह पुत्र बलदेव सिंह की जमीन गाटा संख्या 19, 38 एवं 33 का मौखिक सौदा हुआ था। आरोपी गुरुवचन सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी ग्राम पर्वतपुर और नजरूद्दीन पुत्र सूखा निवासी रामपुर धम्मन ने फर्जी व्यक्ति को हरवंश सिंह बताकर जाली बयनामा तैयार करवा लिया। आरोपियों ने नवनीत कौर को गुमराह करने के लिए जगदीप सिंह पंजाब निवासी को हरवंश सिंह के रूप में पेश किया। फाजिम अली पुत्र शाकिर अली, मोहम्मद आसिम पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम रामपुर धम्मन से उसकी शिनाख्त कराई। इस पूरे फर्जीवाड़े में जाली दस्तावेज, हस्ताक्षर और छल-कपट का सहारा लिया गया। मामले में शुरू में धारा 419, 420, 120-बी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसकी विवेचना के दौरान धारा 467, 468 और 471 को शामिल किया गया। विवेचना अपराध शाखा द्वारा की गई। पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने फाजिम अली पुत्र शाकिर अली,नजरूद्दीन पुत्र सूखा,मोहम्मद आसिम पुत्र नूर मोहम्मद,गुरुवचन सिंह पुत्र अमरीक सिंह को पृथ्वीराज चौहान कॉलेज के सामने ढाबे से गिरफ्तार कर लिया।

दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला। दहेज में 16 लाख रूपये नकद की मांग पूरी न होने पर एक पति ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मौहम्मदाबाद गांव निवासी इसाक की पुत्री सदब का निकाह 09 फरवरी 2023 को थाना रजबपुर के गांव टांडा निवासी जाहिद के पुत्र नूर मौहम्मद के साथ हुआ था।

आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति व ससुराल पक्ष ने सदब को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। 24 अक्तूबर 2025 को उसने एक पुत्री को जन्म दिया तो पुत्र की चाह में ससुराल पक्ष ने इस बात पर भी ताने देने शुरू कर दिए, और सदब से दहेज में 16 लाख रूपये लाने की मांग करने लगे।

जब सदब इस बात का विरोध करती थी तो उसके साथ दुर्व्यव्हार किया जाता। 26 दिसम्बर 2025 को सदब को उसके पति नूर मौहम्मद ने तीन तलाक दे दिया। ससुराल पक्ष के लोगों ने भी नूर मौहम्मद का साथ ही दे दिया।

बीते दिन पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पूरी घटना से रूबरू कराया। पुलिस ने आरोपी नूर मौहम्मद, जाहिद, नाजमा, जान मुहम्मद व सादिक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भागीरथी तीर्थ की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

संभल। जनपद में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रायसत्ती थाना क्षेत्र स्थित भागीरथी तीर्थ की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने अभियान चलाया। दो बुलडोजरों की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि भागीरथी तीर्थ की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था, जिसे नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी और धार्मिक महत्व की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुस्सा विरोध स्वरूप दर्जन भर अधिवक्ताओं ने कार्यालय पर दिया धरना

अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर सब रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय



रजिस्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन करके अधिवक्ता। –जागरण मोर्चा

हसनपुर। उत्तर प्रदेश शासन की प्रस्तावित डिजिटल रजिस्ट्री योजना के विरोध में गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने पुरानी तहसील में स्थित मंदिर प्रांगण से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद बार अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सब रजिस्टार को सौंपा।सब-रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्री कार्य का पूर्ण बहिष्कार जारी रहा। विरोध स्वरूप दर्जन भर अधिवक्ताओं ने कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान महासचिव ब्रजकिशोर, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, वीर सिंह, शेर सिंह भड़ाना, दीवान सिंह, करन सिंह, भगवत सिंह, राजीव शर्मा, फतेह सिंह खड़गवंशी, सूर्य प्रकाश, तौहीद आलम, हितेश त्यागी, अनूप सिंह सहित दर्जनों अधिवक्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

जायंट्स ग्रुप के संस्थापक नाना चूड़ास्मा का मनाया जन्म दिवस

चन्दौसी। जायंट्स ग्रुप का महिला नव शक्ति के तत्वावधान में गौशाला रोड प्राचीन शिव मंदिर पर जायंट्स ग्रुप के संस्थापक स्मृति शेष पद्मश्री नाना चूड़ास्मा के जन्म दिवस पर गर्मी से परेशान राहगीरों को शिविर लगाकर शरबत का वितरण किया गया।इस दौरान सरोज शर्मा, कांता शर्मा, अभिलाषा प्रजापति, सुभ्रा शर्मा, रश्मि वर्मा, प्रिया मखीजा, खुशबू शर्मा, नीता सिंह, मीरा दुबे, सपना गुप्ता आदि सदस्य मौजूद रहे।

शेखूपुर में सपा के पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का तूफानी दौरा, जनसभाओं में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



शेखूपुर में पूर्व मंत्री अमित राजा का स्वागत करते लोग। -जागरण मोर्चा



सभा को संबोधित करते पूर्व मंत्री आबिद राजा। -जागरण मोर्चा

बदायूं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने गुरुवार को शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के भमुईया, भदासिया, बड़ी गौरामई, उरोलिया और ईकरी गांवों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने उनका ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। युवाओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर उनका जोरदार अभिनंदन किया, जबकि महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर समर्थन जताया।

गांव-गांव आयोजित जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने एक स्वर में आबिद रज़ा से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में शेखूपुर से प्रत्याशी बनने का आग्रह किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ वर्षों से राजनीतिक अन्याय हुआ है, जिसके कारण क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक चुने गए जनप्रतिनिधियों ने जनता के वोट का सही सम्मान नहीं किया।

आबिद रज़ा ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां न तो सरकारी डिग्री कॉलेज है और न ही पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि "जब बच्चों को शिक्षा नहीं मिलेगी तो उनका भविष्य कैसे संवर पाएगा।" उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में जनता को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

उन्होंने वर्ष 2027 के चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सेक्युलर ताकतों—हिंदू, मुस्लिम और दलित समाज—को एकजुट होकर पीडीए को मजबूत करना होगा, तभी समाजवादी पार्टी की सरकार बन सकेगी और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जा सकेगा।

पूर्व मंत्री ने जनता को भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें सेवा का मौका मिला तो क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कराया जाएगा। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उच्च शिक्षा के लिए इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज की स्थापना तथा गांव-गांव तक पक्की सड़कों का निर्माण कराने का वादा किया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य हर चेहरे पर खुशहाली लाना है।

इस दौरान अवधेश यादव, सुनील यादव, ब्रह्मपाल यादव, अशोक यादव, सोनू यादव, विकास यादव, भूप सिंह यादव, राजिक खान, सद्दाम, अंसार, अमित गुप्ता, अब्दुल हन्नान खान, अकरम, राशिद अली खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

सार संक्षेप



निरीक्षण करते एसडीएम बिसौली। -जागरण मोर्चा

अमृत सरोवर योजना के तहत एसडीएम ने किया तालाबों का निरीक्षण, पौधरोपण व सफाई के दिए निर्देश

बिसौली। उप जिलाधिकारी साई आश्रित शाख मुरी ने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे तालाबों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों के किनारों पर छायादार एवं सजावटी पौधारोपण कराया जाए, जिससे तालाब न केवल संरक्षित रहें बल्कि आकर्षक भी दिखाई दें। बृहस्पतिवार को विकास खंड बिसौली क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से एसडीएम ने आधा दर्जन से अधिक गांवों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खजुरिया, शेखुपुरा, परोली, आलमपुर, नगला वराह और अक्कीपुर चिंचेटा गांवों में अमृत सरोवर के तहत बनाए गए तालाबों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बरसात से पूर्व तालाबों की सफाई कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल का संचय बेहतर ढंग से हो सके। एसडीएम श्री मुरी ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाबों के पाथवे (मार्ग) को व्यवस्थित किया जाए और उनके किनारों पर पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने तालाबों के संरक्षण एवं विकास को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि जल संकट से निपटने के लिए पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि अमृत सरोवर योजना के तहत विकसित किए जा रहे तालाबों को जीवंत, उपयोगी और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके।

डेंगू-मलेरिया से बचाव को नगर पालिका का फॉगिंग अभियान तेज

बिसौली। नगर पालिका द्वारा डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों की रोकथाम के लिए शहर में विशेष फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव, फॉगिंग और नालियों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और पूरे नगर को साफ-सुथरा व बीमारी मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पालिका लिपिक राजीव कुमार ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि दवा के छिड़काव के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं को ढककर रखें, ताकि किसी प्रकार की हानि न हो। उन्होंने बताया कि नगर के मोहल्लों, गलियों और नालियों में नियमित रूप से दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जिससे संक्रामक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।



शहर में फॉगिंग करता वाहन। -जागरण मोर्चा

मक्का तोड़ने गए युवक की करंट से मौत, भतीजी गंभीर रूप से झुलसी

दातागंज में हुए दर्दनाक हादसे से परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय





बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव खानपुर दया में एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। खेत में मक्के की फसल तोड़ने गए 32 वर्षीय युवक की हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ गई उसकी 12 वर्षीय भतीजी गंभीर रूप से झुलस गई। जिसका बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है।उधर,पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है।

मृतक की पहचान सुनील (32) पुत्र देव सिंह, निवासी खानपुर दया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुनील अपनी भतीजी प्रतीक्षा (12) पुत्री अजीत के साथ खेत में मक्का के भुट्टे तोड़ने गया था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेत की तारकशी पर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर सुनील ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। करंट की चपेट में आने से पास खड़ी प्रतीक्षा भी बुरी तरह झुलस गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण खेत की ओर दौड़े। आनन-फानन में झुलसी हुई किशोरी को उपचार के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।

बताया जा रहा है कि मृतक सुनील के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसके दो मासूम बच्चे हैं — एक 7 वर्ष का और दूसरा 5 वर्ष का। सुनील की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है।

सूचना मिलने पर दातागंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसा खेत के ऊपर से गुजरे जर्जर बिजली के तार से करंट लगने के कारण माना जा रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रहे तार काफी नीचे लटके हुए हैं, जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बदायूं सड़क हादसा

एक साथ उठीं चार महिलाओं की अर्थियां, हर आंख हुई नम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। उझानी में बरेली-मथुरा हाईवे पर बुधवार को हुए हादसे के बाद कछला के मोहल्ला मुरावन नगला में मातम पसरा है। बृहस्पतिवार को डालचंद्र के परिवार की चार महिलाओं में राजकुमारी उनके बेटे भोजराज की बहू सरला व गंगा श्री उर्फ आरती व रेवती की अर्थियां उठीं तो हर आंख नम हो गई। बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। कछला गंगा घाट पर चार महिलाओं का अंतिम संस्कार किया गया।जबकि नारायणी देवी व राजकुमारी की भी अर्थी अपने अपने घर से उठी

बदायूं के इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। उझानी के पास बरेली-मथुरा हाईवे पर हुए इस हादसे में एक ही परिवार की कई महिलाओं की मौत ने मातम का माहौल पैदा कर दिया।

कछला के मोहल्ला मुरावन नगला में गुरुवार का दिन बेहद गमगीन रहा। जब एक ही परिवार की चार महिलाओं—राजकुमारी, सरला (भोजराज की बहू), गंगा श्री उर्फ आरती और रेवती—की अर्थियां एक साथ उठीं, तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। परिवार और आसपास के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

कछला गंगा घाट पर सभी चार महिलाओं का अंतिम संस्कार किया गया। शोक और संवेदना का माहौल इतना गहरा था कि हर कोई इस घटना को याद कर भावुक हो उठा। बताया जा रहा है कि हादसे में अन्य महिलाओं—नारायणी देवी और एक अन्य राजकुमारी—की भी अलग-अलग घरों से अर्थियां उठीं, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर और गहरी हो गई।

यह हादसा न सिर्फ एक परिवार बल्कि पूरे इलाके के लिए बड़ा सदमा बन गया है। ऐसे समय में सभी लोग पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना कर रहे हैं।

छापेमारी से पहले ही बंद मिले जच्चा-बच्चा केंद्र, अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय





- छापे की भनक लगते ही संचालक फरार, बिना पंजीकरण चल रहे केंद्रों पर उठे मिलीभगत के सवाल

बदायूं। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रहे जच्चा-बच्चा केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। एसीएमओ के नेतृत्व में पहुंची टीम को देखते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। छापेमारी की सूचना मिलते ही अधिकांश केंद्रों के संचालकों ने जल्दबाजी में अस्पतालों के शटर गिरा दिए और मौके से फरार हो गए। टीम जब विभिन्न स्थानों पर पहुंची तो कई अस्पताल बंद मिले, जिससे उनकी कार्यप्रणाली और वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ये केंद्र नियमों के अनुरूप संचालित हो रहे होते तो संचालकों को इस तरह भागने की आवश्यकता नहीं पड़ती। आरोप है कि कई अस्पताल बिना लाइसेंस, बिना प्रशिक्षित चिकित्सकों और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के संचालित किए जा रहे थे, जिससे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की जान खतरे में पड़ रही थी। छापेमारी के दौरान अधिकांश अस्पतालों का बंद मिलना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध स्वास्थ्य सेवाओं का नेटवर्क सक्रिय था। वहीं लोगों के मन में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या स्वास्थ्य विभाग को पहले से इन केंद्रों की जानकारी थी, और यदि थी तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भाजपा प्रतिनिधियों का नाम लेने पर भड़के शिक्षा अधिकारी, पीड़ित ने की पीएम-सीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मदर्स प्राइड स्कूल आंवला के प्रिंसिपल एवं खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर आंवला पर गंभीर आरोप लगे हैं। क्षेत्र निवासी एवं भाजपा पदाधिकारी विपिन गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उनके बच्चों के साथ स्कूल में मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की गई, जिसकी शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी राजेश के पास जांच के लिए पहुंची थी।

पीड़ित का कहना है कि 12 जून को खंड शिक्षा अधिकारी ने फोन कर स्कूल फीस न देने की बात कही, जबकि ऐसा नहीं था। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जांच के दौरान बच्चों के बयान लेने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है। आरोप है कि अधिकारी ने फोन पर ही मामले को रफा-दफा करने की बात कही।

इसके बाद 18 जून को पुनः फोन कर अधिकारी ने एक पत्र भेजने की बात कही और उपस्थित न होने का आरोप लगाया, जबकि पीड़ित के अनुसार पत्र 17 जून को बाद में तैयार कर भेजा गया था। जब विपिन गुप्ता ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए क्षेत्र के भाजपा जनप्रतिनिधियों का जिक्र किया, तो अधिकारी भड़क गए और दबाव में काम न करने की बात कही।

पीड़ित के अनुसार, स्कूल प्रबंधन और अधिकारी ने यहां तक कह दिया कि जहां शिकायत करनी है कर लो, उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस पूरे मामले से आहत होकर विपिन गुप्ता ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क, अधिकारियों ने किया मार्ग निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



कावड़ यात्रा का रूट देखते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

बदायूं। आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन सेवाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक के उपरांत जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने रोड सेफ्टी व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों तथा मार्ग में संभावित अवरोधों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रशासन का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

तमंचा और चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। थाना दातागंज पुलिस ने अवैध शस्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के आदेश पर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दातागंज के पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण और वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 18 जून 2026 को थाना दातागंज पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित पुत्र सतीश श्रीवास्तव एवं लालजीत पुत्र वेद्यनाथ निवासी ग्राम कुंडरा खरसाई, थाना दातागंज, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को ग्राम बराही सहोरा जाने वाले खड़ंजे मार्ग से गिरफ्तार किया।


बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
• सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
• चेहरे पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
• जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
• बारबार बुखार आना व न उतरना
• कमजोरी सा लगना व भूख न लगना
• बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
• भूख कम करना, कब्ज (गिलावट) खुमार, पुराना टाइफाइड (हरपिट)
• पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
• एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
• घुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
• शुरिश एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
• हार्ड या लो बी. पी.
• हार्ड या लो शुगर की बीमारी, बायरॉइड, उल्टी
• दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
• खून की कमी व विटामिन की कमी
• जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
• जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएं
• नींद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
• बिडमिंट्रापन, काम करने की समस्या
• दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
• पेशाब आना मस्कली सिकायर्त व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

मेला

सरकारी योजनाओं से जुड़कर लोगों से आत्मनिर्भर बनने का आवाहन किया

लोक कल्याण मेले का शुभारंभ, फातमा रजा ने वितरित किए प्रमाण पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



उद्घाटन करती नगर पालिका अध्यक्ष फातिमा राजा। -जागरण मोर्चा

बदायूं। नगर पालिका परिषद बदायूं द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेले का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष फातमा रजा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और रेहड़ी-पटरी दुकानदारों से सरकारी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष फातमा रजा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इस योजना के अंतर्गत बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे लाभार्थी अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें और अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकें। उन्होंने बताया कि इच्छुक पथ विक्रेता मेले में पहुंचकर सीधे आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिन लाभार्थियों ने अपने ऋण का समय पर भुगतान किया है, वे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए क्रेडिट कार्ड हेतु भी आवेदन कर सकते हैं। पालिकाध्यक्ष ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में छोटे व्यापारियों के लिए ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था बेहद जरूरी हो गई है। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ती है बल्कि व्यापार में भी वृद्धि होती है।

अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोक कल्याण मेला केवल प्रमाण पत्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनजागरूकता और प्रशिक्षण का भी महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि मेले में दुकानदारों और पथ विक्रेताओं को यूपीआई, क्यूआर कोड, मोबाइल बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान के विभिन्न माध्यमों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मेले में छोटे व्यापारियों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली और बड़ी संख्या में लोग योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे। इस अवसर पर सभासद मोहित सक्सेना, आशीष कश्यप, मनोज कश्यप, नवेद, हिमांशु कठेरिया, पंकज शर्मा, केएल गुप्ता, रचना सपरा, दीपक सक्सेना, सूर्य प्रकाश सक्सेना, इकबाल गनी, सचिन सक्सेना, राकेश सोनकर, अपूर्व अग्रवाल, प्रवेश कुमार, दिव्यांश शर्मा, आजाद हुसैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

एमएफ हाइवे पर डिग्री कालेज के सामने ट्रांसफार्मर से तेल और कापर चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा सैदपुर में बेखौफ चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एफएम हाईवे पर स्थित डिग्री कालेज के सामने लगे 250 केवीए के भारी-भरकम ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया है। चोरों ने नदवारी गांव के समीप हतरा कृषि पोषक फीडर के इस विद्युत परिवर्तक का ढक्कन खोलकर उसमें से कीमती तेल और कॉपर बाइंडिंग पार कर दी। मेन हाईवे पर हुई इस दुस्साहसिक वारदात से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

यह घटना बीती गुरुवार की रात की है, जब कस्बा से करीब एक किलोमीटर दूर अज्ञात चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने न केवल कीमती सामान चुराया, बल्कि ट्रांसफार्मर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त भी कर दिया। शुक्रवार सुबह जब इस घटना की जानकारी सैदपुर विद्युत उपकेंद्र के प्रभारी अवर अभियंता जसवीर सिंह को मिली तो वह तुरंत अपने लाइनमैन लालाराम और मचकेन्द्र कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने डायल 112 को सूचित किया और उच्च विभागीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। जेई जसवीर सिंह ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। विद्युत विभाग के अनुसार, इस चोरी के कारण क्षेत्र की कृषि आपूर्ति ठप हो गई है। हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग पर पुलिस गश्त के दावों के बीच इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अवर अभियंता जसवीर सिंह ने बताया कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि इसी 11 केवी हतरा कृषि फीडर ट्रांसफार्मर को इसी साल फरवरी माह में दो बार निशाना बनाया गया था। पूर्व में दिनांक 13 और 14 फरवरी को भी चोरों ने इसे क्षतिग्रस्त कर तेल और कॉपर चोरी किया था।


सम्पादकीय

विश्व शांति एवं संतुलन के लिए आत्ममंथन हो जी-7 बैठक में

फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा और युद्ध जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह मंच एकत्रित हुआ है। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या जी-7 आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है, जितना उसकी स्थापना के समय था? क्या यह संगठन वास्तव में वैश्विक समस्याओं के समाधान का मंच बन पाया है अथवा यह कुछ शक्तिशाली देशों के हितों की रक्षा का माध्यम बनकर रह गया है? क्या इस मंच की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने स्वार्थों के चलते धुंधलाने में लगे हैं? विश्व में शांति स्थापना, संतुलित आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बने विभिन्न वैश्विक संगठनों की सफलता का मूल्यांकन उनके परिणामों से होता है, न कि उनके घोषणापत्रों से। दुर्भाग्य से जी-7 के संदर्भ में यह प्रश्न बार-बार उठता रहा है कि उसके निर्णयों और घोषणाओं का वास्तविक प्रभाव कितना है। पिछले वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और बढ़ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के समाधान में यह संगठन अपेक्षित भूमिका निभाने में सफल नहीं दिखा है। जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषतः ईरान-इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था का धराशायी कर दिया और यह अब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे। यही कारण है कि जी-7 के भीतर आज पहले जैसी एकजुटता दिखाई नहीं देती। फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और जापान जैसे देश कई मुद्दों पर अमेरिका से अलग दृष्टिकोण रखते हैं। ईरान युद्ध ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रश्न पर, वैश्विक व्यापार के नियमों पर और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका को लेकर भी मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यह अपेक्षा करना कठिन है कि यह संगठन विश्व की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए कोई सर्वमान्य और प्रभावी रणनीति प्रस्तुत कर पाएगा। इस सम्मेलन में भारत की उपस्थिति विशेष महत्व रखती है। भारत भले ही जी-7 का सदस्य न हो, लेकिन उसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति, वैश्विक प्रतिष्ठा और विकासशील देशों के प्रतिनिधि स्वरूप ने उसे इस मंच का एक महत्वपूर्ण सहभागी बना दिया है। यह अवसर केवल भारत की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का नहीं, बल्कि उन विकासशील और निर्धन देशों की आकांक्षाओं को मुखर करने का भी है, जिनकी आवाज अक्सर वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में दब जाती है। आज अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देश आर्थिक संकट, खाद्य असुरक्षा, जलवायु आपदाओं और ऋण के बोझ से जूझ रहे हैं। उनकी प्राथमिकताएं जी-7 देशों की प्राथमिकताओं से भिन्न हैं। इसलिए भारत को यह प्रश्न उठाना चाहिए कि क्या विश्व की दिशा तय करने का अधिकार केवल कुछ विकसित देशों तक सीमित रहना चाहिए? क्या वैश्विक शासन व्यवस्था को अधिक लोकतांत्रिक, समावेशी और प्रतिनिधिक नहीं बनाया जाना चाहिए? यह समय विकासशील देशों की आवाज को मजबूती देने और वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं को केंद्र में लाने का है। जी-7 की प्रासंगिकता पर सबसे बड़ा प्रश्न उसकी प्रभावशीलता को लेकर है। यदि कोई संगठन विश्व की प्रमुख समस्याओं को रोकने या सुलझाने में सक्षम नहीं है, तो उसकी उपयोगिता स्वतः प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से जारी है। पश्चिम एशिया लगातार अशांत बना हुआ है। आतंकवाद और कट्टरता की चुनौतियां बनी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया अभूतपूर्व संकटों का सामना कर रही है। इसके बावजूद वैश्विक नेतृत्व देने का दावा करने वाले मंचों की उपलब्धियां सीमित दिखाई देती हैं। हाल के दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा शांति और सहमति की दिशा में बढ़ने की खबरों ने पूरी दुनिया को राहत दी है। लंबे समय से चल रहे तनाव के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ रही थी और इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा था। जैसे ही दोनों देशों के बीच समझौते और संवाद की संभावनाएं मजबूत हुईं, दुनिया भर के वित्तीय बाजारों में सकारात्मक संकेत दिखाई दिए।

न्याय संहिता के बल पर अर्बन नक्सल जैसी समस्याओं से निपटने की चुनौतियाँ

सरकार का विश्वास रहा है कि नए आपराधिक कानून आतंकवाद, संगठित अपराध, साइबर अपराध तथा विदेशी समर्थन प्राप्त अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अधिक प्रभावी कार्रवाई का आधार प्रदान करेंगे। वहीं विधि विशेषज्ञ इस बात पर बल देते हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य आवश्यकता है।



■ आलोक मेहता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में निरंतर बने रहने के 12 वर्ष और 4399 दिन के ऐतिहासिक रिकॉर्ड पर अनेक उपलब्धियों की चर्चा हुई। लेकिन भारतीय न्याय व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव के लिए बनी न्याय संहिता का उल्लेख नहीं दिखाई दिया। जबकि इसके दो वर्ष के प्रारंभिक चरण में ही ब्रिटिश राज वाले कानूनों में हुए बड़े परिवर्तन का असर दिखने लगा है। नक्सल समस्या के आतंक से मुक्ति का लक्ष्य मार्च 2026 में बहुत हद तक पूरा हो गया। लेकिन अर्बन नक्सल का नासूर और विदेशी फंडिंग से भारत विरोधी गतिविधियों और प्रचार पर नियंत्रण के लिए अभी कानूनों में और भी संशोधनों, परिवर्तनों की चुनौतियाँ है। हाल ही में कुछ ऐसे ही गंभीर आपराधिक मामलों में उच्च न्यायालयों के फैसलों से कानूनी कमियों की बातें सामने आई हैं। यह अवश्य है कि इंफोर्समेंट डायरेक्टरेट या सीबीआई सुप्रीम कोर्ट में अपील कर अधिकाधिक प्रमाण प्रस्तुत करके दोषियों को दण्डित करवाने के प्रयास कर रही है।

याद रहे 1 जुलाई 2024 से ब्रिटिश काल से चले आ रहे तीन प्रमुख कानून–भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इंडियन एवीडेंश एक्ट)–की जगह क्रमशः भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) ने ले ली। ब्रिटिश शासन के 1500 से अधिक पुराने कानूनों को समाप्त कर दिया गया है।1947 में भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, 2024 के बाद यह मुद्दा उठने लगा कि क्या भारत अपनी न्यायिक और विधिक संरचना को भी पूरी तरह औपनिवेशिक विरासत से मुक्त कर पाएगा? भारतीय न्याय संहिता इस यात्रा का अंत नहीं, बल्कि प्रारंभ है। इसी सन्दर्भ में पिछले दिनों एक प्रकरण में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, ऑनलाइन मीडिया में विदेशी पूंजी के दुरुपयोग से भारत विरोधी गतिविधियों को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ाने के गंभीर आरोपों के बावजूद दिल्ली की हाईकोर्ट से राहत चिंता का विषय बना है। ईडी अब इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वाला है, लेकिन यह प्रमाण है कि न्याय संहिता के लिए अभी जांच एजेंसियों, पुलिस आदि को अधिक कानूनी अधिकार और संसाधन जुटाने की आवश्यकता होगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने न्याय संहिता को संसद में पारित करने पर इन कानूनों को स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े आपराधिक न्याय सुधारों में से एक बताते हुए कहा कि था कि आने वाले वर्षों में भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक प्रणाली बन सकती है। पुलिस, फोरेंसिक विज्ञान, अभियोजन और न्यायालयों को डिजिटल माध्यम से जोड़कर न्याय को तेज, पारदर्शी बांया जा रहा है। दशकों तक ऐसे कानून थे जिनकी मूल संरचना औपनिवेशिक शासन की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुई थी। उनका मुख्य उद्देश्य शासन व्यवस्था बनाए रखना था, जबकि आधुनिक लोकतंत्र में कानून का उद्देश्य नागरिक अधिकारों की रक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। साइबर अपराध, डिजिटल साक्ष्य, संगठित अपराध, आतंकवाद, वित्तीय अपराध और अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए पुराने कानून पर्याप्त नहीं थे। इसलिए व्यापक संशोधन किए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औपनिवेशिक काल के पुराने कानूनों को समाप्त कर स्वदेशी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएस) लागू करने को ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका कहना है कि इन कानूनों का मूल उद्देश्य केवल 'दंड देना' नहीं, बल्कि 'न्याय सुनिश्चित करना' है, जो नागरिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हैं। भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के संपूर्ण स्वरूप का आधार है। भारतीय संविधान की भावना से प्रेरित भारतीय न्याय संहिता का लागू होना गौरवशाली है, क्योंकि राष्ट्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां वह विकसित भारत के संकल्प की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी ध्यान दिलाया कि देश की नई न्याय संहिता बनाने की प्रक्रिया उतनी ही व्यापक रही है जितनी कि स्वयं संहिता। इसमें देश के कई प्रसिद्ध संविधान और कानूनी विशेषज्ञों का परिश्रम शामिल है। सर्वोच्च न्यायालय के कई मुख्य न्यायाधीशों के सुझावों के साथ-साथ देश के कई उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और अन्य सामाजिक राजनैतिक संगठनों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे।

भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में हर पीड़ित के प्रति संवेदनशीलता है। न्याय संहिता यह सुनिश्चित करती है कि कानून पीड़ित के साथ खड़ा रहे। 'नागरिक सर्वोपरि, न्याय संहिता का मूल मंत्र है।' ये कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और न्याय की सुगमता का आधार बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज कराना बेहद मुश्किल था। अब जीरो एफआईआर वैध हो गई है और अब कहीं से भी मामला दर्ज किया जा सकता है। नई न्याय संहिता के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के रूप में मानवता और संवेदनशीलता पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने कहा कि अब आरोपी को बिना सजा के लंबे समय तक जेल में नहीं रखा जा सकेगा और अब 3 साल से कम सजा वाले अपराधों के मामले में भी गिरफ्तारी केवल उच्च अधिकारी की सहमति से ही की जा सकती है। छोटे अपराधों के लिए अनिवार्य जमानत का प्रावधान भी किया गया है। न्याय संहिता में प्रत्येक मामले के प्रत्येक चरण को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करके आरोपपत्र दाखिल करने और फैसले जल्दी सुनाने को प्राथमिकता दी गई है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रत्येक विभाग, प्रत्येक एजेंसी, प्रत्येक अधिकारी और प्रत्येक पुलिसकर्मी से न्याय संहिता के नए प्रावधानों को जानने और उनके सार को समझने की आवश्यकता हैं। राज्य सरकारों द्वारा न्याय संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हैं। न्याय संहिता को जितना अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, देश का भविष्य उतना ही बेहतर और उज्ज्वल होगा।

सरकार का विश्वास रहा है कि नए आपराधिक कानून आतंकवाद, संगठित अपराध, साइबर अपराध तथा विदेशी समर्थन प्राप्त अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अधिक प्रभावी कार्रवाई का आधार प्रदान करेंगे। वहीं विधि विशेषज्ञ इस बात पर बल देते हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य आवश्यकता है। कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने न्याय संहिता पर पुस्तकें लिखी अथवा सार्वजनिक मंचों पर विचार व्यक्त किए। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और लेखक अश्विनी दुबे ने सबसे पहले इस विषय पर बहुत अच्छी पुस्तक 'एन्ड ऑफ कोलोनियल लॉज 'लिखी, जिसे सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों ने महत्वपूर्ण बताया। यह पुस्तक केवल नए आपराधिक कानूनों की चर्चा नहीं करती, बल्कि उस व्यापक सोच को रेखांकित करती है जिसके तहत स्वतंत्र भारत की विधिक व्यवस्था को औपनिवेशिक विरासत से मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। अश्विनी दुबे तर्क देते हैं कि भारत अब केवल कानूनों के नाम बदलने की प्रक्रिया में नहीं है, बल्कि शासन, न्याय और नागरिक अधिकारों के पूरे ढाँचे को भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप पुनर्परिभाषित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

इसी तरह सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता अमन सिन्हा ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को भारत की न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक काल से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में विभिन्न मंचों पर रखा है। उनके प्रमुख कानूनी विश्लेषण और राजनीतिक रुख आपराधिक कानून के आधुनिकीकरण, औपनिवेशिक काल के पूर्वाग्रहों को समाप्त करने और त्वरित, नागरिक-केंद्रित न्याय सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। सिन्हा बीएनएस (बीएनएसएस और बीएसए के साथ) को एक परिवर्तनकारी छलांग के रूप में देखते हैं जो ब्रिटिशों द्वारा उपनिवेशवादियों की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनों को भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए बनाई गई प्रणाली से बदल देती है। एक वरिष्ठ कानूनी विशेषज्ञ के रूप में, सिन्हा अक्सर इस बात पर जोर देते हैं कि संहिता के अद्यतन संरचनात्मक ढांचे ने पुरातन जटिलताओं को कम कर दिया है, जिससे समय पर न्याय दिलाने के लिए कानूनी कार्यवाही में काफी तेजी आई है। पुराने औपनिवेशिक कानूनों पर सरकार के रुख का बचाव करते हुए, वे औपनिवेशिक दंडात्मक मानसिकता के बजाय भारतीय सामाजिक-कानूनी वास्तविकताओं पर लक्षित सुधारों की वकालत करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित ने इन नए कानूनों के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने कहा है कि 'यद्यपि औपनिवेशिक विरासत और मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होना आसान नहीं है, फिर भी भारतीय न्याय संहिता) कानून को आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने में सफल रही है। उन्होंने विशेष रूप से सामुदायिक सेवा को दंड के एक वैकल्पिक स्वरूप के रूप में शामिल किए जाने की सराहना की। साथ ही उनका मानना है कि देशद्रोह से जुड़े प्रश्न का पुनर्गठन इस प्रकार किया गया है कि वह सर्वोच्च न्यायालय के पहले दिए गए निर्णय द्वारा निर्धारित संवैधानिक सिद्धांतों और कानूनी ढाँचे के अनुरूप हो सके।' फिर भी अधिकांश कानूनी विशेषज्ञ और देश के व्यापक हितों, सुरक्षा तंत्र से जुड़े पूर्व अधिकारियों का मानना हैं कि न्याय संहिता के लिए अभी पुलिस व्यवस्था में सुधार, न्याय पालिका के लिए आधुनिक सुविधाएं, अधिक जजों की नियुक्तियों और राष्ट्र विरोधी आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए कानूनी संशोधनों की आवश्यकता हैं।

(लेखक पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ संपादक हैं)

जनसांख्यिकी बदलती है राष्ट्रों की नियति



■ विप्लव विकास

देश में जनगणना की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन जनगणना केवल जनसंख्या गिनने का अभ्यास नहीं, बल्कि राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य को समझने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। यह वह अवसर है जब हमें आँकड़ों के पीछे छिपे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों और उनके सांस्कृतिक, सामाजिक तथा राजनीतिक प्रभावों का गंभीर अध्ययन करना चाहिए। इकबाल की प्रसिद्ध पंक्ति 'यूनान-ओ-मिस्र-ओ-रूमा सब मिट गए जहाँ से... 'सुनकर एक प्रश्न मन में उठता है कि आखिर इतनी महान सभ्यताएँ इतिहास के मंच से कैसे विलुप्त हो गईं? उनके भूभाग, नदियाँ और संसाधन तो आज भी मौजूद हैं, पर उनकी मूल सांस्कृतिक पहचान इतिहास की स्मृतियों तक सीमित होकर रह गई। कारण यह नहीं था कि भूमि नष्ट हो गई, बल्कि उस भूमि का सांस्कृतिक और जनसांख्यिकीय चरित्र बदल गया।

इतिहास बताता है कि जब किसी क्षेत्र का जनसंख्या संतुलन निर्णायक रूप से बदलता है, तो उसके साथ संस्कृति, राजनीति और सामाजिक दिशा भी बदलने लगती है। आज का युग पारंपरिक युद्धों का नहीं, बल्कि जनसांख्यिकीय प्रतिस्पर्धा का है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में संख्या केवल आँकड़ा नहीं, बल्कि शक्ति का स्रोत होती है। इसलिए जनगणना के आँकड़ों को केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के दीर्घकालिक चरित्र और सभ्यतागत भविष्य के संकेतक के रूप में देखना आवश्यक है।

इस सन्दर्भ में स्पेन के उदाहरण को देखना होगा। स्पेन, जो कभी पूरी तरह ईसाई देश था, आठवीं शताब्दी में जनसांख्यिकीय और सैन्य आक्रमण का शिकार हुआ। वर्ष 711 में उमय्यद खिलाफत के मुस्लिम आक्रमणकारियों ने इबेरियन प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया। देखते ही देखते, अगले कुछ दशकों में वहाँ की जनसांख्यिकी को पूरी तरह बदल दिया गया। चर्चों को मस्जिदों में बदला जाने लगा और स्पेन की मूल कल्चरल पहचान को दबाकर उसे इस्लामिक अमीरात (अल-अंडालूस) घोषित कर दिया गया। स्पेन की मूल आबादी अपने ही देश में अल्पसंख्यक या दोयम दर्जे की नागरिक बन गई। परंतु, स्पेन का इतिहास हमें सांस्कृतिक पुनर्जागरण और जनसांख्यिकीय प्रतिरोध का एक अद्वितीय उदाहरण भी पेश करता है। अपनी खोई हुई पहचान और भूमि को वापस पाने के लिए स्पेन के मूल निवासियों ने जो संघर्ष शुरू किया, उसे इतिहास में 'रिकॉन्क्विस्टा' यानी 'पुनर्विजय' के नाम से जाना जाता है। यह कोई छोटा-मोटा आंदोलन नहीं था, बल्कि यह 700 वर्षों तक पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला एक महा-संग्राम था। अंततः, वर्ष 1492 में ग्रेनाडा के पतन के साथ स्पेन ने अपनी खोई हुई पहचान को पूर्णतः वापस पाया और वह पुनः एक क्रिश्चियन देश बना। स्पेन का यह 700 साल का लंबा संघर्ष यह साबित करता है कि जनसांख्यिकी और संस्कृति को खोना जितना आसान है, उसे वापस पाने में पीढ़ियों का रक्त और सदियों का समय लग जाता है।

भूगोल बदलने से बहुत पहले वहाँ की जनसांख्यिकीय संरचना को योजनाबद्ध तरीके से बदला जाता है। हमारे सामने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के प्रत्यक्ष उदाहरण मौजूद हैं। ये क्षेत्र कभी उपनिषदों की ऋचाओं, भगवान बुद्ध के धम्म और पंचतंत्र की कहानियों के जीवंत सांस्कृतिक केंद्र थे। तक्षशिला और शारदा पीठ जैसे महान ज्ञान केंद्र इसी भूमि पर स्थित थे। परंतु, जैसे-जैसे इन क्षेत्रों में जनसंख्या का चरित्र बदला, वैसे-वैसे इनका भूगोल और राजनीतिक निष्ठा भी भारत की सांस्कृतिक परिधि से हमेशा के लिए बाहर हो गई। बामियान में बुद्ध की विशाल प्रतिमाओं का तोड़ा जाना उस पूरे भूगोल के प्राचीन चरित्र की अंतिम विदाई की आधिकारिक घोषणा थी।



संख्या बल और समाज की सांस्कृतिक प्रकृति ही वह अदृश्य कील होती है, जो किसी भी भूखंड को राष्ट्र के मानचित्र से मजबूती से बांध कर रखती है। जब वह कील ढीली पड़ती है, तो भूगोल का उखड़ना निश्चित हो जाता है।1990 के दशक में कश्मीरी हिंदुओं का उनके ही पैतृक घरों से रातों-रात सामूहिक निष्कासन केवल एक सांप्रदायिक दंगा नहीं था। वह वास्तव में एक विशिष्ट समाज के संपूर्ण उन्मूलन और एक निश्चित क्षेत्र के राजनीतिक चरित्र को बदलने का अत्यंत सफल और क्रूर 'डेमोग्राफिक क्लींजिंग' का प्रयोग था। आज कश्मीर घाटी का जो स्वरूप हमारे सामने है, वह इसी जनसांख्यिकीय असंतुलन का परिणाम है। किसी भी समाज या राष्ट्र की 'हस्ती' और उसकी सांस्कृतिक स्वतंत्रता तभी तक बची रहती है, जब तक उस समाज के मूल लोग अपनी पैतृक भूमि पर प्रभावी संख्या बल में विद्यमान रहते हैं। जनसांख्यिकी का असंतुलन अंततः राष्ट्र के विभाजन या उसकी मूल चेतना की मृत्यु का मार्ग प्रशस्त करता है। ऐसे में, इकबाल की जो पंक्तियाँ सुनने में बहुत कर्णप्रिय और सांत्वनापूर्ण लगती हैं, वे वास्तव में एक जीवंत समाज को गहरे आत्ममुग्धता और छद्म सुरक्षा-बोध की निद्रा में सुला देने वाली एक बेहद खतरनाक लोरी भी साबित हो सकती हैं। भारत एक निःशस्त्र परन्तु घातक युद्ध के सम्मुखीन है। जनसंख्या के मोर्चे पर यह जो युद्ध है, यदि आज की पीढ़ी ने इस परिस्थिति में इतिहास के इन सबकों को नहीं सीखा, स्पेन के 700 वर्षों के संघर्ष को नहीं समझा, और सीख नहीं ली, तो आने वाली पीढ़ियों के पास केवल पछतावा ही शेष रहेगा। जनगणना के इस दौर में, यह आँकड़ों से परे जाकर अपनी सांस्कृतिक सीमाओं को सुरक्षित करने का संकल्प लेने का समय है।

(लेखक कोलकाता निवासी स्तंभकार हैं)

वाई-ब्रेक योग: कॉरपोरेट लाइफस्टाइल में 'मर्म' चिकित्सा और सुचारू रक्त परिसंचरण का महामंत्र



डॉ. कुलदीप चौहान

आधुनिक युग की गति जितनी तीव्र है, हमारा शारीरिक जीवन उतना ही गतिहीन (सिडेंटरी) हो चुका है। कंप्यूटर स्क्रीन के सामने घंटों एक ही मुद्रा में बैठे रहने से आज की युवा और कामकाजी आबादी साइलेंट किलर बीमारियों की गिरफ्त में है। ऐसे में केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित वाई-ब्रेक (योग ब्रेक) प्रोटोकॉल कामकाजी परिवेश में एक क्रांतिकारी संजीवनी बनकर उभरा है। मात्र 5 मिनट का यह सूक्ष्म अभ्यास न केवल हमारे रक्त परिसंचरण (ब्लड सकुर्लेशन) को सुचारू बनाए रखने का सबसे सटीक उपाय है, बल्कि यह आयुर्वेद, योग और मर्म विज्ञान के त्रिवेणी संगम पर आधारित एक संपूर्ण चिकित्सा पद्धति है।

आयुर्वेद, योग और मर्म उद्दीपन का अद्भुत समन्वय: वाई-ब्रेक की महत्ता को समझने के लिए हमें इसके पीछे छिपे त्रि-आयामी विज्ञान को समझना होगा।

आयुर्वेद का त्रिदोष संतुलन: लंबे समय तक बैठने से शरीर में 'व्यान वायु' और 'कफ दोष' का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, जिससे नसें जड़ होने लगती हैं। वाई-ब्रेक के सूक्ष्म व्यायाम (जैसे स्कंध संचालन और ताड़ासन) शरीर में स्रोतों (माइक्रो-चैनल्स) को खोलते हैं, जिससे वात-पित्त-कफ संतुलित होते हैं।

योग का प्राणिक प्रवाह: इस 5 मिनट के कैप्सूल में शामिल आसन, नाड़ीशोधन प्राणायाम और भ्रामरी सीधे हमारे प्राणमय कोष को जाग्रत करते हैं। नाड़ीशोधन प्राणायाम हमारे ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम (सहानुभूति और परानुभूति तंत्र) को संतुलित कर मानसिक तनाव को तुरंत शांत करता है।

मर्म उद्दीपन: मानव शरीर में 107 मर्म स्थान होते हैं, जो ऊर्जा के मुख्य केंद्र हैं। जब हम वाई-ब्रेक के दौरान गर्दन, कंधों और रीढ़ को स्ट्रेच या ट्विस्ट करते हैं, तो अंसा, कृकाटिका और मन्या जैसे प्रमुख मर्म बिंदु स्वतः उद्दीप्त (स्टीमुलेट) हो जाते हैं। मर्मों का यह प्राकृतिक उद्दीपन ब्लॉकेज को हटाकर हृदय और मस्तिष्क तक रक्त के प्रवाह को तत्काल तेज कर देता है।

सुचारू रक्त परिसंचरण: दीघार्यु की कुंजीजब हम एक ही जगह बैठे रहते हैं, तो गुरुत्वाकर्षण के कारण रक्त निचले अंगों में जमा होने लगता है और हृदय तक वापस लौटने की उसकी गति धीमी हो जाती है। वाई-ब्रेक की स्ट्रेचिंग क्रियाएं हमारी मांसपेशियों में 'मसल पंप' की तरह काम करती हैं। भ्रामरी प्राणायाम के कंपन से शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड का उत्पादन बढ़ता है, जो धमनियों को फैलाकर रक्तचाप को नियंत्रित करता है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करता है।

गैर-संचारी रोगों से बचाव और प्रबंधनविश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, आज अधिकांश मौतें गैर-संचारी यानी जीवनशैली से जुड़े रोगों के कारण हो रही हैं।

वाई-ब्रेक इन गंभीर रोगों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच है-

हृदय रोग: रक्त परिसंचरण में सुधार लाकर यह धमनियों के कड़ेपन (एथेरोस्क्लेरोसिस) को रोकता है और हार्ट अटैक व स्ट्रोक के जोखिम को न्यूनतम करता है।

उच्च रक्तचाप: मानसिक तनाव और कोर्टिसोल हार्मोन के स्तर को कम करके यह रक्तचाप को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित रखने में सहायक है।

टाइप-2 मधुमेह: यद्यपि यह 5 मिनट का है, लेकिन दिन में दो बार इसका नियमित अभ्यास इंसुलिन की संवेदनशीलता को सुधारता है और मेटाबॉलिक सिंड्रोम को रोकता है।

क्रोनिक स्ट्रेस, एंग्जायटी और बर्नआउट: मनोवैज्ञानिक और हीलिंग विज्ञान के दृष्टिकोण से, भ्रामरी और ध्यान हमारे अमिगडाला (मस्तिष्क का तनाव केंद्र) को शांत करते हैं, जिससे न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग के सकारात्मक एंकरिंग जैसे लाभ स्वतः मिलने लगते हैं।

मस्कुलोस्केलेटल विकार: कंप्यूटर पर काम करने वालों में होने वाले सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, लोअर बैक पेन और कार्पल टनल सिंड्रोम के प्रबंधन में यह रामबाण है।निष्कर्षएक हीलर और मनोचिकित्सक के रूप में मेरा मानना है कि शारीरिक व्याधियां अक्सर मानसिक और भावनात्मक असंतुलन (इमोशनल फ्रीक्वेंसी डिस्टर्बेंस) की उपज होती हैं। वाई-ब्रेक केवल एक शारीरिक कसरत नहीं है, बल्कि यह काम के बीच में खुद को री-सेट करने, अपनी भावनात्मक ऊर्जा को संतुलित करने और शरीर के मर्म स्थानों को जाग्रत करने का विज्ञान है।

8 - 12 घंटे की सिटिंग के लिए वाई-ब्रेक का माइग्रेशन प्लानहर 2 से 3 घंटे की निरंतर सिटिंग के बाद, आपको केवल 5 मिनट के लिए अपनी कुर्सी छोड़नी है और आयुष मंत्रालय के वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल के इन 3 मुख्य अभ्यासों को चक्रानुक्रम में करना है।

ताड़ासन व कटि चक्रासन (2 मिनट): कुर्सी से उठकर सीधे खड़े हों। हाथों को ऊपर ले जाकर पूरे शरीर को ऊपर खींचें (ताड़ासन)। इसके बाद हाथों को कमर पर रखकर बाईं और दाईं ओर मुड़ें (कटि चक्रासन)। यह रीढ़ की डीकंप्रेशन को तुरंत दूर करता है।

स्कंध संचालन व ग्रीवा चालन (1.5 मिनट): कंधों को क्लॉकवाइज और एंटी-क्लॉकवाइज घुमाएं। गर्दन को धीरे-धीरे आगे-पीछे और दाएं-बाएं झुकाएं। यह सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और कंधों की जकड़न को रोकता है।

भ्रामरी प्राणायाम (1.5 मिनट): आँखें बंद करके, कानों को अंगूठे से ढकें और गहरी सांस लेकर 'मं' की ध्वनि (भौंरे जैसी गुंजन) निकालें। यह मस्तिष्क में नाइट्रिक ऑक्साइड बढ़ाकर तुरंत रक्त संचार को सुचारू करता है और 12 घंटे के मानसिक तनाव को री-सेट करता है।

यदि हम 21वीं सदी की कॉरपोरेट संस्कृति में खुद को स्वस्थ, ऊर्जावान और रोगों से मुक्त रखना चाहते हैं, तो 'वाई-ब्रेक' को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। 5 मिनट का यह निवेश, जीवनभर की सेहत का सबसे बेहतरीन रिटर्न है।

**- डा० कुलदीप सिंह चौहान (आयुर्वेद पंचकर्म एवं मनोचिकित्सक, पास्टलाईफ स्ट्रेशन हिप्नोसिस, इमोशनल फ्रीक्वेंसी बैलेंसिंग हीलर, न्यूरो लैंग्वेस्टिंग प्रोग्रामिंग एवं इम

बिजली रात में 6.55 रुपये पर खरीदी, दिन में 3.77 प्रति रुपये यूनिट पर बेची

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। प्रदेश में बिजली खरीद और बिक्री की दरों में बड़े अंतर को लेकर उपभोक्ता हितों की चिंता जताई गई है। कम कीमत पर बिजली बेचने और अधिक कीमत पर खरीदने से आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका व्यक्त की गई। इस संबंध में ऊर्जा क्षेत्र के नियमों में बदलाव की मांग करते हुए केंद्र सरकार को पत्र भेजा गया है।

प्रदेश में पावर कार्पोरेशन ने दिन में 3.77 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली बेची है, जबकि उसे रात में अधिक मांग होने पर 6.55 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदनी पड़ी है। ऐसे में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र भेजकर बिजली खरीद के नियमों में बदलाव की मांग की है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अब तक 1619.56 मिलियन यूनिट बिजली खरीद की है। इसकी औसतन मूल्य 6.52 रुपये प्रति यूनिट थी। इसी तरह कार्पोरेशन ने 6060.29 मिलियन यूनिट बिजली पावर एक्सचेंज के जरिए बेची है।

इसका औसत मूल्य 3.77 रुपये प्रति यूनिट था। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग के बिजली खरीद



और बिक्री के नियमों की वजह से उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। अधिक मूल्य पर खरीदी गई बिजली का भार किसी न किसी रूप में उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा।

ऐसे में उन्हें अतिरिक्त भुगतान करना होगा। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को भेजे पत्र में बताया कि जिन नियमों की वजह से उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़े, उसमें तत्काल बदलाव किया जाना चाहिए।

बिजली खरीद व बिक्री की दरें देश में संचालित पावर एक्सचेंज व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही हैं। देश की उत्पादन इकाइयां पावर व एनर्जी एक्सचेंज पर कैसे आपदा में अवसर तलाश कर अपनी बिजली को कालाबाजारी के तहत बेच रही है। इसका खामियाजा उपभोक्ता भुगत रहा है।

परिषद ने कहा कि बिजली की उत्पादन लागत दिन और रात में अलग नहीं होती है। फिर भी पीक आवर्स के नाम पर बिजली के दाम कई गुना बढ़ जाना इस बात का संकेत है कि व्यवस्था में गंभीर खामियां हैं और इसकी आड़ में कालाबाजारी जैसी परिस्थितियां पैदा हो रही हैं। सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से तत्काल एनर्जी एक्सचेंज के नियमों में बदलाव की मांग की है।

सार संक्षेप

ध्रुव कोहली का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन, विद्यालय में खुशी की लहर

खटीमा। राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटिया के प्रतिभाशाली दिव्यांग छात्र ध्रुव कोहली का कक्षा 6 में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। ध्रुव की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, अभिभावकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के मार्गदर्शक शिक्षक लाल सिंह खोलिया एवं रिंकू राना ने ध्रुव कोहली की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद ध्रुव ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी ध्रुव का चयन सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, राजीव नवोदय विद्यालय तथा सुरेंद्र राकेश आवासीय विद्यालय, हरिद्वार में हो चुका है। शिक्षकों ने कहा कि ध्रुव की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय परिवार ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं परिजनों ने भी ध्रुव की सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और उसके निरंतर परिश्रम को दिया है।



ध्रुव कोहली।

एसआईआर में जुटी टीमें आपसी सहयोग से समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करें : तहसीलदार



एसआईआर में आपसी सहयोग से समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने को लेकर वार्ता करते शिक्षक और तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण। -जागरण मोर्चा

खटीमा। एसआईआर कार्य में जुटी टीम के सदस्यों का आपसी तालमेल कम होने से इस कार्य में जुटे कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण ने एक फोन पर मिली शिकायत पर सुपरवाइजर को मौके पर भेज कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये। तहसीलदार सजवाण ने कहा कि बीएलओ अपने सहयोगी शिक्षकों को उनकी क्षमता के अनुसार कार्य करने में सहयोग दें। तहसीलदार ने बूथ स्तर पर मिली शिकायत के आधार पर स्पष्ट किया कि घर-घर फॉर्म बाटकर उन्हें वापस लेने में होने वाली असुविधा से बचने के लिए एक स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर एसआईआर फॉर्म भरालें एक प्रति सुरक्षित कर दूसरी प्रति मतदाता को दे दें। क्योंकि अधिकांश घरों में एस आईआर फॉर्म भरने में मतदाता सक्षम नहीं हो सकते। तहसीलदार सजवाण ने शिकायत वाले स्थान पर सुपरवाइजर को भेजकर उचित कार्रवाई के भी निर्देश दिए। इस कार्य में दो शिक्षक एवं एक बीएलओ के अलावा उनके साथ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी सहयोगी के रूप में हैं। बावजूद इसके कुछ बूथों से टीम के सदस्यों पर अव्यवहारिकता जैसा आरोप लग रहे हैं। उन्होंने एसआईआर में जुटी टीमों को आपस में तालमेल सामंजस स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर कार्य करने वाले कर्मचारियों से तयशुदा समय पर कार्य करने व कार्य समाप्त करने को कहा है।

किसान पथ पर डंपर की टक्कर से दो साढ़ुओं की मौत

लखनऊ। राजधानी के किसान पथ पर गुरुवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो साढ़ुओं की मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद बाइक डंपर में फंसकर करीब दो किलोमीटर तक घिसटती चली गई। पुलिस ने पीछा कर भाग रहे डंपर चालक को बिजनौर थाना क्षेत्र से पकड़ लिया। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना दोपहर करीब 1:30 बजे दरोगा खेड़ा स्थित कानपुर रोड और गहरू अंडरपास के बीच किसान पथ पर हुई। मृतकों की पहचान मोहनलालगंज के हरिकंश गढ़ी निवासी रामसेवक यादव (50) और सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र के नकरहा गांव निवासी उनके साढ़ू रामू यादव (45) के रूप में हुई।

राम मंदिर: दान चोरी विवाद के बीच सीएम योगी का अयोध्या दौरा कल

दूर रखे जाएंगे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार को प्रस्तावित अयोध्या दौरे से पहले राम मंदिर से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर जारी एक प्रशासनिक निर्देश चर्चा का विषय बन गया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुख्यमंत्री के दर्शन-पूजन कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए एक अधिकृत प्रतिनिधि नामित करने का अनुरोध किया गया है।

मुख्यमंत्री का रामलला के दर्शन-पूजन का कार्यक्रम तय है। इसके लिए ट्रस्ट की ओर से किसी प्रतिनिधि का नाम और संपर्क विवरण ड्यूटी मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पूजन और प्रोटोकॉल संबंधी तैयारियों का समन्वय समय से पूरा किया जा सके। प्रशासनिक स्तर पर इसे सामान्य व्यवस्था बताया जा रहा है, लेकिन राम मंदिर दान राशि गड़बड़ी प्रकरण की एसआईटी जांच के बीच इस निर्देश ने कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में सामने आए घटनाक्रमों के बाद शासन और प्रशासन राम मंदिर से जुड़े प्रत्येक पहलू को अत्यंत सतर्कता के साथ देख रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में महासचिव की प्रत्यक्ष भूमिका न होने को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं।

यदि मुख्यमंत्री के राम मंदिर प्रवास के दौरान चंपत राय सार्वजनिक रूप से प्रमुख भूमिका में दिखाई नहीं देते हैं, तो इसे जांच प्रक्रिया के बीच एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाएगा। इससे यह संकेत जा सकता है कि सरकार दानराशि गड़बड़ी प्रकरण की जांच को पूरी गंभीरता से ले रही है और जांच पूरी होने तक किसी भी व्यक्ति के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने की बजाय संस्थागत प्रक्रिया को प्राथमिकता दे रही है। यह संदेश भी जा सकता है कि सरकार मंदिर की आस्था और विवादों को अलग-अलग रखकर देखना चाहती है।

राजधानी में शहीद पथ पर 23 किमी लंबी फोर लेन एलिवेटेड रोड बनेगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। राजधानी में यातायात दबाव कम करने के लिए शहीद पथ के ऊपर लगभग 23 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। परियोजना से एयरपोर्ट से कमता तक सिग्नल मुक्त यात्रा संभव होगी। इससे लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी और शहर की परिवहन व्यवस्था अधिक सुगम बनेगी।

शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए एक बड़ी तैयारी शुरू हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीद पथ के ऊपर करीब 22-23 किलोमीटर लंबी फोर लेन एलिवेटेड रोड बनाने का प्रस्ताव केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजा है। यह परियोजना कानपुर रोड स्थित अमौसी एयरपोर्ट से अयोध्या रोड पर कमता चौराहा तक सिग्नल फ्री सफर सुनिश्चित करेगी। एनएचएआई और एलडीए ने इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर काम तेज कर दिया है। बुधवार को इस प्रोजेक्ट को लेकर सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी और एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार के साथ बैठक भी की। इसके बनने से करीब 10 लाख की आबादी को फायदा होगा सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि शहीद पथ वर्तमान में शहर की लाइफलाइन बना हुआ है। इस पर भविष्य में भी वाहनों का दबाव निरंतर बढ़ता रहेगा, इसके दृष्टिगत एलीवेटेड कॉरिडोर यथाशीघ्र बनवाया जाना अति आवश्यक है। साथ ही इसकी डिजाइन में विशेष ध्यान रखा जाए कि हाईकोर्ट के समीप कमता चौराहे इन्टरसेक्शन पर क्वलॉवर लीफ के माध्यम से ट्रैफिक संचालन का प्राविधान हो क्योंकि इस स्थान पर निरंतर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है।

सीतापुर हाईवे पर भिटौली क्रासिंग के ऊपर निर्मित फ्लाईओवर के लोकार्पण समारोह में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने स्वयं भी चिंता व्यक्त की थी कि शहीद पथ पर प्रायः जाम और दुर्घटनाओं की सूचना प्राप्त होती रहती है और इसके निराकरण हेतु शहीद पथ के ऊपर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाए जाने की आवश्यकता है। इसको देखते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भूतल परिवहन मंत्री से अनुरोध किया गया है कि शहीद पथ की चौड़ाई के विस्तार की आवश्यकता है मगर दोनों ओर सड़क पट्टी (कॉरिडोर) उपलब्ध न होने के कारण इसे चौड़ा किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी के समक्ष उठी आरटीओ एवं रजिस्ट्रार कार्यालय खोलने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




सीएम धामी के समक्ष आरटीओ एवं रजिस्ट्रार कार्यालय खोलने की मांग करते अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अपने गृह क्षेत्र में तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रबुद्ध वर्ग की बैठक में विकसित उत्तराखंड राज्य निर्माण में सहयोग कार्यक्रम के दौरान खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा जनहित से जुड़ी दो प्रमुख मांगे उठाई गई। जिसमें रजिस्ट्रार ऑफिस एवं आरटीओ कार्यालय खटीमा में खोलने की मांग की।

नगर के प्रतिष्ठित होटल में मुख्यमंत्री धामी के समक्ष अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज सिंह राणा ने अपने अन्य पदाधिकारीयों के साथ खटीमा में रजिस्ट्रार कार्यालय व आरटीओ कार्यालय खोलने की मांग की। अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज राणा का कहना था कि नेपाल बॉर्डर के क्षेत्र से लोग उक्त महत्वपूर्ण विभागों के कार्यालय में मिलो दूर सितारगंज और रुद्रपुर जाकर अपना कार्य कराते हैं। यदा-कदा लोगों का कार्य एक दिन में पूरा नहीं होने की स्थिति में दूसरे व तीसरे दिन चक्कर लगते हैं। इन दोनों कार्यालय में आने जाने में अनावश्यक धन व समय बर्बाद होता है। दोनों कार्यालयों के खटीमा में खोले जाने पर लोगों के धन व समय की बर्बादी नहीं होगी। मांग करने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता के.डी. भट्ट, चंचला सिंह एवं राम बच्चन कुशवाहा सम्मिलित थे।

प्रदेश के 27 जिलों में शुक्रवार को भीषण लू का अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में फिलहाल एक हफ्ते तक गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए प्रदेश तराई और दक्षिणी इलाके के 27 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि फिलहाल यूपी में कोई प्रभावी मौसम तंत्र सक्रिय नहीं है। मानसून की दस्तक में देरी से फिलहाल अगले तीन चार दिनों तक तपिश का प्रकोप और लू की परिस्थितियां बने रहने की आशंका है।

बृहस्पतिवार को प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप बना रहा, जबकि कानपुर और हमीरपुर में हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को राहत दी। 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। झांसी में 42.2 डिग्री, प्रयागराज में 41.8 डिग्री और वाराणसी में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आज इन 27 जिलों में है लू का येलो अलर्ट

प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, मेरठ, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आस पास के क्षेत्र।

शिक्षकों से वार्ता किए बिना टीईटी पर शासनादेश लाना होगा धोखा: सुरेश उप्रेती

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा खटीमा की कार्यकारिणी बैठक में सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 22 जून को देहरादून में प्रस्तावित सचिवालय कूच कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में सरकार द्वारा टीईटी संबंधी संभावित शासनादेश तैयार किए जाने की खबरों पर भी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेश उप्रेती ने कहा कि संगठन शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग करता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार टीईटी समस्या का समाधान करना चाहती है तो सेवारत शिक्षकों के लिए वर्ष में कम से कम तीन बार पृथक टीईटी परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। साथ ही वरिष्ठ शिक्षकों को उनकी लंबी सेवा अवधि का लाभ देते हुए प्रति वर्ष दो बोनस अंक प्रदान किए जाने चाहिए। उप्रेती ने कहा कि शिक्षकों को विश्वास में लिए बिना टीईटी संबंधी कोई भी शासनादेश जारी किया जाता है तो संगठन उसका विरोध करेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर टीईटी परीक्षा के बहिष्कार सहित आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि 22 जून के सचिवालय कूच के बाद प्रांतीय एवं जनपदीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। शाखा अध्यक्ष कमान सिंह सामंत ने कहा कि 22 जून को होने वाले सचिवालय कूच में खटीमा क्षेत्र से सैकड़ों शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि 13 जून को शिक्षा मंत्री के साथ संगठन पदाधिकारियों की वार्ता हो चुकी है, जिसमें टीईटी के संबंध में शिक्षक हित में सम्मानजनक समाधान का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षकों से संवाद किए बिना कोई निर्णय लिया गया तो उसका व्यापक विरोध किया जाएगा। बैठक में शाखा मंत्री छविराज सिंह, अरविंद गोस्वामी, जितेंद्र यादव, महेश रौतेला, गौरीशंकर जोशी, भुवन उप्रेती, बब्बी जोशी, रमेश रावत, दिनेश बगोटी, नितिन चौहान, याकूब अली, लक्ष्मण सिंह नेगी, पूरन बिष्ट, राजीव पाठक सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रमाण पत्र के चलते अटकी माध्यमिक शिक्षकों के ट्रांसफर सूची, 21 जून तक बढ़ी तिथि



जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के लिए चल रही तबादला प्रक्रिया प्रमाण पत्र में फंसती दिख रही है। विभाग ने सरप्लस शिक्षकों की सूची 18 जून तक मांगी गई थी। किंतु इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है। इसे देखते हुए इसकी तिथि 21 जून तक बढ़ानी पड़ी है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी डीआईओएस को निर्देश दिया है कि डीआईओएस द्वारा सरप्लस शिक्षकों के तबादले के ऑनलाइन आवेदन भेजे जाने थे। किंतु कई जगह प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य व डीआईओएस इसे आगे नहीं बढ़ा रहे हैं। इसके लिए डेडीकेटेड ई-मेल आईडी भी जारी की गई है।

वहीं शिक्षक संगठनों का कहना है कि तबादले के लिए आवेदन में प्रधानाचार्यों से यह प्रमाण पत्र देने को कहा जा रहा है कि शिक्षक के हटने के बाद वहां का कामकाज नहीं प्रभावित होगा। यही वजह है कि प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य शिक्षकों के आवेदन अग्रसारित करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इस बाध्यता को समाप्त किया जाए।

मांग तहसीलदार को सौपा मांगपत्र शीघ्र कार्रवाई की मांग की

15 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

खटीमा। नगर के पंजाबी कॉलोनी वार्ड संख्या-14 निवासी स्वर्गीय विवेक कुमार की पत्नी राधिका वर्मा ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण को सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर दिए गए आश्वासन के अनुसार अभिलंब कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि विवेक कुमार की मृत्यु से जुड़े मामले में प्रशासन द्वारा आरोपी के 15 दिन के भीतर अवैध निर्माण हटाकर रास्ता खाली करने का नोटिस दिया गया था। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। तहसीलदार ने इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा सरकारी जमीन पर किया गया अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाएगा। इस दौरान तहसील परिसर में अफरा तफरी का माहौल तब बना जब दूसरे पक्ष के एक युवक ने मौके पर पहुंच पीड़ित लोगों को धमकाने का प्रयास किया। जिस पर पीड़ित पक्ष भी आक्रोशित हो उठा। स्थिति को सामान्य बनाने के लिए तहसीलदार को मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। तहसीलदार सजवाण को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि करीब एक माह पूर्व पंजाबी कॉलोनी में सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया था। इसको लेकर हुए विवाद में विवेक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे और बाद में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब 15 दिन के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने तहसील परिसर पर आक्रोश जताया और तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण को ज्ञापन सौंप कर अविलंब कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन व धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

तहसीलदार सजवान ने पीड़ित परिवार को शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकारी जमीन पर बनाया गया अवैध निर्माण नगर पालिका के सहयोग से ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने की मांग को शासन स्तर का बताते हुए शेष अन्य मामलों में उचित कार्य का भरोसा दिलाया। इस दौरान राधिका वर्मा, ललिता देवी, हिमांशु अग्रवाल, सीता देवी, दीनदयाल, लक्ष्मी देवी, इंदिरा देवी, राजेश, सुरभि, कृष्णा, राधा देवी, मनोज, प्रेमा देवी आदि सम्मिलित थे।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 12 नई परियोजनाओं को मिली मंजूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई गति देने के लिए 12 नई निवेश परियोजनाओं को राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एसएलईसी) के समक्ष मंजूरी के लिए भेजने की संस्तुति की गई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश, नवाचार और हरित ऊर्जा आधारित औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दे रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीणा की अध्यक्षता में आयोजित एप्रेजल समिति की बैठक में इन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इनमें सरसों तेल मिल विस्तार, कैटल फीड, मूंगफली प्रसंस्करण, नमकीन एवं कन्फेक्शनरी, कोल्ड स्टोरेज, मल्टीग्रेन फ्लोर और सोलर पावर आधारित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों से जुड़े निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार इन परियोजनाओं से कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की प्रगति की भी समीक्षा की गई। प्रदेश में 31,335 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 26,156 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किया जा चुका है, जो 83.47 प्रतिशत उपलब्धि है।

रामलीला मैदान की दीवार से अतिक्रमण हटाया, दोबारा करने पर प्रशासन ने दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। सरकारी भूमि और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को रामलीला मैदान की दीवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया।

कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हलचल का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। बताया जाता है कि रामलीला मैदान की दीवार के आसपास कुछ लोगों द्वारा अस्थायी निर्माण एवं अन्य प्रकार के अतिक्रमण कर लिए गए थे। जिससे मैदान की सीमा प्रभावित हो रही थी। शिकायतें मिलने के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया और संयुक्त टीम गठित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। टीम ने जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से दीवार के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि और सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और जहां भी अवैध कब्जे पाए जाएंगे, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि रामलीला मैदान नगर की महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्तियों में शामिल है,जहां धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। ऐसे में मैदान की भूमि और उसकी सीमाओं को अतिक्रमण मुक्त रखना आवश्यक है। इस दौरान कई लोग और पुलिस बल भी मौजूद रहा।

पीलीभीत में महिला सुरक्षा को लेकर हिन्दू महासभा ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



महिला सुरक्षा को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपते हिन्दू संगठनों के लोग। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा की महिला टीम ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। हाल ही में 9 वर्षीय बालिका के साथ हुई घटना पर चिंता जताते हुए संगठन ने कोचिंग संस्थानों के सत्यापन, सायंकालीन कक्षाओं की निगरानी, बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर सिविल ड्रेस में पुलिस तैनाती तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में स्पा सेंटर, मसाज पार्लर, जिम, रेस्टोरेंट एवं बंद केबिन युक्त प्रतिष्ठानों की नियमित जांच, सीसीटीवी व्यवस्था और कर्मचारियों के सत्यापन की भी मांग की गई। संगठन ने महिला सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने तथा पुलिस और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय तंत्र विकसित करने का सुझाव दिया। महिला सभा की जिलाध्यक्ष बिन्दू सिंह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी वर्ग विशेष के प्रति वैमनस्य नहीं, बल्कि महिलाओं, बालिकाओं और आम नागरिकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बबीता सक्सेना, जिला महामंत्री कविता वंशवाल, नगर अध्यक्ष गीता मिश्रा, काजल, रेश्मा, लक्ष्मी, पल्लवी गौड़, मधु कश्यप, छाया कश्यप सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार संक्षेप

अनाधिकृत अनुपस्थिति पर 15 पुलिसकर्मी निलंबित

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक ने विभागीय अनुशासन बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए अनधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे 15 पुलिसकर्मियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित कर्मियों में 3 उपनिरीक्षक, 1 मुख्य आरक्षी, 8 आरक्षी, 1 महिला आरक्षी तथा 2 स्वीपर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संबंधित कर्मी बिना अनुमति एवं संतोषजनक कारण के लंबे समय से ड्यूटी से अनुपस्थित थे। सभी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी के प्रति लापरवाही और अनधिकृत अनुपस्थिति किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे मामलों में आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

तमंचा व कारतूस के साथ शातिर आरोपी गिरफ्तार

गजरौला। पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक शातिर आरोपी को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने 17 जून को चेकिंग के दौरान ग्राम जमुनिया बजरिया निवासी नरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश को सरकारी आयुर्वेदिक जंगल के पास ग्राम दियूनी बहादुरगंज के निकट से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अवैध 12 बोर तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना गजरौला में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी दहेज हत्या सहित अन्य मुकदमे दर्ज हैं।

ज़िले में 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना लागू, जलेबी-लस्सी समेत खोया आधारित मिठाइयों को मिली पहचान

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार की 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के तहत जिले से जलेबी, लस्सी तथा संदेश एवं लौंज सहित खोया आधारित मिठाइयों का चयन किया गया है। योजना का उद्देश्य जिले के पारंपरिक व्यंजनों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। योजना के अंतर्गत खाद्य व्यवसाय से जुड़ी इकाइयों को परियोजना लागत के आधार पर अधिकतम 50 लाख रुपये तक की मार्जिन मनी सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही मेले-प्रदर्शनियों में प्रतिभाग, स्टॉल शुल्क, माल ढुलाई और यात्रा व्यय पर भी अनुदान दिया जाएगा। इच्छुक लाभार्थियों की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र पीलीभीत अथवा मोबाइल नंबर 9869863015 पर संपर्क किया जा सकता है।

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



टीईटी को जबरन थोपने के खिलाफ शिक्षकों का डीएम दफ्तर पर प्रदर्शन व ज्ञापन।

पीलीभीत। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर गुरुवार को शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त एवं सेवारत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपने का विरोध किया गया। शिक्षकों का कहना था कि वर्ष 2010 की एनसीटीई अधिसूचना एवं 2011 में उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर यह व्यवस्था लागू करना प्राकृतिक न्याय एवं तत्कालीन नियुक्ति नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से शिक्षा का अधिकार अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, सम्मान और गौरव की रक्षा करने की मांग की। ज्ञापन कार्यक्रम में जिला संरक्षक भद्रपाल गंगवार, जिलाध्यक्ष मुकेश अवस्थी, जिला महामंत्री मुईन खां, कार्यकारी अध्यक्ष विभु मिश्रा, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार, संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा पहुंचे विधायक और डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय



पौधरोपण करते डीएम, विधायक और सिख संगत। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। सिख धर्म के पांचवें गुरु एवं शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी पर्व के अवसर पर गुरूबार को धन्ना साहेब गुरुद्वारा में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और भाजपा विधायक वावूराम पासबान सहित बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और गुरु महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सर्वकल्याण की कामना की। इस अवसर पर गुरु महाराज बाबा श्री बलकार सिंह जी एवं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह जी के साथ गुरुद्वारा परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। बाद में संगत के साथ लंगर में प्रसाद ग्रहण किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का जीवन त्याग, तपस्या, सहनशीलता और मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण है। उनका सर्वोच्च बलिदान समाज को सत्य, धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर बाबा सुखदेव सिंह, प्रधान महेश यादव,रंजीत सिंह,हरदीप सिंह,सुंदर लाल प्रजापति, बलवंत पासवान सहित बड़ी संख्या में संगत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महिला सदस्यों से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक संगठन की महिला सदस्यों के साथ धरना प्रदर्शन करने के दौरान युवक ने साथी की मदद से छेड़छाड़ कर अभद्र व्यवहार किया था। मामले मुकदमा दर्ज किया गया है।

सेहरामऊ क्षेत्र का रहने वाला एक युवक खुद को मीडिया कर्मी बताकर एक संगठन से जुड़ गया था। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि सदस्य बनने के कुछ समय बाद उसका व्यवहार बदल गया और वह महिला सदस्यों के साथ अनुचित टिप्पणियां करने लगा। आरोप है कि वह फोन और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से महिलाओं पर फब्तियां कसता था तथा उन्हें परेशान करता था। इससे संगठन की महिला सदस्यों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई। 15 जून को धरना प्रदर्शन के दौरान युवक अपने साथी की मदद से धरने में पहुंचा और महिला सदस्यों के साथ अभद्रता करने लगा। इसके बाद महिला सदस्यों के साथ अश्लील हरकतें की।

मामला विगडता देख युवक भाग गए। भाकियू कार्यकर्ताओं के मुताबिक युवक के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलने के बाद संगठन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके बावजूद वह संगठन की गतिविधियों में दखल देता रहा। 15 जून को तहसील परिसर में आयोजित भाकियू (भानु) की बैठक के दौरान भी उसके पहुंचने और महिला सदस्यों के साथ छेड़छाड़ का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

व्यापारी नेता व युवा नगराध्यक्ष को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। नगर में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने एक बैठक आयोजित कर प्रांतीय व्यापारी नेता एवं युवा नगराध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में व्यापारियों ने बाजार की सफाई व्यवस्था में सुधार, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, अतिक्रमण की समस्या का समाधान, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। व्यापारियों का कहना था कि इन समस्याओं के कारण व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और ग्राहकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के दौरान व्यापारी नेताओं ने कहा कि नगर के व्यापारियों का स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। प्रांतीय व्यापारी नेता ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। वहीं युवा नगराध्यक्ष ने भी व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि नगर के विकास और व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी, व्यापारी संगठन के पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई होगी और बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिलेगा।

आवास प्लस सर्वे की ग्राम सभाएं 21 जून से, बहकावे में न आने की अपील

पीलीभीत। आवास प्लस सर्वे-2024 के आधार पर तैयार ड्राफ्ट पात्रता सूची के सत्यापन के लिए जिले की 720 ग्राम पंचायतों में 21 जून से 1 जुलाई तक ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि इन बैठकों में लाभार्थियों के विवरणों का परीक्षण और आवश्यक संशोधन किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सूची में नया नाम जोड़ा नहीं जा सकता तथा किसी पात्र व्यक्ति का नाम मनमाने ढंग से हटाया नहीं जा सकता। ग्रामीणों से किसी भी प्रकार के प्रलोभन या बहकावे में न आने की अपील की गई है। धनराशि मांगने या अनियमितता की शिकायत परियोजना निदेशक एवं मुख्य विकास अधिकारी को की जा सकती है।

लापता महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

पूरनपुर। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हजारा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में एक लापता महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर फैलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हजारा थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी शीला देवी 16 जून को अपने घर से लापता हो गई थी। 17 जून को उसके पति बलविंदर ने हजारा थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी दौरान रामनगर क्षेत्र में एक स्थान पर महिला का शव संदिग्ध हालत में पानी में पड़ा मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, शव मिलने के बाद इलाके में दहशत और कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। परिजन मौके पर पहुंचे तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर किसी भी तरह की साजिश या अन्य कारणों की संभावना से इनकार नहीं किया गया था, इसलिए मामले की हर एंगल से जांच की जा रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि महिला की मौत पानी में डूबने से हुई है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बाइक को बचाने के प्रयास में पलटा ई-रिक्शा, आठ मजदूर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। खुटार हाईवे पर हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक को बचाने के प्रयास में मजदूरों से भरा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार आठ मजदूर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

जेठापुर गांव से ई-रिक्शा में सवार मजदूर रोजाना की तरह काम पर जाने के लिए रम्पुरा कोन निकले थे। इसी दौरान हाईवे पर सामने से आ रही एक बाइक अचानक ई-रिक्शा के बेहद करीब आ गई। टक्कर से बचने के लिए चालक ने वाहन को एक ओर मोड़ दिया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद रिक्शा में सवार चंपा देवी,शांति देवी, लीलावती, चंद्रा देवी,ममता देवी सहित आठ लोग सड़क पर गिर पड़े और कई लोगों हाथ, पैर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को वाहन से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई।

घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। बताया जा रहा है कि अधिकांश मजदूरों को सामान्य चोटें आई हैं। जबकि कुछ लोगों को अधिक चोट लगने के कारण अतिरिक्त निगरानी में रखा गया है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर बढ़ते यातायात दबाव और तेज रफ्तार वाहनों पर चिंता जताते हुए सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर छोटे वाहनों और दुपहिया चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना आवश्यक है।

महिला धोखाधड़ी कर बनवाए दो पासपोर्ट, केस दर्ज

पूरनपुर। फर्जी मार्कशीट से हजारा थाना क्षेत्र की मनप्रीत कौर ने पहले जारी पासपोर्ट को छिपाकर दूसरा पासपोर्ट दूसरी जन्मतिथि के आधार पर बनवा लिया। जांच के बाद एसपी के आदेश पर दरोगा ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हजारा थाना में तैनात दरोगा विनोद कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि कबीरगंज के पंजाब फार्म निवासी मनप्रीत कौर ने हाईस्कूल की मार्कशीट के आधार पर 19 जून 2018 को पासपोर्ट बनवाया। मार्कशीट में उसकी जन्मतिथि 10 अप्रैल 1995 अंकित थी। इसके बाद कूटरचित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की मार्कशीट के आधार पर पहले पासपोर्ट को छिपा कर दूसरा पासपोर्ट 17 जुलाई 2023 को बनवा लिया। इस मार्कशीट में जन्मतिथि 31 मई 1999 अंकित है। मामला पकड़े जाने पर सीओ ने जांच कर रिपोर्ट एसपी को भेजी थी। पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

बहन के घर आया युवक युवती को लेकर फरार, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। बहन के घर आया युवक युवती को बहला फुसलाकर माल जेवर सहित ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वताया कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक की घुंघचाई क्षेत्र के गांव में बहन रहती है।जिसके चलते युवक का आना जाना लगा रहता है। 17 जून को वह घर पर नही था। इसी का फायदा उठाकर रुद्रपुर गांव का युवक उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। वह घर वापस आया तो उसकी पुत्री गारब मिली। घर के अंदर रखी अल्मारी में जाकर देखा तो उसमे रखी तीन अंगूठी सोने की, सोने के झाले, सोने के कुंडल व हजारो रुपये की नकदी गायब मिली। तहरीर पर पुलिस ने आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



आसवानी इकाई स्थापना को लेकर लोक सुनवाई सम्पन्न

अमरिया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कटैया पंडेरी में मैसर्स मां शीतला वेंचर्स लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 200 केएलडी क्षमता की ग्रेन आधारित नई आसवानी इकाई तथा 4.5 मेगावाट क्षमता के सह-ऊर्जा उत्पादन संयंत्र की स्थापना के संबंध में लोक सुनवाई आयोजित की गई। लोक सुनवाई में परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उद्योग के कंसल्टेंट डॉ. मनोज गर्ग ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तावित परियोजना, उसकी उत्पादन क्षमता, पर्यावरणीय प्रबंधन तथा क्षेत्र को होने वाले संभावित लाभों की जानकारी दी।

गोमती उद्गम स्थल पर 23 से 26 जून तक होगा ग्रीष्मकालीन गोमती महोत्सव



गोमती महोत्सव की तैयारी की समीक्षा करते डीएम। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में आयोजित बैठक में माधौटांडा स्थित आदि गंगा मां गोमती उद्गम स्थल पर आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन गोमती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि महोत्सव 23 से 26 जून 2026 तक आयोजित होगा। इस दौरान कृष्ण लीला, रंगमंचीय कार्यक्रम, पूजन, भोजन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विद्युत, पेयजल, टेंट, साउंड, मेडिकल कैम्प और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हादसे में घायल युवकों पुलिस ने अस्पताल भेजा

पूरनपुर। माला जंगल क्षेत्र में सड़क हादसा हो गया। जिसमें वाहन के अनियंत्रित होने से कई युवक घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब युवक किसी कार्य से जा रहे थे, तभी अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों की टीम लगातार घायलों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अचानक हुआ और वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा।

खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी



गोष्ठी में मौजूद बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में खरीफ उत्पादकता गोष्ठी, तिलहन मेला एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 600 किसानों ने भाग लिया। बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर कृषि एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

चाइनीज मांझे पर सख्ती: बरेली परिक्षेत्र में जानलेवा डोरी के खिलाफ डीआईजी ने दिए कड़े निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी ने सिंथेटिक/चाइनीज मांझे (सीसा लेपित नायलॉन पतंग डोरी) से हो रही जानलेवा घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए परिक्षेत्र के चारों जनपदों—बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर—के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।निर्देशों के तहत चाइनीज/सिंथेटिक मांझे के भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा गया है। चोरी-छिपे बिक्री करते पाए जाने वाले दुकानदारों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और उनकी दुकान का लाइसेंस रद्द करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।ई-कॉमर्स वेबसाइट्स और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए चाइनीज मांझे की बिक्री या मंगाने वालों पर पुलिस व साइबर सेल की कड़ी निगरानी



भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध, ऑनलाइन बिक्री पर भी कड़ी नजर

रहेगी। ऑनलाइन माध्यमों से जुड़े दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग के मामलों में पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत भी अनिवार्य रूप से मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में दर्ज मुकदमों में न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इस अवैध व्यापार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी चाइनीज मांझे के गंभीर खतरों को देखते हुए पुलिस द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पर्यावरण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने आमजन से अपील की है कि पतंगबाजी के लिए केवल सुरक्षित सूती धागे का ही उपयोग करें और जानलेवा चाइनीज मांझे का पूर्ण बहिष्कार करें। यदि कहीं भी इस प्रतिबंधित मांझे की बिक्री या भंडारण की सूचना मिले, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

सार संक्षेप

ठेका कर्मी ने मृत महिला के कानों से चुराए कुंडल, वारदात सीसीटीवी में कैद



मृत महिला के कानों से कुंडल चुराने वाला आरोपी को पकड़े हुए परिजन।

बदायूं। जिला अस्पताल में संवेदनाएं दम तोड़ चुकी हैं और सुरक्षा भगवान भरोसे है। यहां एक मृत महिला के शव से कुंडल चोरी होने की अमानवीय घटना ने अस्पताल प्रशासन के दावों की कलई खोल दी है। संविदा और ठेका प्रथा के नाम पर बिना बैकग्राउंड वेरिफिकेशन के रखे जा रहे कर्मचारी अब शवों को भी नहीं बख्श रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई इस शर्मनाक वारदात ने साबित कर दिया है कि रक्षक ही भक्षक बन चुके हैं और जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में सोए हैं। गुरुवार को दातागंज निवासी बाबू हसन पत्नी शहाना की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ले गए जहां उसे इमरजेंसी में भर्ती कराया। जिसके बाद चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन रोते-बिलखते शव को घर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच संवेदनहीनता की पराकाष्ठा पार करते हुए अस्पताल के एक ठेका सफाई कर्मी ने शव वाहन में रखवाने के बहाने मृतका के कानों से सोने के कुंडल बेरहमी से खींच लिए। परिजनों को जब आभूषण गायब होने का अहसास हुआ, तो उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा कर दिया। प्रशासन के ढुलमुल रवैए के बीच जब परिजनों ने दबाव बनाकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने की मांग की, तब जाकर इस घिनौने सच का खुलासा हुआ। फुटेज में आरोपी की करतूत साफ दिखने के बाद आक्रोशित परिजनों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस सनसनीखेज मामले ने अस्पताल की आंतरिक सुरक्षा और ठेका कर्मियों की निगरानी प्रणाली पर सीधे चोट की है। जनता के टैक्स से चलने वाले इस सरकारी महकमे में न तो मृतकों के प्रति सम्मान बचा है और न ही जीवितों के लिए सुरक्षा। पुलिस अब कानूनी कार्रवाई का रटा-रटाया राग अलाप रही है, वहीं अस्पताल प्रशासन खुद को बचाने के लिए आंतरिक जांच का ढोंग रचने में जुट गया है।

दातागंज पुलिस ने 15 गुमशुदा मोबाइल खोजकर मालिकों को लौटाए



खोए हुए मोबाइल पाकर खुशी जताते लोग। –जागरण मोर्चा

बदायूं। थाना दातागंज पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा हुए 15 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दातागंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दातागंज के नेतृत्व में सीईआईआर (CEIR) पोर्टल के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीते लगभग 50 दिनों के दौरान थाना दातागंज पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से 15 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। गुरुवार को क्षेत्राधिकारी दातागंज एवं प्रभारी निरीक्षक द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं को बुलाकर उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए गए। मोबाइल प्राप्त करने वालों में वेदप्रकाश, विष्णु कुमार, रवेन्द्र सिंह, अमित कुमार, अरविंद, मयंक कुमार, सूरजपाल, दीपक कुमार, रजत कुमार, रफीक अहमद, जगदीश कुमार, सुनील कुमार, राकेश कुमार, सतीश एवं वीरेन्द्र शामिल रहे।

जहरीला पदार्थ खाकर विवाहिता ने जान दी, दहेज मांगने का आरोप

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव मानकपुर की घटना, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। उझानी कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज में 50 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।



मृतका स्वाति के परिजन। –जागरण मोर्चा



मृतका स्वाति। –जागरण मोर्चा

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव मानकपुर निवासी मेवाराम ने अपनी पुत्री स्वाति (22) की शादी एक साल पहले बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव गुधनी खौंसारा निवासी विकास के साथ की थी। शादी के बाद से विकास एव उसके परिवार वालों ने दहेज में 50 हजार रुपये की मांग शुरु कर दी। स्वाति के पिता ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने बेटी के ससुराल वालों को 50 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद वह लोग दोबारा 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। जिसको लेकर ससुराल वाले बेटी को परेशान करने लगे। मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर स्वाति दो माह पहले अपने मायके आ गई। इसके बाद उसका पति बुलाने नहीं आया। पिता का कहना है कि बेटी का पति अक्सर फोन पर कहता था कि जब तक 50 हजार रुपये की मांग पूरी नहीं होगी,तब तक वह उसे लेने नहीं आएगा। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। जिससे क्षुब्ध होकर स्वाति ने बुधवार सुबह घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में परिजन उसे निजी डॉक्टर के पास ले गए। शाम को हालत में सुधार होने पर परिजन उसे घर ले आए,जहां रात 12 बजे उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह से बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

- **दोपहर 12 बजे जिले के बीएसए कार्यालय पर एकत्रित हुए जिले भर शिक्षक**
- **शिक्षकों ने दोपहर दो बजे बीएसए कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च**

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। टीईटी अनिवार्यता के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर जिले में जोरदार प्रदर्शन हुआ। प्राथमिक संवर्ग के बैनर तले शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुमित कुमार को सौंपा। सैकड़ों शिक्षकों ने वर्षों से सेवा दे रहे कर्मियों की सेवा सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की।

गुरुवार को दोपहर 12 बजे बीएसए कार्यालय पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले टीईटी के अनिवार्यता के विरोध में जमकर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पहुंचकर शिक्षकों ने प्रदर्शन के दौरान जिला संयोजक दुष्यंत कुमार रघुवंशी ने कहा कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की भर्तियां तत्कालीन नियमों और योग्यता के आधार पर वैध रूप से हुई थीं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले के शिक्षकों पर नए मानक थोपना अनुचित है। सरकार को इन अनुभवी शिक्षकों के हित में उचित समाधान निकालना चाहिए। जिला सह संयोजक प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि देशव्यापी आंदोलन के तहत विभिन्न जनपदों में यह ज्ञापन सौंपा गया है।

कोर्ट के आदेश से लाखों शिक्षकों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है, इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को न्यायोचित निर्णय लेना चाहिए। जिला सह संयोजिका सोनी गुप्ता ने इसे आंदोलन का पहला चरण बताते हुए आगे भी संघर्ष जारी रखने की बात कही। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि 23 अगस्त 2010 और उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत देने के लिए नीतिगत कदम उठाए जाएं। इस मौके पर अंकुर कुमार, धीरज शर्मा, लखेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, कर्मेंद्र यादव, मुकेश कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक और ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने संभल का शातिर चोर नकदी के साथ दबोचा

फैजगंज बेहटा पुलिस की कार्रवाई, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर (बदायूं)। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने चोरी की एक वारदात का सफल खुलासा करते हुए संभल जनपद के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार ग्राम खेड़ादास निवासी नीरज सिंह ने 8 जून 2026 को अपने घर से नकदी चोरी होने की रिपोर्ट थाना फैजगंज बेहटा में दर्ज कराई थी। इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 127/2026, धारा 305 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

के खुलासे के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी से संबंधित 5,100 रुपये नकद बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मेन्द्र पुत्र सरवन, निवासी ग्राम बैरीखेड़ा थाना बनियाठेर, जनपद संभल, उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता के चलते अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अपराध नियंत्रण पर सख्ती एसएसपी ने दी कड़ी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने गुरुवार को पुलिस लाइन्स सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जनपद में घटित प्रमुख अपराधों, लंबित विवेचनाओं, महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

एसएसपी ने अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थानों पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठक में लुटेरों, चोरों और पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी, हिस्ट्रीशीटरों, टॉप-10 अपराधियों और इनामी बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा अपहताओं की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने को कहा गया। एसएसपी ने मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शस्त्र निर्माण एवं संग्रहण पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों की अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर जब्तीकरण की कार्रवाई करने पर जोर दिया।

ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कादरचौक थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक



राजीव का फाइल फोटो।

अपने खेत पर धान की बेड़ डालने जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

हादसा कादरचौक थाना क्षेत्र में गांव चतुरी नगला के पास बुधवार शाम 4 बजे हुआ। थाना क्षेत्र के गांव ककोड़ा निवासी राजीव (30) पुत्र मेवाराम अपनी बाइक से खेत पर धान की बेड़ डालने जा रहा था। तभी रास्ते में ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें राजीव गंभीर रुप से घायल हो गया।

आनन-फानन में परिजन उसे राजकीय मेडीकल कालेज लेकर पहुंचे,जहां देररात 12 बजे युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया। युवक के पिता ने बताया कि युवक के एक बेटी चुन्नू (4) व एक बेटा तोषिक (2) है। वह परिवार में इकलौता था। वह हार्डवेयर की दुकान चलाता था। साथ ही खेतीबाड़ी देखता था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। एसओ विक्रम सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक राजीव के गमजदा परिजन। –जागरण मोर्चा

- **कादरचौक थाना क्षेत्र में चतुरी नगला गांव पर हुआ हादसा**
- **परिवार के इकलौते चिराग की मौत से घर में कोहराम**

प्रेम में रोड़ा बन रहे अर्जुन मौर्य हत्याकांड के मुख्य आरोपी अर्पित मुठभेड़ में गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। डीजे संचालक और राष्ट्रीय हिंदू महासभा (भारत) से जुड़े अर्जुन मौर्य हत्याकांड में पुलिस को अहम कामयाबी मिली है। बारादरी थाना पुलिस ने गुरुवार तड़के हुई मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी अर्पित को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। हालांकि उसका साथी कुश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

एएसपी शिवम आशुतोष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अर्जुन हत्याकांड के आरोपी अर्पित और कुश बाइक से फरार होने की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों का पीछा शुरू किया। हरूनगला मोड़ के पास घेराबंदी होते ही आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अर्पित के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में अर्पित ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। अर्जुन मौर्य की हत्या प्रेम प्रसंग से जुड़ी रंजिश के कारण की गई। पुलिस के मुताबिक अर्जुन कथित तौर पर एक रिश्ते में बाधा बन रहा था, जिससे विवाद बढ़ा और हत्या की साजिश रची गई। बताया गया कि वारदात के दौरान अर्पित ने ही अर्जुन के माथे में गोली मारकर उसकी हत्या की।

गौरतलब है कि सोमवार रात करीब 11 बजे संजयनगर इलाके में 20 वर्षीय अर्जुन मौर्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अर्जुन दिन में पेंटर का काम करता था और रात में डीजे संचालन से जुड़ा हुआ था। वह राष्ट्रीय हिंदू महासभा (भारत) के जिला सचिव राकेश मौर्य का बेटा था। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर अर्पित, कुश समेत तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब फरार आरोपी कुश की तलाश में जुट गई है।

खाकी की नई पहचान हर मंगलवार गूंजेंगे भजन, पुलिस-जनता का अनोखा संगम

थानेदार ने थाने को बनाया आस्था और जनविश्वास का केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस की पारंपरिक छवि जहां सख्त कार्रवाई और कानून-व्यवस्था तक सीमित मानी जाती है, वहीं बदायूं जिले के थाना फैजगंज बेहटा में एक नई पहल ने इस धारणा को सकारात्मक दिशा दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार ने पुलिसिंग को सामाजिक और आध्यात्मिक जुड़ाव से जोड़ते हुए एक अनूठी शुरुआत की है।

मंगलवार रात थाना परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों के साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि गूंजती रही, जिससे माहौल आध्यात्मिक और सौहार्दपूर्ण बन गया। यह पहल कम्युनिटी पुलिसिंग का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है।



भजन कीर्तन में मौजूद लोग व पुलिसकर्मी। –जागरण मोर्चा

थाना प्रभारी सुभाष कुमार ने घोषणा की है कि अब प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उनका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास और संवाद को मजबूत करना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहली बार किसी थाने में इस तरह का सकारात्मक माहौल देखा है।

कार्यक्रम में कांस्टेबल हरिकेश कुमार, रोहित भड़ाना, दुष्यंत, सत्य प्रकाश और चौकी आसफपुर से श्यामवीर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी ने भी आयोजन को विशेष बना दिया। वहीं, कस्बे के सम्मानित नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में विश्वास बढ़ाने वाला कदम बताया। यह पहल अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का मानना है कि इस तरह के प्रयास पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम करने में सहायक होंगे और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाएंगे।

न्यायालय में विचाराधीन भवन का मामला, नगर पालिका बाबू ने गिराने का दे दिया नोटिस, निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। नगर पालिका बदायूं के बिल्डिंग लिपिक का मामला सामने आया है। जिसमें भ्रष्टाचार से लेकर मनमानी और नियम विरूद्ध काम का दोष पाया गया है। इस मामले में शिकायत की गई। जांच की गई और लिपिक दोषी पाये गये। लिपिकि को चेयरमैन ने निलंबित कर दिया है। लिपिकि ने न्यायालय में विचाराधीन विवादित भवन व संपत्ति को गिराने का आदेश दे दिया।

गुरुवार को बदायूं नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा और ईओ विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने नगर पालिका के बिल्डिंग लिपिक नारायण दत्त शर्मा उर्फ बिक्की को निलंबन पत्र जारी किया है। जिसमें कहा है कि आपके द्वारा अहसान उद्धीन पुत्र इफ्तिखार उद्धीन निवासी फरशोरी टोला के पांच जून को दिये गये प्रार्थना पत्र के क्रम में मोहल्ला वेदौटोला स्थित पुराने व जर्जर भवन को गिराये जाने को वैधानिक नोटिस आठ जून को जारी किया। जबकि संज्ञान में



लिपिक नारायण दत्त शर्मा।

आया है कि संपत्ति के संबध में न्यायालय सिविल जज, जूनियर डिविजन के यहां विचाराधीन है। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे आयुक्त बक्फ बदायूं के कार्यालय से चार जून के तहत संपत्ति के मामले में न्यायालय के अंतिम निर्णय आने तथा भवन के बक्फ होने अथवा न होने संबधी अभिलेखीय जांच पूर्ण होने तक यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश पारित किये गये हैं। लिपिक नारायण दत्त शर्मा के द्वारा उक्त तथ्यों को छुपाते हुए नोटिस जारी कराया गया है। वास्तविक तथ्यों को छुपाने, व पालिका प्रशासन को गुमराह कर अनुचित नोटिस जारी कराने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

फुटबॉल वर्ल्डकप में मेसी ने रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा

मेसी की हैट्रिक से अर्जेंटीना जीता

सैन फ्रांसिस्को



अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने बुधवार को फुटबॉल वर्ल्ड कप में पुर्तगाल के क्रिश्चियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अल्जीरिया के खिलाफ उन्होंने 3 गोल मारे। अब वे फुटबॉल वर्ल्ड कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज प्लेयर बन गए है। यह वर्ल्ड कप में मेसी की पहली हैट्रिक भी है। रोनाल्डो ने 2018 वर्ल्डकप में 33 साल की उम्र में रूस के खिलाफ हैट्रिक गोल किए थे। अब मेसी ने 38 साल की उम्र में ऐसा करके रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने 2006 में 17 जून को ही फीफा वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच खेला था। 38 साल के मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ 17वें, 60वें और 76वें मिनट में गोल दागे। वे 78 मिनट के बाद मैदान से बाहर चले गए। अर्जेंटीना ने ग्रुप-जे के मुकाबले में अल्जीरिया को 3-0 से हराया।

फ्रांस ने जीत से की शुरुआत

फ्रांस ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज जीत के साथ किया। फ्रांस ने एकतरफा मुकाबले में सेनेगल को 3-1 से मात दी। टीम की इस जीत के हीरो काइलियन एमबाप्पे रहे, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच में दो गोल दागे। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले हाफ में किसी भी टीम को गोल करने में सफलता हाथ नहीं लग सकी। पहला हाफ गोलरहित रहा।दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से आक्रामक खेल देखने को मिला। फ्रांस को मैच के 66वें मिनट में आखिरकार सफलता मिली।

नॉर्वे की जीत में हालैंड रहे हीरो

नॉर्वे ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है। बोस्टन स्टेडियम में ग्रुप आई के मुकाबले में नॉर्वे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इराक को 4-1 से हराया। नॉर्वे की तरफ से फीफा विश्व कप में अपना डेब्यू कर रहे एर्लिंग हालैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए जबकि लियो ओस्टिगार्ड ने भी एक गोल दागा। 14वें मिनट में गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की शुरुआत किए गए मूव पर डेविड मोलर वोल्फ ने बाएं छोर से शानदार क्रॉस दिया जिसे हालैंड ने गोल में बदलकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिला दी। इस मैच में 35 साल और 279 दिन की उम्र में नाइलैंड नॉर्वे के लिए विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए।

ऑस्ट्रिया की वर्ल्ड कप में 36 साल बाद पहली जीत



सैन फ्रांसिस्को में खेले गए ग्रुप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रिया ने जॉर्डन को 3-1 से हरा दिया। यह उसकी फीफा वर्ल्ड कप में 1990 के बाद पहली जीत है। उसने आखिरी बार 19 जून 1990 को अमेरिका को 2-1 से हराया था। ऑस्ट्रिया ने 1998 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है। जॉर्डन अपना पहला वर्ल्ड कप खेल रहा है। ऑस्ट्रियाई टीम के लिए रोमानो श्मिड ने 21वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद जॉर्डन के अली ओलवान ने 50वें मिनट में गोल कर मैच 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, 76वें मिनट में जॉर्डन के ही याजान अल अरब के ओन-गोल (आत्मघाती गोल) और मैच के आखिरी पलों (90+12वें मिनट) में मार्को अरनौटोविच द्वारा पेनल्टी पर किए गए गोल की बदौलत ऑस्ट्रिया ने मैच अपने नाम कर लिया।

इराक की वापसी गई बेकार

इराक ने भी मैच में जल्द ही वापसी की और दस मिनट बाद ही इस टूर्नामेंट का अपना पहला गोल दागा। टीम के अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी आयमन हुसैन विश्व कप में गोल करने वाले महज दूसरे इराकी खिलाड़ी बने। आमिर अल-अम्मारी के बेहतरीन क्रॉस पर शानदार हेडर मारते हुए आयमन ने गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाया। हालांकि हाफ टाइम से पहले हालैंड ने फिर कमाल दिखाया। इराकी डिफेंडर जैद तहसीन और गोलकीपर जलाल हसन के बीच हुई गड़बड़ी का फायदा उठाकर हालैंड ने मैच में अपना दूसरा गोल किया और नॉर्वे को 2-1 की बढ़त दिला दी।



भारत की महिला टी-20 वर्ल्डकप में लगातार दूसरी विजय, नीदरलैंड को 95 रन से हराया

मंधाना और शेफाली ने लगाई फिफ्टी, श्री चरणी को 4 विकेट

लीड्स

भारत ने महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने दूसरे मुकाबले में एकतरफा जीत हासिल की है। टीम इंडिया के सामने नीदरलैंड की चुनौती थी। लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर ग्रुप ए के इस मुकाबले पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 209 रन बनाए। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत का सबसे बड़ा स्कोर भी है। नीदरलैंड की टीम सिर्फ 114 रनों पर ऑलआउट हो गई और भारत ने मैच को 95 रनों से जीत लिया। इस जीत से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर ग्रुप ए में टॉप पर पहुंच गई है। नीदरलैंड की कप्तान बेबेट डी लीडे ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी ने 70 गेंदों में 115 रन की साझेदारी की। शेफाली 38 गेंदों में 55 रन बनाकर आउट हुईं। उनकी इस पारी में 10 चौके शामिल रहे। भारत को 16वें ओवर की अंतिम गेंद पर स्मृति मंधाना के रूप में दूसरा झटका लगा। मंधाना 47 गेंदों में 1 छक्के और 11 चौकों के साथ 74 रन बनाकर आउट हुईं।जेमिमा 13 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुईं।



1 रन बनाने में नीदरलैंड के 5 विकेट गिरे

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की टीम 17.3 ओवरों में 114 रन पर सिमट गई। हीथर 16 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुई, जिसके बाद कप्तान बैबेट डी लीडे ने छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। इस टीम को 96 के स्कोर पर कप्तान के रूप में चौथा झटका लगा। बैबेट 27 गेंदों में 28 रन बनाकर लौटीं, जिसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया और टीम 114 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।16वें ओवर के बाद टीम का स्कोर 5 विकेट पर 113 रन था। अगले 9 गेंदों में एक रन बनाकर नीदरलैंड के आखिरी 5 विकेट गिर गए।

युवराज सिंह हाउस की दो मैचों में धमाकेदार विजय

भोपाल



मयंक चतुर्वेदी इंटर हाउस सीनियर ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता के दो लीग मुकाबले खेले गए।युवराज सिंह हाउस ने दो मुकाबलों में लगातार धमाकेदार जीत दर्ज की। पहले मैच में विराट कोहली हाउस को 54 रन से हराया ,जबकि दूसरे मैच में युवराज सिंह हाउस ने सचिन तेंदुलकर हाउस पर 99 रन की बड़ी जीत दर्ज की। पहला मैच में टॉस के जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए युवराज सिंह हाउस की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 157 रन बनाए। कप्तान अक्षत कुमार सिंह ने सर्वाधिक 46 , अन्य जैन ने 39 रनों का योगदान दिया। विराट कोहली हाउस की ओर से अक्षत सोलंकी , निश्चय सिकरवार , शिवांश शर्मा क्रमशः1-1 विकेट प्राप्त किया।

समर्पण

रोहिणी ने ट्रायल जीतकर अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप में जगह पक्की की

वजन बना मुसीबत, तो काट दिए सिर के बाल

नई दिल्ली



पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का सिर्फ 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से जो दिल टूटा था, उसकी टीस आज भी हर खेल प्रेमी के मन में है। विनेश तो ओलंपिक मेडल से चूक गईं, लेकिन वैसी ही एक अग्निपरीक्षा से गुजरते हुए महाराष्ट्र की 16 साल की युवा पहलवान रोहिणी खानू देवबा ने इतिहास रच दिया है।

वजन संतुलित करने के लिए रोहिणी ने महज कुछ ही मिनटों में अपने सिर के बाल कटवा दिए और न सिर्फ वजन कम किया, बल्कि ट्रायल जीतकर अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। सोनीपत में अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल चल रहे थे। यह चैंपियनशिप 27 जुलाई से 2 अगस्त तक बाकू, अजरबैजान में होने वाली है। रोहिणी ने 36किलोग्राम से 40 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेने रजिस्ट्रेशन कराया था।

कोच संदीप पाटिल ने काटे बाल

साल 2021 से रोहिणी को उनके एनआईएस रेसलिंग सेंटर में ट्रेनिंग दे रहे कोच संदीप पाटिल ने इस भावुक पल को याद करते हुए बताया, वह सिर्फ 100 ग्राम वजन की वजह से इतने बड़े मौके को हाथ से नहीं जाने देना चाहती थी। उसने तुरंत फैसला किया और हमने उसके बाल काट दिए। बाल काटने के बाद रोहिणी ने न सिर्फ अपना वजन बराबर किया, बल्कि मैदान पर उतरकर अपने हुनर का जलवा बिखेरा।

चरवाहे की बेटी हैं रोहिणी

रोहिणी कोल्हापुर जिले के पट्टन कोडोली गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता खानू देवबा धनगर समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और भेड़-बकरियां चराकर अपने परिवार का पेट पालते हैं। वे अक्सर महीनों तक अपने मवेशियों के साथ एक गांव से दूसरे गांव भटकते रहते हैं। रोहिणी अंडर-15 एशियन चैंपियनशिप में साल 2024 में गोल्ड मेडल और 2025 में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।

श्रीलंकाई खिलाड़ियों से वैभव की लड़ाई पर बीसीसीआई ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। भारत ए और श्रीलंका ए के बीच हाल ही में खेले गए मुकाबले में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंकाई खिलाड़ी के बीच हुई ऑन-फील्ड बहस लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिनमें बीसीसीआई द्वारा कार्रवाई किए जाने की बातें भी शामिल हैं। हालांकि, अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। देवजीत सैकिया ने साफ शब्दों में कहा कि मैदान पर होने वाली घटनाओं को लेकर फैसला लेने का अधिकार मैच रेफरी और अंपायरों का होता है। ऐसे मामलों में बीसीसीआई का कोई रोल नहीं है। सैकिया ने कहा, 'सोशल मीडिया पर बहुत सी बातें चल रही हैं, जिनमें यह अटकल भी शामिल है कि बीसीसीआई कोई कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है, लेकिन क्या आप चाहते हैं कि बीसीसीआई मैच रेफरी के अधिकार क्षेत्र में दखल दे?' बीसीसीआई सचिव ने कहा कि बोर्ड ऐसे मामलों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगा, क्योंकि इससे गलत परंपरा शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई ऐसे मामलों में निर्णय लेने वाला प्राधिकरण नहीं है। हमें उस क्षेत्र में दखल नहीं देना चाहिए, जहां मैच रेफरी और अंपायर मैदान पर होने वाली घटनाओं पर फैसला लेने के लिए अधिकृत अधिकारी हैं।

अनमोल, रक्षिता और श्रियांशी मकाऊ ओपन के अगले दौर में पहुंचे

नई दिल्ली



अनमोल खराब ने महिला एकल में सीधे गेम में जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की जिससे तीन भारतीय महिला खिलाड़ी बुधवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं।

पिछले महीने डेनमार्क चैलेंज के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली आठवीं वरीयता प्राप्त अनमोल ने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इंडोनेशिया की मुतियारा आयु पुस्पितासारी को महज 42 मिनट में 21-13, 21-16 से हराकर अंतिम 16 राउंड में अपनी जगह पक्की की।दुनिया की 51वें नंबर की 19 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का सामना अब मलयेशिया की गोह जिन वेई से होगा। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी रक्षिता श्री रामराज ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए मलयेशिया की किसोना सेल्वादुरय को 46 मिनट में 21-16, 24-22 से शिकस्त दी और अब प्री क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की किम मिन सन से होगा। श्रियांशी वालिसेट्टी ने हमवतन तस्नीम मीर के खिलाफ 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-18, 19-21, 21-15 से जीत दर्ज की।

रौनक चौहान ने की वापसी

पुरुष एकल में रौनक चौहान ने एक गेम हारने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपे के वू झे यिंग को एक घंटे पांच मिनट में 18-21, 21-15, 21-19 से शिकस्त दी। हालांकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम चीनी ताइपे के हुआंग पिंग-हिसयन से एक घंटे चार मिनट में 21-11, 18-21, 16-21 से हार गए। मिश्रित युगल में ईशान भटनागर और श्रुति मिश्रा ने जर्मनी के केल्विन डेवेरेक्स और डेसिरी टोप्फर को 16 मिनट में 21-4, 21-6 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को हराया

चटगांव

स्पिनर एडम जम्पा और जोएल डेविस ने तीन तीन विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को तीन मैच की टी20 सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को चार विकेट से शिकस्त दी। लेग स्पिनर निखिल चौधरी ने भी एक विकेट लिया जो 60 साल में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत में जन्मे पहले पुरुष क्रिकेटर हैं। स्पिनरों के इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 19 ओवर में 131 रन पर ऑल आउट कर दिया।

निखिल, दीपक और स्नेह अगले दौर में

नई दिल्ली

चीन के गुइयांग शहर स्थित गुइयांग ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे बॉक्सिंग वर्ल्ड कप (स्टेज 2) में भारतीय मुक्केबाजों ने तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया। भारत के निखिल, दीपक और स्नेह ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में जगह बना ली। पुरुषों की 55 किलोग्राम कैटेगरी में निखिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्राजील के केल्वी ट्रिडाडे को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। वहीं 70 किलोग्राम वर्ग में दीपक ने जापान के वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट सेवोन ओकाजावा को भी 5-0 से मात देकर बड़ा उलटफेर किया। महिला वर्ग की 65 किलोग्राम कैटेगरी में स्नेह ने दक्षिण कोरिया की सियोन सुजिन के खिलाफ कड़ा मुकाबला खेलते हुए 4-1 से जीत दर्ज की और अगले दौर में प्रवेश किया।





जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।